एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

अमृत विचार

| कानपुर नगर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख शुक्ल पक्ष द्वितीया 10:49 उपरांत तृतीया विक्रम संवत 2083

रविवार, 19 अप्रैल 2026, वर्ष 4, अंक 238, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 5 रुपये

■ ममता को सत्ता से हटाएं वरना हमसे बंगाल छीन लेंगे बांग्लादेशी मुसलमान : हेमंत - 12

■ तृणमूल के अलावा किसी भी अन्य पार्टी को वोट देना भाजपा को वोट देने के बराबर: अभिषेक - 12

■ तेल और गैस की खोज को डेटा आधारित करने की दिशा में बढ़ा भारत: पुरी - 12

■ आखिरी ओवर में डेविड मिलर के तूफान से आरसीबी की उम्मीदों पर फिरा पानी - 14

नोएडा हिंसा का मुख्य साजिशकर्ता त्रिच्चुरापल्ली स्टेशन से गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

● लगातार बदल रहा था ठिकाना एक लाख का था इनाम

अमृत विचार: नोएडा में श्रमिक आंदोलन में हिंसक घटनाओं का मुख्या साजिशकर्ताओं में शामिल आदित्य आनंद उर्फ रस्टी को तामिलनाडु के त्रिच्चुरापल्ली रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया। नोएडा पुलिस व एसटीएफ की संयुक्त टीम ने शनिवार तड़के कार्रवाई करते हुए दबोचा। आदित्य आनंद पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था। वह हिंसा वाले दिन से ही फरार चल रहा था।

एसटीएफ के एएसपी राजकुमार मिश्रा के मुताबिक आदित्य आनंद उर्फ रस्टी मूलतः बिहार के हाजीपुर के मढैया का रहने वाला है। वह वर्तमान में हरियाणा गुरुग्राम के सरस्वती विहार सेक्टर-28 में रहता था। पुलिस के अनुसार श्रमिकों के धरना-प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा की जांच शुरू की गई। जिसमें सामने आया कि भड़काऊ गतिविधियों और हिंसा को संगठित करने में आदित्य आनंद की मुख्य भूमिका थी। जांच में उसे पूरे घटना का साजिशकर्ता पाया गया। नोएडा के थाना फेज-2 में उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस ने सर्विलांस, लोकेशन ट्रैकिंग की। आरोपी की लोकेशन तमिलनाडु में मिली। इसके बाद विशेष टीम को वहां भेजा गया। तिरुचापल्ली रेलवे स्टेशन पर घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। एसटीएफ के अधिकारी के मुताबिक आदित्य आनंद की गिरफ्तारी के श्रमिक आंदोलन में हुई हिंसा के बारे में पूछताछ की जाएगी। ताकि पूरे नेटवर्क और साजिश का खुलासा हो सकेगा।

विपक्ष ने विधेयक रोककर महिलाओं के सपने कुचले : मोदी

● प्रधानमंत्री बोले- महिलाएं इस पाप के लिए उन्हे कभी माफ नहीं करेंगी, कहा- मैं देश की सभी महिलाओं से क्षमा मांगता हूं

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि विपक्षी दलों ने सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद संसद में महिला आरक्षण (संशोधन) विधेयक को पारित न होने देकर महिलाओं के सपनों को निर्दयतापूर्वक कुचल दिया है। मोदी आरक्षण से संबंधित संशोधन विधेयक के लोकसभा में पारित न होने के एक दिन बाद राष्ट्र को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस, द्रमुक, टीएमसी और सपा जैसे दलों की स्वार्थ भरी राजनीति की कीमत देश की महिलाओं को चुकानी पड़ी है और इन दलों ने विधायी निकायों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के प्रयासों को विफल कर दिया है। मोदी ने कहा, मैं देश की सभी महिलाओं से क्षमा मांगता हूं। उन्होंने कहा, आज भारत का हर नागरिक देख रहा है कि भारत की महिलाओं की प्रगति किस प्रकार रुक गई है। देश की महिलाओं के सपनों को निर्दयतापूर्वक कुचल दिया गया है, और हमारे तमाम प्रयासों के बावजूद हम सफल नहीं हो सके। महिलाओं ने देखा है कि विपक्षी पार्टियां महिला सशक्तीकरण के खिलाफ अपनी स्वार्थ भरी राजनीति का जश्न कैसे मनाती हैं। उन्होंने कहा, महिलाओं के लिए आरक्षण का विरोध करके विपक्ष ने पाप किया है और उसे इसके लिए निश्चित रूप से दंड मिलेगा। विपक्षी दलों ने विधेयक को विफल कर हमारे संविधान का अपमान किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस विधेयक का उद्देश्य किसी से कुछ भी छीने बिना महिलाओं के सशक्तीकरण को बढ़ावा देना था। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद थी कि कांग्रेस अपनी पिछली गलतियों को सुधारेगी, लेकिन उसने नया इतिहास रचने का मौका गंवा दिया। परिवारवाद से ग्रसित पार्टियां महिलाओं को आगे नहीं बढ़ने देना चाहतीं, क्योंकि इससे उनकी स्वार्थी राजनीति का अंत हो सकता है।

एक महिला सबकुछ भूल जाती है, लेकिन अपना अपमान नहीं भूलती

मोदी ने कांग्रेस पर विभाजनकारी राजनीति करने का आरोप भी लगाया और कहा कि कांग्रेस उत्तर-दक्षिण विभाजन के बारे में झूठी बातें फैला रही है। उन्होंने कहा, एक महिला सबकुछ भूल जाती है, लेकिन अपना अपमान नहीं भूलती। कांग्रेस और उसके सहयोगियों द्वारा किया गया यह अपमान हर महिला के दिल में हमेशा रहेगा। मोदी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन समय की आवश्यकता थी और उत्तर, दक्षिण, पूर्व तथा पश्चिम में संतुलित सशक्तीकरण सुनिश्चित करने का एक ईमानदार प्रयास था। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने राष्ट्र निर्माण और देश में सुधार के सभी प्रयासों का हमेशा विरोध किया है।

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, सुनहरे अतीत की परछाई लाल इमली मिल व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

ब्रीफ न्यूज

1.6 करोड़ के डिजिटल अरेस्ट में बैंक अधिकारी व दो अन्य गिरफ्तार

नई दिल्ली। सीबीआई ने 1.6 करोड़ रुपये के डिजिटल अरेस्ट प्रकरण के सिलसिले में इंडसइंड बैंक के एक सहायक प्रबंधक सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। जांच के तहत एजेंसी ने तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के पांच स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। आरोपियों ने एक वरिष्ठ नागरिक को डिजिटल अरेस्ट कर 1.6 करोड़ रुपये हस्तांतरित करने के लिए मजबूर किया। सीबीआई ने पाया कि बैंक अधिकारी ने एक कंपनी के नाम पर फर्जी खाता खोलने में मदद की, जिसके जरिये अपराध से प्राप्त राशि की लेनदेन की गई।

होर्मुज में भारतीय जहाजों पर गोलीबारी

समुद्री मार्ग फिर किया बंद, भारत ने ईरानी राजदूत को तलब कर विरोध दर्ज कराया | अमेरिका पर सीजफायर डील तोड़ने का आरोप, ट्रंप बोले- यूरेनियम हर हाल में लेंगे

नई दिल्ली/काहिरा, एजेंसी

होर्मुज में जारी दोहरी घेराबंदी शनिवार को एक अनिश्चित और खतरनाक स्थिति में पहुंच गई। एक ओर जहां अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों की घेराबंदी करने के अपने अभियान को और तेज कर दिया है, वहीं दूसरी ओर ईरान ने जलमार्ग खोलने के अपने शुरुआती कदम को वापस लेते हुए वहां से गुजरने की कोशिश कर रहे जहाजों पर गोलीबारी कर दी। इनमें दो भारतीय जहाज भी शामिल हैं। जिन्हें गोलीबारी की घटना के बाद वापस लौटना पड़ा।

नई दिल्ली में तैनात ईरानी राजदूत मोहम्मद फताअली को विदेश मंत्रालय ने शनिवार को तलब किया। इस घटना को लेकर राजदूत के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया गया।

इस महत्वपूर्ण सामरिक जलमार्ग को लेकर बनी असमंजस की स्थिति ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रहे ऊर्जा संकट के और गहराने और दोनों देशों को फिर से संघर्ष की ओर धकेलने का खतरा पैदा कर दिया है, जबकि मध्यस्थ इस बात पर विश्वास जता रहे थे कि एक नया समझौता हो सकता है। ईरान की संयुक्त सैन्य कमान ने शनिवार को कहा कि होर्मुज पर नियंत्रण पहले जैसी स्थिति में लौट आया है। सशस्त्र बलों के सख्त प्रबंधन और नियंत्रण में। इसने चेतावनी दी कि जब तक ईरानी बंदरगाहों पर अमेरिकी नाकेबंदी प्रभावी रहेगी, तब तक वह जलडमरूमध्य में आवागमन को अवरुद्ध करना जारी रखेगा।

ब्रिटेन की सेना ने कहा कि आईजीआरएस की दो गनबोट ने होर्मुज से गुजर रहे एक टैंकर पर गोलीबारी की। यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशन सेंटर ने कहा कि टैंकर को कोई नुकसान नहीं हुआ है टैंकर में उपस्थित चालकदल सुरक्षित हैं।

अमेरिका के नए प्रस्तावों की समीक्षा की जा रही : ईरान

दुबई। ईरान ने शनिवार को कहा कि वह अमेरिका की ओर से पेश किए गए नए प्रस्तावों की समीक्षा कर रहा है। ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने कहा कि पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने मध्यस्थ के रूप में कार्य करते हुए हाल में तेहरान की अपनी यात्रा के दौरान ईरान को ये प्रस्ताव प्रस्तुत किए थे, जिनकी समीक्षा की जा रही है। परिषद ने कहा कि ईरान ने अभी तक कोई जवाब नहीं दिया है, लेकिन आगे की बातचीत के लिए अमेरिका को अत्यधिक मांगों को छोड़ना होगा और जमीनी हकीकत के अनुरूप अपने अनुरोधों को समायोजित करना होगा।

इराक से 20 लाख बैरल तेल लेकर निकला था जहाज

ईरान द्वारा शुक्रवार को जलमार्ग खोलने की घोषणा के बाद कई वाणिज्यिक जहाजों ने होर्मुज को पार करने का प्रयास किया। जहाजों की गतिविधियों पर नजर रखने वाले पोर्टल ने बताया कि ईरान के 'रिवोल्यूशनरी गार्ड' की गोलीबारी की खबरों के बाद होर्मुज में दो भारतीय जहाजों को अपना रास्ता बदलना पड़ा। इनमें भारतीय ध्वज वाला एक सुपर टैंकर भी शामिल है जो इराक से 20 लाख बैरल तेल लेकर जा रहा है।

नौसेना शत्रुओं को करारी हार देने को तैयार : मोजतबा

काहिरा। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई ने कहा है कि ईरान की बहादुर नौसेना अपने दुश्मनों को करारी हार देने के लिए तैयार है। ईरानी सेना की स्थापना की वर्षगांठ के मौके पर एक संदेश में, उन्होंने युद्ध के दौरान दुश्मनों को निशाना बनाकर किए गए ईरान के ड्रोन हमलों की सराहना की।

केंद्र सरकार ने महंगाई भत्ता 2% बढ़ाया, यूपी-आंध्र में 601 किमी की रेल लाइन मंजूर

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने शनिवार को केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों का महंगाई भत्ता (डीए) और महंगाई राहत (डीआर) दो प्रतिशत बढ़ाने का फैसला किया। इससे केंद्र सरकार के लगभग 50.46 लाख कर्मचारियों और 68.27 लाख पेंशनभोगियों को लाभ होगा। साथ ही रेल मंत्रालय की लगभग 24,815 करोड़ रुपये की कुल लागत वाली दो परियोजनाओं को मंजूरी दी। इन परियोजनाओं में उत्तर प्रदेश में 403 किलोमीटर लंबी गाजियाबाद-सीतापुर तीसरी और चौथी लाइन और आंध्र प्रदेश में 198 किलोमीटर लंबी राजामुंदरी-विशाखापत्तनम तीसरी और चौथी लाइन शामिल हैं।

मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए निर्णयों के बारे में सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि महंगाई भत्ते और महंगाई राहत, दोनों में वृद्धि के कारण सरकारी खजाने पर कुल 6,791.24 करोड़ रुपये सालाना का बोझ पड़ेगा। मूल वेतन या पेंशन की मौजूदा 58 प्रतिशत की दर पर दो प्रतिशत की यह वृद्धि, महंगाई की भरपाई के लिए है। केंद्र सरकार के कर्मचारियों को डीए और पेंशनभोगियों को डीआर की यह अतिरिक्त किस्त एक जनवरी, 2026 से दी जाएगी।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने लिए कई अहम फैसले

● 50.46 लाख कर्मचारियों और 68.27 लाख पेंशनभोगियों को होगा लाभ

● 24,815 करोड़ रुपये से पूरी की जाएंगी रेलवे की दोनों परियोजनाएं

यह वृद्धि स्वीकृत फॉर्मूले के अनुसार है, जो सातवें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित है। वहीं, उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश राज्यों के 15 जिलों से गुजरने वाली रेल की दो परियोजनाएं भारतीय रेल के मौजूदा नेटवर्क को लगभग 601 किलोमीटर तक बढ़ाएंगी। दोनों परियोजनाओं के लाभों को रेखांकित करते हुए सरकार ने कहा कि ये कोयला, अनाज, सीमेंट, लोहा और इस्पात, कंटेनर, उर्वरक, चीनी, रासायनिक लवण, चूना पत्थर आदि जैसी वस्तुओं के परिवहन के लिए आवश्यक मार्ग हैं। गाजियाबाद-सीतापुर रेलखंड पर इस समय दोहरी लाइन है, जो दिल्ली-गुवाहाटी उच्च घनत्व नेटवर्क का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

(संबंधित कारोबार पेज पर)

भीषण गर्मी दिखाने लगी असर, पारा 45 पार जाने के आसार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● अगले दो-तीन दिन शुष्क मौसम पूर्वी यूपी में लू चलने की चेतावनी

अमृत विचार: प्रदेश में अप्रैल के मध्य में ही भीषण गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया है। प्रदेश के कई जिलों में तापमान 43 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया है। जबकि 16 शहरों में पारा 40 डिग्री या उससे अधिक दर्ज किया गया। शनिवार को बांदा में अधिकतम तापमान 45.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो इस सीजन का सबसे अधिक है। राजधानी लखनऊ, वाराणसी और प्रयागराज समेत करीब 50 शहरों में तेज धूप और लू जैसे हालात बने हुए हैं।

मौसम विभाग ने बताया कि शुष्क पछुआ हवाओं और आंतरिक महाराष्ट्र के आसपास बने प्रति चक्रवात के प्रभाव से प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मौसम शुष्क बना रहेगा। खासकर पूर्वी उत्तर प्रदेश के दक्षिणी भागों में दिन के समय कहीं-कहीं उष्ण लहर (लू) चलने की संभावना है।अगले दो-तीन दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी के आसार हैं। कानपुर, लखनऊ, प्रयागराज, कानपुर, झांसी और बुंदेलखंड क्षेत्र में दिन के समय तेज धूप और गर्म पछुआ हवाओं ने जनजीवन प्रभावित किया। लखनऊ में भी तापमान तेजी से बढ़ रहा है और आगामी तीन दिनों में अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। राजधानी में मौसम शुष्क रहेगा तथा गर्म हवाएं चलने की संभावना है। प्रयागराज में गर्मी और अधिक तीखी रहने के संकेत हैं। सुबह से ही गर्म हवाएं चलने लगी हैं, जिससे लोगों को घर से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है।

स्कूल जाने वाले बच्चे चेहरे ढककर और छाते लेकर निकलते दिखाई दे रहे हैं। मौसम वैज्ञानिक अतुल सिंह ने बताया कि प्रदेश के दक्षिणी भाग में अधिकतम तापमान 45 डिग्री के पार करने के साथ आने वाले दिनों में शुष्क पछुआ हवा चलेगी, लू चलेगी।

भारत को राहत, रूसी तेल खरीद के लिए अमेरिका ने एक महीने की छूट बढ़ाई

वाशिंगटन, एजेंसी

● अमेरिका के वित्त मंत्रालय ने जारी किए आदेश

अमेरिका ने रूस से पेट्रोलियम उत्पादों की खरीद की अनुमति देने वाली छूट की अवधि को एक महीने के लिए बढ़ा दिया है जबकि कुछ दिन पहले ही उसने यह विशेष राहत देने संबंधी कदम को आगे नहीं बढ़ाने की बात कही थी।

अमेरिका ने शुक्रवार देर रात एक आदेश जारी कर रूसी तेल पर लगे प्रतिबंधों से छूट की अवधि को 17 अप्रैल या उससे पहले समुद्र में मौजूद तेल के लिए 16 मई तक बढ़ा दिया है। इससे पहले भारत को पांच मार्च से एक महीने के लिए रूसी तेल खरीदने पर प्रतिबंधों से छूट दी थी। इसके कुछ दिन बाद अन्य देशों को भी छूट दी गई थी जो 11 अप्रैल को समाप्त हो गई। अमेरिका द्वारा जारी सामान्य लाइसेंस ईरान, उत्तर कोरिया, क्यूबा या यूक्रेन के कुछ हिस्सों में स्थित किसी व्यक्ति, संस्था या संयुक्त उद्यम से जुड़े किसी भी लेनदेन को अधिकृत नहीं करता है।

बिना नोटिस राहुल पर एफआईआर का आदेश असंगत

विधि संवाददाता, लखनऊ

दोहरी नागरिकता मामला

● हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने ओपन कोर्ट में सुनाए गए आदेश पर लगाई रोक

हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने कथित दोहरी नागरिकता मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने के ओपन कोर्ट में सुनाए गए अपने आदेश को रोक दिया है। शनिवार को हाईकोर्ट की वेबसाइट पर उपलब्ध आदेश में कोर्ट ने कहा है कि सुनवाई के दौरान याची समेत केंद्र व राज्य सरकार के अधिवक्ताओं से पूछा गया था कि क्या इस मामले में विपक्षी संख्या एक (राहुल गांधी) को नोटिस जारी किए जाने की आवश्यकता है।

आदेश में कहा गया है कि अधिवक्ताओं ने कोर्ट को बताया कि नोटिस जारी किए जाने की कोई आवश्यकता नहीं है, तत्पश्चात ओपन कोर्ट में एफआईआर दर्ज करने का विस्तृत आदेश पारित कर दिया गया। हालांकि उक्त आदेश के टाइप होने और उस पर हस्ताक्षर होने के पूर्व ही न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी ने पाया कि इलाहाबाद हाईकोर्ट की पूर्ण पीठ ने वर्ष 2014 में पारित एक निर्णय में कहा है कि एफआईआर दर्ज किए जाने के मांग वाले प्रार्थना पत्रों के खारिज होने पर पुनरीक्षण याचिका ही पोषणीय है। ऐसी याचिका पर प्रस्तावित अभियुक्त को नोटिस भेजा जाना अनिवार्य है। कोर्ट ने कहा की इस विधिक स्थिति को देखते हुए बिना विपक्षी संख्या एक (राहुल) को नोटिस जारी किए मामले को निर्णित करना उचित नहीं है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 20 अप्रैल की तिथि नियत की है। उल्लेखनीय है कि कर्नाटक निवासी याची एस. विग्नेश शिशिर की याचिका पर न्यायालय ने शुक्रवार को राहुल गांधी के विरुद्ध कथित दोहरी नागरिकता के मामले में एफआईआर दर्ज कर विवेचना का आदेश ओपन कोर्ट में डिक्टेट किया था।

सियासत | बंगाल में गरजे मुख्यमंत्री योगी, टीएमसी पर बोला तीखा हमला, भाजपा प्रत्याशियों के लिए मांगे वोट

पश्चिम बंगाल में भी लव और लैंड जिहाद पर लग जाएगी रोक : योगी

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

अमृत विचार : पश्चिम बंगाल के चुनावी रण में शनिवार को यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जोरदार हुंकार भरी। माथाभांगा और धुपगुड़ी विधानसभा क्षेत्रों में जनसभाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर तीखा हमला बोला और भाजपा प्रत्याशियों के लिए समर्थन मांगा।

मुख्यमंत्री ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस, टीएमसी और अन्य दल महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के पक्ष में नहीं हैं। बांग्लादेशी घुसपैठियों की पैरोकारी का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि इन लोगों ने आधी आबादी को उनका हक देने में बाधा डाली, जो महिलाओं का अपमान है। योगी ने पश्चिम बंगाल की मौजूदा अराजक स्थिति के लिए टीएमसी को दोषी ठहराते हुए ऐलान किया कि ममता बनर्जी सिंहासन खाली करो, बीजेपी आ रही है। योगी ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर यूपी की ही भांति पश्चिम बंगाल में भी लव जिहाद व लैंड जिहाद पर रोक लगा दी जाएगी। सीएम योगी ने कहा कि मानुष टीएमसी की गुंडागर्दी से भयभीत है। साथ ही दावा किया कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा और उद्योग-धंधे ठप हो रहे हैं। किसान पलायन करने को विवश है। टीएमसी के 15 वर्ष के कार्यकाल में सात हजार से अधिक बड़े कारखाने बंद हुए। केंद्र सरकार विकास के लिए जो पैसा देती है, वह जरूरतमंदों तक नहीं पहुंचता। यह पैसा तृणमूल के गुंडे व बांग्लादेशी घुसपैठिए खा जाते हैं। सैंड माफिया, बागान माफिया सभी आपके हक पर डकैती डाल रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बंगाल के पास अब परिवर्तन का अवसर है और भाजपा की सरकार बनने पर विकास को गति मिलेगी। ममता दीदी को तो हिंदुओं व जय श्रीराम के उद्घोष से चिढ़ है।

पश्चिम बंगाल के माथाभांगा जिला कुचबिहार विधान सभा क्षेत्र में चुनावी जनसभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी।

मुख्यमंत्री योगी ने बांग्ला में किया संवाद

जनसभाओं में मतदाताओं से बांग्ला भाषा में संवाद करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आमार सोनार बांग्ला (हमारा सोने जैसा बंगाल), जनता ने जवाब दिया- टीएमसी मुक्तो बांग्ला (टीएमसी मुक्त बंगाल)। सीएम ने कहा, ऑन्धकार, जनता बोली- हटबे, मुख्यमंत्री ने कहा- सूरोज, जनता बोली- उगेबे, सीएम बोले- कोमोल, जनता ने कहा- खिलबे (अंधेरा-हटेगा, सूरज-उगेगा, कमल-खिलेगा)। मुख्यमंत्री ने यह कहकर अपनी बात संपन्न की- पलटानो दोरकार (परिवर्तन की जरूरत), इसका भी जनता ने उत्तर दिया- चाई बीजेपी सोरकार (चाहिए भाजपा सरकार)। जनसमूह ने कई बार अपने दोनों हाथ उठाकर इसे दोहराया।

योगी के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब, बंगाल की सड़कों पर गूंजे जय श्रीराम के नारे

मुख्यमंत्री योगी ने भाजपा प्रत्याशी के लिए मांगे वोट, लोगों ने घरों की छत पर खड़े होकर किया जोरदार स्वागत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/बांकुड़ा

अमृत विचार : पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा में शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के रोड शो में जनसैलाब उमड़ पड़ा। 'बुलडोजर बाबा' के नाम से चर्चित सीएम योगी को देखने के लिए सड़क के दोनों ओर बड़ी संख्या में लोग जुटे रहे। पूरे रोड शो के दौरान 'देखो-देखो कौन आया, शेर आया' और 'जय श्रीराम' के नारे गूंजते रहे।

सीएम योगी ने शनिवार को बांकुड़ा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी नीलाद्रि शेखर दाना के समर्थन में जनसमर्थन मांगा। इस दौरान 'हर-हर महादेव' और 'योगी-योगी' के नारों से पूरा इलाका गूंज उठा। रोड शो के दौरान सीएम योगी ने हाथ जोड़कर और हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन किया। लोगों ने हाथ उठाकर भाजपा को समर्थन देने का भरोसा जताया। उन्होंने कार्यक्रम के अंत में जनता का आभार जताते हुए कहा कि बंगाल का उत्साह बदलाव का संकेत दे रहा है।

सीएम योगी की एक झलक पाने के लिए महिलाएं और बच्चे घरों की छतों पर खड़े नजर आए। कई लोग मोबाइल से वीडियो और तस्वीरें बनाते दिखे। मुख्यमंत्री ने भी सभी का अभिवादन स्वीकार किया। रोड शो में उमड़ी भीड़ और लोगों के उत्साह को देखते हुए इसे भाजपा के लिए अहम राजनीतिक संदेश के रूप में देखा जा रहा है।


पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में रोड शो करते मुख्यमंत्री योगी।

मुख्यमंत्री योगी को देखने के लिए सड़कों पर उमड़ा लोगों का हुजूम। अमृत विचार

न्यूज ब्रीफ

राष्ट्रकवि दिनकर की पुण्यतिथि पर 'रश्मिरथी पर्व' 24 से

अमृत विचार, लखनऊ : राजधानी लखनऊ में 24 से 26 अप्रैल तक राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की कालजयी कृति रश्मिरथी के हीरक जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में 'रश्मिरथी पर्व' का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित होगा। शनिवार को लोक भवन स्थित मीडिया सेंटर में आयोजित प्रेस वार्ता में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि यह आयोजन राष्ट्रकवि दिनकर स्मृति न्यास, नई दिल्ली द्वारा सांस्कृतिक कार्य विभाग के सहयोग से कराया जा रहा है। 24 अप्रैल को दिनकर की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम की शुरुआत होगी। इस दिन 'रश्मिरथी से संवाद' स्मारिका का लोकार्पण और दानवीर कर्ण के जीवन पर आधारित नाट्य मंचन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे, जबकि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान मुख्य वक्ता होंगे। कार्यक्रम में प्रतिदिन शाम 5 :30 बजे से सांस्कृतिक आयोजन होंगे।

कन्या सुमंगला योजना से 27 लाख से अधिक बालिकाएं लाभान्वित

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में बेटियों के सशक्तिकरण की दिशा में योगी आदित्यनाथ सरकार की 'मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना' प्रभावी साबित हो रही है। महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित इस योजना के तहत अब तक 27 लाख से अधिक बालिकाओं को लाभ मिल चुका है। साल 2019 में शुरू हुई इस योजना के अंतर्गत अब तक 674 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि लाभार्थियों के बैंक खातों में सीधे ट्रांसफर की जा चुकी है। योजना के तहत बालिका को जन्म से लेकर उच्च शिक्षा तक छह चरणों में आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है, जिससे उनके भविष्य को मजबूत आधार मिल रहा है। योजना का संचालन ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है, जिससे पारदर्शिता बनी रहती है। पीएफएमएस के जरिए धनराशि सीधे लाभार्थियों के खातों में भेजी जाती है, जिससे किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की संभावना नहीं रहती। योजना का लाभ उन्हीं परिवारों को मिलता है जिनकी वार्षिक आय 3 लाख रुपये तक है और अधिकतम दो बालिकाएं ही पात्र होती हैं। योजना के तहत जन्म पर 5 हजार, टीकाकरण पर 2 हजार, कक्षा 1, 6 और 9 में प्रवेश पर क्रमश : 3-3 हजार और 5 हजार रुपये तथा उच्च शिक्षा में प्रवेश पर 7 हजार रुपये की सहायता दी जाती है।

महिला आरक्षण बिल पर भाजपा की बदनीयत की हार

अमृत विचार, लखनऊ : सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि जनता के बढ़ते विरोध और आक्रोश से ध्यान हटाने के लिए साजिशन लाए गए 'महिला आरक्षण बिल' की हार भाजपा की हार है। ये भाजपा की बदनीयत की भी हार है। सपा प्रमुख ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि भाजपा का हर प्रयास, हर बिल या तो कुछ लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए होता है या समाज को बांटने का छल-छलावा होता है। इस बार भाजपा इस बिल के माध्यम से महिलाओं की एकता में दरार डालकर उनको ठगना चाहती थी, लेकिन विपक्ष की एकता ने भाजपाई मंसूबों को धूल चटा दी। ये भाजपा के खिलाफ देश की सक्रिय हो चुकी जन चेतना की जीत है, जिसका प्रतिनिधित्व देश का विपक्ष कर रहा है। भाजपा ने सरकार में बने रहने का नैतिक आधार खो दिया है। कहा कि जो लोग परिवार को नकारते हैं, वे लोग दूसरी तरह से परिवार की धुरी मतलब महिला को नकारते हैं।

संदिग्ध आतंकियों का मुख्य साथी दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार

विदेश में बैठकर सोशल मीडिया पर संचालित कर रहा था नेटवर्क

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मैजुल समेत अब तक गिरोह के सात सदस्य गिरफ्तार

अमृत विचार: आतंकी संगठन आईएसआईएस का देश में नेटवर्क खड़ा करने व देश में हिंसात्मक आंदोलन की साजिश रचने वाले गिरोह के मुख्य सदस्य मैजुल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बिजनौर पुलिस ने आरोपी मैजुल को इंदिरागांधी एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया। मामले में आकिब, मैजुल और आजाद के खिलाफ बिजनौर के नागल थाने में एफआईआर दर्ज है। यूपी एटीएस ने 2 अप्रैल को मेरठ के साकिब, अरबाब और गौतमबुद्धनगर के विकास व लोकेश को गिरफ्तार किया था। इसके बाद उबैद मलिक, जलाल हैदर और समीर को गिरफ्तार किया गया था। असलहों के साथ वीडियो में दिख रहे आकिब, आजाद और मैजुल विदेश में रह रहे हैं। इन तीनों के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर भी जारी किया गया है।

एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी मैजुल मूलतः बिजनौर के नांगल स्थित सौफतपुर का रहने वाला है। वह वर्तमान में दक्षिणी अफ्रीका में रहकर सोशल मीडिया के माध्यम से देश में कट्टरपंथी व हिंसात्मक घटनाओं को अंजाम देने की साजिश रच रहा था। इसके लिए करीबी सदस्य नेटवर्क में देश के कई प्रमुख हिस्सों के युवाओं को जोड़ रहे थे। सभी सोशल मीडिया के माध्यम से देश में विद्रोह कराने की फिराक में थे। एडीजी कानून-व्यवस्था ने बताया कि मैजुल शनिवार को दिल्ली एयरपोर्ट अथॉरिटी द्वारा हिरासत में लेने के बाद सूचना दी गई। नांगल पुलिस के पहुंचने पर अथॉरिटी ने सुपुर्द किया। पुलिस ने पूछताछ शुरू कर दिया है। पुलिस ने यह कार्रवाई नवंबर 2025 में नांगल में दर्ज एफआईआर में की गई है। 23 नवंबर 2025 को इंस्टाग्राम पर वायरल वीडियो में आकिब अपने साथियों के साथ लाइव आकर हाथियारों का प्रदर्शन रक रहा था। जिसे मैजुल ने अपनी प्रोफाइल से पोस्ट की थी। जांच में सामने आया कि इस वीडियो में मैजुल, आकिब, आजाद और उवैद मलिक सहित चार लोग शामिल थे। मामले में पुलिस ने पहले ही उवैद मलिक और जलाल हैदर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वहीं, मैजुल, आकिब और आजाद के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया गया था। इस मामले में 15 अप्रैल को समीर उर्फ रूहान को भी गिरफ्तार किया गया था। समीर सोशल मीडिया प्लेटफार्म टेलीग्राम से जुड़ा है। उसके मोबाइल से राष्ट्र विरोधी गतिविधियों से संबंधित साक्ष्य मिले थे। पुलिस व एटीएस की टीम मैजुल के पास से बरामद मोबाइल व अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट की जांच शुरू कर दी है। ताकि उससे मिले सुराग के आधार पर अन्य आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

पुलिस की गिरफ्त में आरोपी मैजुल।

डिजिटल अरेस्ट कर करोड़ों की ठगी के दो आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एसटीएफ ने कानपुर के नौबस्ता से दबोचा, कई दस्तावेज बरामद

अमृत विचार: यूपी एसटीएफ ने शेयर बाजार में निवेश पर मोटा मुनाफा दिलाने और डिजिटल अरेस्ट कर करोड़ों की ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का खुलासा किया। इस गिरोह के दो सदस्यों को कानपुर के नौबस्ता से शनिवार सुबह गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से विभिन्न बैंकों के डेबिट और क्रेडिट कार्ड, ब्लैंक चेक, बैंक दस्तावेज, नकदी, दो आईफोन और कई बैंक खातों के लेन-देन से जुड़े स्क्रीनशॉट बरामद किए हैं।

एसटीएफ के डिप्टी एसपी शुधांशु शेखर के मुताबिक पकड़े गये आरोपी पंजाब के फजिल्का स्थित सिटी अबोहर के स्ट्रीट नंबर नई आबादी का करन कसेरा और नई आबादी बड़ी पौड़ी का गुलशन शामिल है। डिप्टी एसपी के मुताबिक कुछ दिनों से यूपी को म्यूल खातों का प्रयोग कर श्रीलंका व ब्रिटेन समेत दर्जनों देशों के नंबर व पहचान का प्रयोग कर टेलीग्राम व व्हाट्सएप ग्रुप के जरिये गिरोह बनाकर भारतीय नागरिकों को शेयर बाजार में निवेश व डिजिटल अरेस्ट कर ठगी की जा रही है। जानकारी होने पर टीम ने जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि यह गिरोह म्यूल खातों का इस्तेमाल कर ठगी की रकम को इधर-उधर ट्रांसफर कर छिपाता था। अब तक इस गिरोह के खिलाफ देशभर में 650 से अधिक ऑनलाइन शिकायतें मिल चुकी हैं और विभिन्न राज्यों में एक दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज हैं। एसटीएफ अधिकारियों ने बताया कि दोनों अभियुक्त थाना नौबस्ता, कानपुर नगर में दर्ज मुकदमे में वांछित चल रहे थे।

पकड़े गए ठगी के दोनों आरोपी।

सहायक आचार्य पुनर्परीक्षा में शामिल हुए 19,718 अभ्यर्थी

अमृत विचार, लखनऊ : उप्र. शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा सहायक आचार्य (विज्ञापन संख्या-51) के अंतर्गत 17 विषयों की पुनर्परीक्षा शनिवार को प्रदेश के 53 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण और नकलविहीन ढंग से सम्पन्न हो गई। इस परीक्षा में कुल 19,718 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जिनमें 41.35 प्रतिशत महिला और 58.65 प्रतिशत पुरुष अभ्यर्थी शामिल रहे। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए आयोग के एआई इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम से सभी केंद्रों की लाइव निगरानी की गई। आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार, सचिव, परीक्षा नियंत्रक और उपसचिव की मौजूदगी में एआई कैमरों के जरिए परीक्षार्थियों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी गई।

परशुरामपुरी का 18 करोड़ रुपये से हो रहा कायाकल्प

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/शाहजहांपुर

- जुलाई 2026 तक सौंदर्यीकरण पूरा होने की उम्मीद

अमृत विचार: भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर शाहजहांपुर स्थित परशुरामपुरी एक बार फिर श्रद्धा और आस्था का केंद्र बन गई है। उनकी जन्मस्थली मानी जाने वाली यह पावन भूमि हर वर्ष जयंती पर श्रद्धालुओं से गुलजार हो उठती है।

अब इस ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल को नई पहचान देने के लिए प्रदेश सरकार ने व्यापक विकास कार्य शुरू किए हैं। पर्यटन विभाग की ओर से करीब 18 करोड़ रुपये की लागत से मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण और कायाकल्प कराया जा रहा है, जिसमें से अब तक 11 करोड़ रुपये स्वीकृत हो चुके हैं। अधिकारियों के अनुसार यह परियोजना जुलाई 2026 तक पूरी होने की संभावना है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि परशुरामपुरी, जो पहले जोगीखेड़ा और जलालाबाद के नाम से जानी जाती थी, अब अपनी मूल पहचान में लौट रही है। परियोजना के तहत सत्संग भवन, मल्टीपर्पस हॉल, मंदिर मंडप, पार्किंग, डॉरमेट्री, ट्रस्ट कार्यालय और पुजारी कक्ष बनाए जा रहे हैं।

गंगा एक्सप्रेसवे का प्रधानमंत्री मोदी 29 को हरदोई से करेंगे लोकार्पण

- मेरठ से प्रयागराज तक 594 किमी लंबा एक्सप्रेसवे 12 जिलों को जोड़ेगा

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश के बहुप्रतीक्षित गंगा एक्सप्रेसवे का लोकार्पण 29 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा हरदोई में किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में तैयार यह मेगा परियोजना प्रदेश के बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी को नई दिशा देने वाली मानी जा रही है।

594 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेसवे मेरठ के बिजौली गांव से शुरू होकर प्रयागराज के जुडापुर दांदू गांव तक जाएगा। इससे पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के बीच तेज, सुरक्षित और सुगम यात्रा संभव होगी। यह एक्सप्रेसवे मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ और प्रयागराज सहित 12 जिलों को जोड़ेगा। इससे 500 से अधिक गांवों में आर्थिक गतिविधियां तेज होने की उम्मीद है।

गंगा एक्सप्रेसवे के शुरू होने के बाद देश के कुल एक्सप्रेसवे नेटवर्क में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी करीब 60 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है, जिससे राज्य की स्थिति और मजबूत होगी। बेहतर कनेक्टिविटी से लॉजिस्टिक्स लागत घटेगी और उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। इससे नए औद्योगिक कॉरिडोर विकसित होंगे और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। किसानों को अपने उत्पाद तेजी से बाजार तक पहुंचाने में सुविधा होगी, वहीं प्रयागराज जैसे धार्मिक स्थलों तक पहुंच आसान होने से पर्यटन को भी गति मिलेगी। गंगा एक्सप्रेसवे को प्रदेश के आर्थिक विकास का नया इंजन माना जा रहा है।

सोलर क्रांति में लखनऊ सबसे आगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

पीएम सूर्य घर योजना

- सूरत को पछाड़कर बनाया राष्ट्रीय रिकॉर्ड
- रूफटॉप संयंत्रों की कुल संख्या 87 हजार के पार

अमृत विचार: राजधानी लखनऊ ने सौर ऊर्जा के क्षेत्र में बड़ी छलांग लगाते हुए देश में रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन के मामले में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। योगी आदित्यनाथ सरकार के नेतृत्व में चल रहे अभियान और पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रभाव से यह उपलब्धि संभव हो सकी है।

उप्र. नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा अभिकरण (यूपीनेडा) के निदेशक इंद्रजीत सिंह के अनुसार, लखनऊ में अब तक 87,000 से अधिक रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित हो चुके हैं, जो किसी भी जिले में सबसे अधिक हैं। वहीं 15 अप्रैल तक चालू वित्तीय वर्ष में 3,133 नए संयंत्र लगाए गए हैं, जिससे लखनऊ ने सोलर अपनाने में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया है। जो कि अभी तक सूरत के नाम था।

विशेषज्ञों के मुताबिक, शहरी क्षेत्रों में इंडक्शन कुकटॉप और इलेक्ट्रिक वाहनों के बढ़ते उपयोग से बिजली की मांग तेजी से बढ़ी है। ऐसे में उपभोक्ता बिजली बिल कम करने और पर्यावरण संरक्षण के लिए सोलर ऊर्जा की ओर तेजी से आकर्षित हो रहे हैं। रूफटॉप सोलर सिस्टम न केवल दीर्घकालिक बचत दे रहे हैं, बल्कि ऊर्जा आत्मनिर्भरता भी बढ़ा रहे हैं।

34 हजार मेगावाट बिजली आपूर्ति की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पीक डिमांड 33 हजार मेगावाट पार होने का अनुमान
- सभी थर्मल यूनिट्स चालू, घाटमपुर की तीसरी यूनिट 30 तक होगी शुरू
- बिजली एक्सचेंज के जरिये पूरी की जाएगी अतिरिक्त मांग

अमृत विचार : भीषण गर्मी के बीच प्रदेशवासियों को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए योगी आदित्यनाथ सरकार ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। ऊर्जा विभाग ने इस वर्ष पीक (अत्यधिक गर्मी के दौरान) मांग को ध्यान में रखते हुए लगभग 34,000 मेगावाट बिजली उपलब्ध कराने की रणनीति तैयार की है।

ऊर्जा विभाग के मुताबिक, अप्रैल से सितंबर के बीच बिजली की मांग में तेजी से वृद्धि होती है। इस वर्ष जून में पीक डिमांड 33,375 मेगावाट तक पहुंचने का अनुमान है, जबकि मई और जुलाई में यह 31 से 32 हजार मेगावाट के बीच रह सकती है। इसे देखते हुए सभी नए थर्मल पावर प्लांट यूनिट्स को चालू कर दिया गया है। घाटमपुर, खुर्जा, पनकी, ओबरा और जवाहरपुर परियोजनाओं से उत्पादन शुरू हो चुका है, जबकि घाटमपुर की तीसरी यूनिट 30 अप्रैल तक चालू हो जाएगी, जिससे आपूर्ति और मजबूत होगी।

पंकज कुमार (यूपीपीसीएल) के एमडी ने बताया कि पीक आवर्स में करीब 80 प्रतिशत बिजली की मांग पहले से किए गए लांग टर्म एमओयू के जरिए पूरी की जाएगी। वहीं शेष मांग पूरा करने को इंडियन एनर्जी एक्सचेंज, पावर एक्सचेंज इंडिया लिमिटेड और हिंदुस्तान पावर एक्सचेंज जैसे प्लेटफॉर्म से खरीदी जाएगी। इसके अलावा अन्य राज्यों के साथ 4,663 मिलियन यूनिट बिजली की बैंकिंग व्यवस्था भी की गई है, जिससे जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। मुख्यमंत्री ने बिजली आपूर्ति को लेकर अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसी भी स्थिति में उपभोक्ताओं को परेशानी न हो।



बढ़ते कदम 'दुग्ध स्वर्ण महोत्सव 2026' में मुख्यमंत्री योगी का संदेश पढ़ा गया

25 हजार करोड़ के एमओयू से डेयरी क्षेत्र को नई ताकत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 10 हजार से अधिक पशुपालक कार्यक्रम में हुए शामिल

अमृत विचार : उप्र. दुग्धशाला विकास विभाग के 50 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित 'दुग्ध स्वर्ण महोत्सव 2026' का समापन हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संदेश पढ़कर सुनाया गया, जिसमें दुग्ध विकास को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताया गया।

लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित दो दिवसीय महोत्सव में प्रदेशभर से करीब 10 हजार पशुपालकों, दुग्ध उत्पादकों और निवेशकों ने भाग लिया, जबकि लाखों लोग वेबकास्टिंग के माध्यम से जुड़े। कार्यक्रम में स्वदेशी नस्ल के गोपालन और आधुनिक डेयरी तकनीक पर विशेषज्ञों ने विस्तार से चर्चा की। 'नंद बाबा दुग्ध मिशन' के तहत अब तक 10 हजार से अधिक लाभार्थियों को करीब 84 करोड़ रुपये डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित किए गए। महोत्सव के दौरान डेयरी क्षेत्र में 25 हजार करोड़ रुपये से अधिक के 796 एमओयू निष्पादित हुए, जिससे लगभग 60 हजार रोजगार सृजित होने की उम्मीद है। इसके अलावा 3 हजार करोड़ रुपये से अधिक के 59 नए एमओयू भी साइन किए गए, जिनसे 13 हजार अतिरिक्त रोजगार मिलेंगे। प्रदेश में 4 हजार से अधिक नई दुग्ध सहकारी समितियों के गठन से करीब 1.5 लाख दुग्ध उत्पादक लाभान्वित हो रहे हैं। कार्यक्रम में पशुधन, दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले पशुपालकों, उद्यमियों व अधिकारियों-कर्मचारियों को सम्मानित किया।

लखनऊ : दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह की उपस्थिति में किए गए एएमयू दिखाते अधिकारी। अमृत विचार

प्रदेश में 1.03 लाख गरीब बच्चों को निजी स्कूलों में मिला दाखिला

आरटीई : नामांकन में लखनऊ अव्वल, दूसरे नंबर पर वाराणसी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: प्रदेश में शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के तहत गरीब और वंचित परिवारों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने की दिशा में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। योगी आदित्यनाथ सरकार की पहल से वर्ष 2026-27 के लिए अब तक 1,03,439 बच्चों का निजी स्कूलों में नामांकन सुनिश्चित किया जा चुका है। अभी नामांकन प्रक्रिया जारी है, ऐसे में आने वाले समय में यह संख्या और बढ़ने की संभावना है।

जारी आंकड़ों के अनुसार लखनऊ 7,952 नामांकन के साथ प्रदेश में पहले स्थान पर है। इसके बाद वाराणसी (4,957), बुलंदशहर (4,154), बदायूं (3,599), मुरादाबाद (3,246) और आगरा (3,086) प्रमुख हैं। कानपुर नगर (2476), गोरखपुर (2352), अलीगढ़ (2320) और गाजियाबाद (2209) भी टॉप-10 में शामिल हैं।

ऑनलाइन प्रक्रिया से बढ़ी पारदर्शिता : सरकार ने आवेदन और चयन प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन और पारदर्शी बनाया है। बेसिक शिक्षा विभाग के अनुसार जुलाई तक चलने वाली प्रक्रिया में और अधिक बच्चों को जोड़ा जाएगा, जिससे शिक्षा के क्षेत्र में समावेशी विकास को नई गति मिलेगी।

भगवान भोलेनाथ की जय — रोग मुक्त मानव
श्री केदारनाथ धाम की जय — शोक मुक्त मानव
श्री काशी विश्वनाथ धाम की जय — भय मुक्त मानव
भ्रम मुक्त मानव
माता कामाख्या की जय — नशा मुक्त मानव

श्री करौली शंकर महादेव धाम

की ओर से सभी देशवासियों को

भगवान नारायण के छठे अवतार
भगवानों के भगवान, भगवान

परशुराम जी के जन्मोत्सव

व

अक्षय तृतीया

रविवार, 19 अप्रैल 2026

की हार्दिक शुभकामनाएं

प्रत्येक माह की **अमावस्या** एवं **पूर्णिमा** में उपस्थित होकर पुण्य के भागीदार बनें

मिश्री मठ हरिद्वार के तृतीय मठाधिपति

श्री श्री 1008 महामण्डलेश्वर
पूर्ण गुरु श्री करौली शंकर जी
तृतीया मठाधिपति– मिश्री मठ, हरिद्वार

प्रत्येक रविवार सरयैया घाट पर शाम 7:30 बजे होने वाली **गंगा महा आरती** में अवश्य भाग लें

परशुराम चालीसा
पूर्ण गुरु श्री करौली शंकर महादेव जी के मधुर स्वर में सुनने के लिए QR CODE स्कैन कीजिए

श्री करौली शंकर महादेव पूर्वज मुक्ति धाम, लव कुश आश्रम, ग्राम-करौली, कानपुर - 208021
www.poornaguru.org • @KarauliShankar
+91 80 90 100 343

न्यूज ब्रीफ

ढाई सैकड़ा से अधिक वाहनों का चालान

कानपुर देहात। सड़क सुरक्षा को मजबूत करने के लिए पुलिस का अभियान जारी है। 262 वाहन चालकों का मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान किया गया। आठ वाहनों को सीज भी किया गया। पुलिस ने बताया कि अभियान के दौरान बिना नंबर प्लेट वाहन, बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाना, ट्रिपल राइडिंग, हेलमेट न पहनना, ओवरलोडिंग व अवैध खनन आदि मामलों की जांच हुई। इसके साथ ही, जनपदीय पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वह यातायात नियमों का पालन करें।

बाल विवाह रोकथाम को बना कंट्रोल रूम

कानपुर देहात। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि प्राय: अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह कर दिए जाते हैं। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत बालक से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जिसने यदि पुरूष है तो 21 वर्ष की आयु पूरी नहीं की है और यदि बालिका है तो 18 वर्ष की आयु पूरी नहीं की है। बाल विवाह के अंतर्गत कठोर कारावास जिसकी अवधि 02 वर्ष हो सकेगी, एक लाख रूपये तक जुर्माने से दंडनीय होगा।

गैस कनेक्शन के लिए उगाही का आरोप

शिवली। मैथा तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर एडीएम प्रशासन अमित कुमार ने एसडीएम राजकुमार पांडेय व तहसीलदार सुनील कुमार के साथ लोगों की शिकायतों को सुनकर त्वरित निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। अरशदपुर गांव की महिला रेशमा ने शिकायत करते हुए आरोप लगाया कि घरेलू कनेक्शन कराने का आवेदन किया था। इसमें एक कर्मी ने तीन हजार रुपये लिए थे। अब तीन हजार रुपये और मांग रहा है। कनेक्शन भी नहीं हो रहा है। इस पर एसडीएम ने एसडीओ विवेक पांडेय को जांच के निर्देश दिए। इस मौके पर नायब तहसीलदार अनुरुद्ध कुमार सिंह, अपराध इंस्पेक्टर शिवली शीलेन्द्र सिंह यादव, बीडीओ संजू सिंह, पीएचसी प्रभारी डॉ. सिद्धार्थ पाठक, एडीओ समाज कल्याण धीरज सविता प्रभारी मुख्य सेविका आईसीडीएस वर्षा सविता रहीं।

अग्निकांड से बचाव के लिए हुई मॉकड्रिल

रनियां। अग्निशमन विभाग द्वारा जारी अग्नि सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत शनिवार को रनियां स्थित एक फैक्ट्री में मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान कंपनी की सुरक्षा टीम द्वारा आग लगते ही उस पर कैसे काबू पाया जाए इसका प्रदर्शन किया गया। जानकारी देते हुए बताया कि आग लगने के पीछे आक्सीजन, ईंधन तथा उचित ताप प्रमुख हैं, इनमें से एक तत्व को कम कर देंगे या समाप्त हो जाए तो आग पर जल्द काबू पाया जा सकता है। परिसर में जितनी सफाई होगी हम उतना सुरक्षित होंगे। इस दौरान फायर सिलेंडरों का उपयोग, घायलों को फर्स्ट एड, सीपीआर, घायलों को अस्पताल भिजवाने का प्रदर्शन किया गया।

स्मार्ट मीटर की शिकायतों का तत्काल करें समाधान

कानपुर देहात: जिलाधिकारी कपिल सिंह की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेंद्र पांडेय की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट स्थित मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष में विद्युत विभाग से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा बैठक की गई। बैठक में स्मार्ट मीटर सहित विद्युत सेवाओं से जुड़ी शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण पर विशेष बल दिया गया।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि स्मार्ट मीटर से संबंधित उपभोक्ताओं की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनका तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाए। पम्पलेट तैयार कर ग्रामों, कार्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर चस्पा किए जाएं तथा व्यापक रूप से वितरित किए जाएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि ग्राम स्तर पर आयोजित होने वाली चौपालों में स्मार्ट मीटर एवं विद्युत विभाग की विभिन्न योजनाओं के संबंध में लोगों को जागरूक किया जाए। बैठक में टोल फ्री नंबर 1912 एवं स्मार्ट मीटर हेल्पलाइन नंबर 9216077231, 9216077232 के संबंध में जानकारी दी गई।

डीएम ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि फील्ड में कार्यरत कर्मचारियों को आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जाएं तथा निर्धारित रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। शिकायतों के निस्तारण में भी समयबद्धता एवं गुणवत्ता बनाए रखने पर जोर दिया गया।

भोगनीपुर में आईं 123 शिकायतें, पांच का निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

अमृत विचार: जनपद के समस्त तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिला स्तरीय आयोजन भोगनीपुर में जिलाधिकारी कपिल सिंह की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान कुल 123 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिसमें पांच का मौके पर निस्तारण हुआ।

डीएम ने समस्त अधिकारियों को अपने-अपने कार्यालयों में प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक जनसुनवाई करने, शिकायतों का रजिस्टर बनाने, नियमित समीक्षा करने तथा शिकायतकर्ताओं/आमजन से मधुर व्यवहार रखने के निर्देश दिए गए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेन्द्र पांडेय, अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिग्विजय सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एके सिंह, डीडीओ सुनील कुमार तिवारी, डीसी मनरेगा अशोक कुमार, उप जिलाधिकारी भोगनीपुर, तहसीलदार, क्षेत्राधिकारी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। इसीतरह सीडीओ विधान जायसवाल ने डेरापुर में शिकायतें सुनीं। 54 शिकायतों में चार का मौके पर निस्तारण किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

भोगनीपुर में जन शिकायतें सुनतीं एसपी श्रद्धा नरेंद्र पांडेय। अमृत विचार

इंडस्ट्रियल एरिया को रोस्टर के हिसाब से दें बिजली

कानपुर देहात: जिलाधिकारी कपिल सिंह की अध्यक्षता में जिला उद्योग एवं व्यापार बंधु की बैठक कलेक्ट्रेट में हुई। इसमें जनपद के उद्यमियों एवं व्यापारियों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न समस्याओं, सुझावों एवं मांगों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि उद्यमियों एवं व्यापारियों की समस्याओं का समयबद्ध एवं संवेदनशीलता के साथ समाधान किया जाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने निर्देशित किया कि औद्योगिक क्षेत्रों में साफ-सफाई की व्यवस्था नियमित रूप से कराई जाए तथा रोस्टर के अनुरूप निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, जिससे उद्योगों का संचालन सुचारु रूप से किया जा सके। साथ ही औद्योगिक क्षेत्रों की सड़कों एवं नाले-नालियों की समय-समय पर मरम्मत एवं साफ-सफाई कराए जाने के निर्देश भी दिए गए। अतिक्रमण से संबंधित शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण के कारण औद्योगिक एवं व्यापारिक गतिविधियों में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। बैठक में आईटीआई पास प्रशिक्षुओं को अप्रेंटिसशिप से जोड़ने के विषय पर भी चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि उद्योगों की मांग के अनुरूप प्रशिक्षण एवं अप्रेंटिसशिप की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के अधिकाधिक अवसर प्राप्त हो सकें।

हादसे में बाइक सवार बुजुर्ग की मौत, परिजनों में कोहराम

रनियां थाना क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर पेराजोर में हुआ हादसा, हैलट लाते समय थमीं सांसें

संवाददाता, रनियां

अमृत विचार। रायपुर-गजनेर मार्ग पर एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार एक बुजुर्ग को टक्कर मार दी। घटना में बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। सड़क पर बुजुर्ग को तड़पता देख स्थानीय लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज भिजवाया जहां हालत गंभीर देख डाक्टरों ने हैलट रेफर कर दिया, कानपुर ले जाते समय बुजुर्ग ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मौत पर घरवालों का रो रोकर बुरा हाल था। गजनेर थाना क्षेत्र के ककड़ा सुल्तानपुर पेराजोर गांव के रहने वाले रामबिहारी उम्र करीब 70 वर्ष बीते शुक्रवार को घर से साइकिल लेकर रायपुर बाजार जा रहे थे। कि तभी श्यामपुर गांव के सामने एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बुजुर्ग को टक्कर मार दी। जोरदार टक्कर से वो गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दौरान टक्कर मारने वाला चालक मौके से गाड़ी लेकर भाग निकला। स्थानीय लोगों की सूचना पर रनियां थाने से उपनिरीक्षक इंद्रपाल सिंह घटनास्थल पर पहुंचे और बुजुर्ग को रायपुर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। डाक्टरों ने उन्हें मेडिकल कालेज रेफर कर दिया, जहां हालत गंभीर देख डाक्टरों ने हैलट रेफर कर दिया। हैलट अस्पताल ले जाते समय रास्ते में बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया। इसके बाद परिजन शव लेकर वापस लौट आए। शनिवार को उपनिरीक्षक देवेन्द्र पाल सिंह ने शव का पंचायत नामा भर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। इस संबंध में थानाध्यक्ष दिनेश कुमार गौतम ने बताया कि तहरीर मिलने पर मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा।

डिलीवरी के बाद महिला की मौत, परिजनों का हंगामा

कानपुर देहात: अकबरपुर में स्थित एक निजी अस्पताल में महिला मरीज की मौत हो गई। परिजनों ने प्रबंधन पर मरीज के इलाज में कोताही बरतने का आरोप लगाया। इसके बाद मृतका के शव को रख कर हंगामा किया। आरती यादव पत्नी अजय यादव निवासी नबीपुर जैनपुर 13 अप्रैल को डिलीवरी हेतु अस्पताल में भर्ती हुई। डिलीवरी में बच्ची के जन्म के पश्चात महिला की तबीयत खराब होने पर परिजन इलाज हेतु कानपुर नगर में न्यू सिटी हॉस्पिटल कल्याणपुर ले गये। वहां शनिवार को सुबह मृत्यु हो गई। उसके परिजन मृतका के शव को लेकर वापस यहां अस्पताल आ गए एवं इलाज में अनियमितता का आरोप लगा हंगामा शुरू कर दिया। जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंची। नायब तहसीलदार रवींद्र मिश्रा एवं एसीएमओ सुखलाल वर्मा मौके पर पहुंचे तथा परिजनों को समझाया।

नाबालिग से छेड़छाड़ के दोषी को तीन साल का कारावास

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

अमृत विचार। शिवली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली नाबालिग से छेड़छाड़ करने के मामले की सुनवाई करते हुए एडीजे 13/ पॉक्सो कोर्ट ने आरोपी युवक को दोषी ठहराते हुए उसे तीन साल के कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही उसपर सात हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

26 अप्रैल 2018 में आईं बारात में डी जे में डांस कर रही दस वर्षीय लड़की के साथ रूरा क्षेत्र के बैजुपुरवा निवासी सचिन ने छेड़छाड़ कर दी और उसे हाथ पकड़कर बगीचे की ओर ले जाने लगा तभी लड़की के शोर मचाने पर लोगों ने उसे बचाया। मामले में पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक सचिन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेजने के साथ ही आरोपपत्र अदालत में पेश किए थे जिसकी सुनवाई करते हुए अपर जिला जज कोर्ट संख्या 13/पॉक्सो एक्ट शरद कुमार त्रिपाठी की अदालत ने आरोपी युवक सचिन को दोषसिद्ध करते हुए उसे तीन साल के कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही उसपर सात हजार रूपए अर्थदंड भी लगाया है।

गैर इरादतन हत्या में 22 को होगी सजा पर सुनवाई

कानपुर देहात। शिवली कोतवाली क्षेत्र के नयापुरवा गांव में करीब ढाई साल पहले खेत में पानी लगाने को लेकर हुए विवाद में सर पर चोट लगने से हुई किसान की मौत के मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला जज एफ टी सी प्रथम की अदालत ने आरोपी मृतक के चचेरे भाई को दोषी करार देते हुए जेल भेज दिया है। अदालत ने अब सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 22 अप्रैल की तिथि नियत की है। विशेष लोक अभियोजक अमर सिंह भदौरिया ने बताया कि शिवली क्षेत्र के नयापुरवा गांव निवासी रोशनलाल का खेत में पानी लगाने को लेकर अपने चचेरे भाई अशोक राजपूत से विवाद हो गया। इसी दौरान रोशनलाल ने जमीन पर पड़े ईंट से अशोक के सिर पर वार कर दिया जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट आ गई और वह बेहोश होकर गिर गया। मौके पर पहुंचे गांव वालों ने अशोक को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया जहां दौरान इलाज उसकी मौत हो गई। मामले में मृतक के दूसरे चचेरे भाई देशराज ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

दोषी कर्मचारियों को हटाने की मांग, एडीएम को दिया ज्ञापन

रसूलाबाद: स्थानीय तहसील में अमीन पद पर कार्यरत रहकर नकल नवीस का काम देख रही एक महिला और एक अन्य लिपिक द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ता के साथ गत 10 अप्रैल को अभद्रता किए जाने के मामले में शनिवार को बार एसो. के उपाध्यक्ष के नेतृत्व में समस्त अधिवक्ता कलम बंद हड़ताल पर रहे और धरने के उपरांत अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को ज्ञापन दिया।

शुक्रवार को स्थानीय तहसील के वरिष्ठ अधिवक्ता केके मिश्रा एडवोकेट एक दस्तावेज की नकल लेने गए तो उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए उन्हें अपमानित किया गया। तहसीलदार के यहां शिकायत लेकर पहुंचे तो वहां पर डब्ल्यूबीएन कार्यालय में तैनात कर्मी ने अपमानित किया। फर्जी मुकदमे एवं जान से मारने की धमकी दी। अधिवक्ताओं ने दोषी को तत्काल स्थानांतरित किए जाने की मांग की है इस अवसर पर बार एसोसिएशन रसूलाबाद उपाध्यक्ष विमल कुमार चतुर्वेदी एडवोकेट की अध्यक्षता में धरना दिया गया। जिसमें लाल मोहम्मद खान महामंत्री, संदीप कुमार मिश्र पूर्व अध्यक्ष, शिव स्वरूप राजपूत पूर्व महामंत्री, ब्रजेश कुमार त्रिपाठी पूर्व अध्यक्ष, रब्बानी खान, विजय प्रकाश त्रिपाठी, सुशील शुक्ला, हरनाम सिंह कुशवाह रहे।

मारपीट के मामले में चार पर रिपोर्ट

शिवली। मैच खेलने के बहाने बुलाकर चार लोगों ने एक युवक के साथ मारपीट कर दी। जिससे वह बेहोश हो गया। युवक को इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। मामले में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। शिवली कोतवाली के ग्राम रामपुर निवासी सनोज कुमार ने बताया कि उसके पुत्र राज को शनिवार को अनिकेत यादव, शिवा यादव, गोलू यादव व श्याम राजपूत मैच खेलने के बहाने घर से बुला ले गए। और उसके साथ जमकर मारपीट की। जिससे उसका पुत्र घायल होकर बेहोश हो गया। इंस्पेक्टर अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच दरोगा लोकेश कुमार को सौंपी गई है।

मानदेय को लेकर रोजगार सेवकों ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, शिवली

अमृत विचार: दो वर्ष से अधिक बकाया मानदेय को लेकर उत्तर प्रदेश ग्राम रोजगार सेवक वेलफेयर एसोसिएशन के आह्वान पर ब्लॉक अध्यक्ष मैथा राज शुक्ला के नेतृत्व में रोजगार सेवक संघ के पदाधिकारियों ने खंड विकास अधिकारी मैथा संजू सिंह को ज्ञापन सौंप कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया और चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगे पूरी नहीं हुई तो वह हड़ताल करने को बाध्य होंगे।

शनिवार को ब्लॉक मैथा मुख्यालय पर 28 महीने से बकाया मानदेय और ईपीएफ भुगतान को लेकर रोजगार सेवकों ने ब्लॉक अध्यक्ष के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद रोजगार सेवकों ने अपनी मांगों को संबंधित ज्ञापन बीडीओ संजू सिंह को सौंपा। प्रदर्शन में रोजगार सेवक श्रीकांत, अरविंद, अनिल, सरिता, अर्चना, साधना, राजेश, हीरालाल, लक्ष्मी, सुरेश चंद्र, शिखा, पीयूष, राम सजीवन सहित मौजूद रहे।

मैथा में बीडीओ को ज्ञापन सौंपते रोजगार सेवक। अमृत विचार

एकीकृत बार के चुनावों में भाग्य आजमाएंगे 42 उम्मीदवार

कानपुर देहात। एकीकृत बार एसो. में शनिवार को महामंत्री के दो प्रत्याशियों सहित अन्य पदों पर 15 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए।

चुनावी मैदान में अलग-अलग पदों के लिए 42 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमाएंगे। शनिवार को महामंत्री पद पर दो प्रत्याशियों महेंद्र सिंह भदौरिया व करुणेश कुमार पाण्डेय ने नामांकन कराया है। मंत्री पद के लिए देवकुमार, संयुक्त मंत्री प्रकाशन पद पर मो शकील, कोषाध्यक्ष पद पर सुधीर पांडेय व मोहम्मद रईस के साथ ही वरिष्ठ कार्यकारणी सदस्य पद पर भी नामांकन कराया।

दरवाजे पर सोता रहा किसान, घर में हो गई चोरी

शिवली। बैरी सवाई गांव में दरवाजे पर सो रहे किसान के घर पर शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने घर के अंदर घुसकर कमरे के अंदर रखी अलमारी खोलकर बेशकीमती सोने व चांदी के जेवरात व नकदी चोरी कर ली। शनिवार की सुबह घर के अंदर सामान बिखरा पड़ा देख किसान अवाक रह गया। अज्ञात चोरों के खिलाफ घटना की तहरीर पुलिस को दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के बैरी सवाई गांव निवासी निजाम अली ने पुलिस को तहरीर में बताया कि वह शुक्रवार की रात करीब 10 बजे अपने खेत से गेहूं की फसल की कटाई करके वापस घर आया था और खाना खाने के बाद दरवाजा बंद कर दरवाजे पर सो गया।

शनिवार की सुबह जब वह घर के अंदर गया तो देखा कि अलमारी खुली हुई थी और सारा सामान बिखरा हुआ पड़ा था। चोरों ने अलमारी में रखे चार हजार रुपये नगद व सोने व चांदी के कीमती जेवरात चोरी कर गायब कर दिए हैं। अपराध निरीक्षक शैलेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर लेकर मामले की जांच की जा रही है।

सूने घर से पार किए सोने चांदी के आभूषण

रसूलाबाद: चौबे निवादा मजरा डूड़ामहुआ में चोरों ने सूना घर पाकर सोने चांदी के जेवरात उड़ा दिए। परिजनों के घर लौटने पर उन्हें रात में इसका पता चला। तब उन्होंने इसकी सूचना अप 112 डालकर पुलिस को दी। मौके पर गई पुलिस मामले की जांच कर लाई और थाने जाकर इसकी तैयारी देने को कहा। इसी दौरान रास्ते में रसूलाबाद के एक मैरिज हॉल में एक व्यक्ति की जेब से चोरी गए चांदी के आभूषण मिले तब वह लोग उसे थाने ले गए और आभूषणों सहित उसे पुलिस के हवाले किया। चौबे निवादा मजरा डूड़ामहुआ निवासी शिवम सिंह पुत्र महेंद्र सिंह ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार को उसकी बेटी के मुंडन संस्कार का प्रीति भोज रसूलाबाद स्थित एक गेस्ट हाउस में था। वहां से प्रीति भोज आदि संपन्न करा कर 11 बजे अपने घर पहुंचे। घर पहुंचने पर उन्हें चोरी का पता चला। उनके घर से उनके मां-बहन पत्नी आदि के सोने चांदी के जेवरात गायब मिले। तब शिवम सिंह ने इसकी सूचना यूपी 112 डायलकर पुलिस को दी।

सुविचार

अगर हम खतरों के पूरी तरह से सामने आने का इंतजार करेंगे, तो हम बहुत देर कर चुके होंगे।

- जॉर्ज डब्ल्यू बुश

अमृत विचार

कानपुर महानगर

www.amritvichar.com

कानपुर, रविवार, 19 अप्रैल 2026

कानपुर के प्रमुख समाचार

- आग में टूटकर गिरे तार, बिजली गुल-VI
- एनआरआई सिटी के क्लब में चरस, गांजा -VII
- 150 करोड़ का सोना-चांदी बिकने का अनुमान -VIII

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.

•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT

दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में

सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य

117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर

9889538233, 7880306999

शहर में आज

- **अभियान :** गरीब ऑटो चालकों द्वारा सफाई अभियान कोयला घाट सर्किट हाउस गंगाघाट पर सुबह 11 बजे।
- **महोत्सव :** भगवान परशुराम जयंती महोत्सव कर्राही रोड नरपत नगर जरौली फेस वन शाम चार बजे।
- **सिमरन :** गुरू अंगद देव की महाराजी कै प्रकाश पर्व गुरुद्वारा गुरु राम दास गोविंद नगर 5 ब्लॉक में सिमरन शाम चार बजे।
- **नाट्य मंचन :** वीर क्रांतिकारी प्रेरणा समिति द्वारा शिवधाम बालाजी पार्क के-ब्लाक किदवई नगर में नाट्य मंचन शाम सात बजे।

अब आधार कार्ड की फोटो कॉपी का झंझट खत्म

सत्यापन की प्रक्रिया में होने जा रहा बदलाव, क्यूआर स्कैन से एंट्री की सुविधा, फर्जी पहचान पर लगेगी रोक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। शहरवासियों के लिए खुशखबरी है। पहचान सत्यापन की प्रक्रिया अब पूरी तरह बदलने जा रही है। आधार कार्ड ऑफलाइन वेरिफिकेशन व्यवस्था के तहत अब किसी भी संस्थान में पहचान के लिए आधार की फोटोकॉपी देने या ओटीपी का इंतजार करने की जरूरत नहीं रहेगी। डिजिटल सिग्नेचर के कारण साझा की गई जानकारी सुरक्षित और प्रमाणिक रहती है। कोई भी शख्स अब केवल क्यूआर कोड, ई-आधार या आधार ऐप के जरिए अपनी पहचान तुरंत बिना इंटरनेट सत्यापित करा सकेगा।

जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि आधार ऑफलाइन वेरिफिकेशन व्यवस्था नागरिकों की सुविधा और सुरक्षा दोनों को ध्यान में रखकर विकसित की गई है। यह प्रणाली डेटा गोपनीयता को सुरक्षित रखते हुए पहचान सत्यापन को सरल बनाती है। उन्होंने संस्थानों से अपील की कि वे इस व्यवस्था का अधिक से अधिक उपयोग करें, जिससे पारदर्शिता और सुरक्षा को बढ़ावा मिल सके। आधार ऐप के माध्यम से यह प्रणाली पूरी तरह पेपरलेस और तेज बनाई जा रही है।

आधार धारक को अपनी पूरी जानकारी साझा नहीं करनी : इस नई व्यवस्था में सबसे अहम बात यह है कि आधार धारक को अपनी पूरी जानकारी साझा नहीं करनी पड़ती। सत्यापन पूरी तरह उसकी सहमति पर आधारित होता है और वह केवल आवश्यक जानकारी ही साझा करता है। इससे डेटा पर उसका नियंत्रण बना रहता है और दुरुपयोग की आशंका कम हो जाती है।

क्यूआर स्कैन से होगी असली पहचान की पुष्टि: ऑफिस, होटल और सोसायटी गेट पर क्यूआर कोड स्कैन से एंट्री का उद्देश्य केवल सुविधा नहीं, बल्कि सुरक्षा को मजबूत करना है।

अब किसी व्यक्ति द्वारा दिखाया गया आधार दस्तावेज असली है या नहीं, इसकी पुष्टि मौके पर ही की जा सकेगी। क्यूआर कोड स्कैन करते ही उसमें मौजूद जानकारी यूआईडीएआई के डिजिटल सिग्नेचर से मिलान की जाती है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि दस्तावेज फर्जी नहीं है और उसमें कोई छेड़छाड़ नहीं हुई है। इस प्रक्रिया में इंटरनेट की जरूरत नहीं होती और न ही पूरा आधार नंबर साझा करना पड़ता। केवल आवश्यक जानकारी के आधार पर पहचान की पुष्टि हो जाती है, जिससे फर्जी दस्तावेजों के इस्तेमाल पर प्रभावी रोक लगेगी।

बैंक और फाइनेंस कंपनियों में आसान होगी केवाईसी

- नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनियों और अन्य वित्तीय संस्थानों में ग्राहक सत्यापन की प्रक्रिया तेज और सुरक्षित होगी। डिजिटल सिग्नेचर आधारित आधार डेटा के जरिए तुरंत पहचान की पुष्टि की जा सकेगी, जिससे मैनुअल जांच और अतिरिक्त दस्तावेजों की जरूरत कम होगी।

ऑफिस और सरकारी परिसरों में एंट्री होगी सुरक्षित

- सरकारी दफ्तरों, डेटा सेंटर और अन्य संस्थानों में प्रवेश के लिए अब डिजिटल सत्यापन का उपयोग किया जा सकेगा। क्यूआर स्कैन और आधार ऐप के जरिए पहचान की पुष्टि की जाएगी और आवश्यकता होने पर फेस वेरिफिकेशन से व्यक्ति की मौजूदगी भी सुनिश्चित की जा सकेगी।

ऐसे उठाएं ऑफलाइन आधार वेरिफिकेशन की सुविधा

- लखनऊ स्थित यूआईडीएआई क्षेत्रीय कार्यालय के सहायक प्रबन्धक आशुतोष सिंह ने बताया कि ऑफलाइन आधार वेरिफिकेशन के लिए संस्थाओं को यूआईडीएआई के साथ ओवीएसई के रूप में पंजीकरण कराना होगा। निर्धारित प्रारूप में आवेदन के बाद यूआईडीएआई द्वारा सत्यापन किया जाएगा। पात्र पाए जाने पर स्वीकृति देकर तकनीकी ऑनबोर्डिंग की जाएगी, जिसके बाद संस्था आधार ऐप के जरिए वेरिफाएबल क्रेडेंशियल से ऑफलाइन सत्यापन कर सकेगी। ovse.supportuidai.net.in पर अधिक जानकारी के लिए संपर्क किया जा सकता है।

शोरूम के पास निरीक्षण करतीं महापौर प्रमिला पांडेय। अमृत विचार

छंटाई की अनुमति, लेकिन जड़ से उखाड़ दिया बरगद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- लालबंगला में बरगद का हरा पेड़ काटने पर लोगों में आक्रोश पहुंची महापौर

अमृत विचार। चकेरी थाना क्षेत्र के लालबंगला राजीव नगर में जूडियो शोरूम के सामने 50 साल पुराना बरगद का पेड़ जड़ से काट दिया गया। शनिवार को महापौर प्रमिला पांडेय मौके पर पहुंची। कहा कि जड़ से 10 फुट छोड़कर पेड़ छंटाई की अनुमति दी गई थी, लेकिन बरगद जड़ से काट दिया गया। इसकी जांच कराई जाएगी।

लालबंगला, राजीव नगर में शनिवार को महापौर प्रमिला पांडेय क्षेत्रीय पार्षद जितेंद्र चौरसिया के साथ मौके पर पहुंचे, यहां पर बरगद का हरा पेड़ कटने पर नाराज मौके पर मौजूद लोगों से वार्ता और आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण किया। महापौर ने पेड़ कटवाने वाले और काटने वाले पर एफआईआर दर्ज कराये जाने के साथ नया पेड़ लगाए जाने के निर्देश दिए। महापौर ने कहा कि बरगद के पेड़ के पास दुकान भी हैं, जिसके कागजातों की पड़ताल कराई जाएगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह बरगद का पेड़ उनकी आस्था का केंद्र भी था। क्षेत्रीय पार्षद जितेंद्र चौरसिया का आरोप कि जूडियो के निर्माण कार्य में मानकों का उल्लंघन हो रहा है।

सिटी ब्रीफ

चिड़ियाघर में जानवरों के लिए जंगल लुक

कानपुर। भीषण गर्मी में चिड़ियाघर में जानवरों के लिए विशेष इंतजाम किये गये है। हाथी, गैंडा समेत कई जानवरों के लिए तालाब में पानी भरकर जंगल का लुक देने की कोशिश की गई जबकि कई छोटे जानवरों के लिए कूलर, पंखे, पानी की फुहार का बंदोबस्त किया गया है।

टीटीई को हार्ट अटैक बची जान

कानपुर। सेंट्रल स्टेशन पर एक टीटीई को दिल का दौरा पड़ गया जिससे हड़कंप मच गया। उसी समय स्टेशन पर गश्त कर रहे जीआरपी प्रभारी ओम नारायण सिंह को जानकारी मिली तो टीटीई को हॉस्पिटल पहुंचाकर जान बचाई।

नहीं रहेगी बिजली

कानपुर। दबौली वेस्ट में रविवार को सुबह 10 बजे से शाम को छह बजे तक बिजली नहीं रहेगी। दादानगर कम्पुमेल व बी-ब्लाक में सुबह 10 बजे से शाम को पांच बजे तक और पॉलीमर के औद्योगिक क्षेत्र में दोपहर 12 बजे से शाम को चार बजे तक बिजली नहीं आएगी।

शिवगंगा एक्सप्रेस में सफर कर रहा फर्जी रेल अधिकारी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- रेल अधिकारी बनकर फर्जी पास बनवाकर कर रहा था यात्रा
- पहले तो जांच टीम को हड़काया लेकिन खुल गया फ्राड

अमृत विचार। रेलवे की विजिलेंस टीम ने शिवगंगा एक्सप्रेस में एक फर्जी रेलवे अफसर को गिरफ्तार किया है। जानकारी होने पर फर्जी रेल अफसर से पूछताछ करने गयी जांच टीम को पहले उसने खूब हड़काया लेकिन कई क्रास सवालों में वह टूट गया और फर्जीवाड़ा खुल गया। वह फर्जी पास के माध्यम से यात्रा करते हुए पकड़ा गया। रेलवे अफसरों की टीम ने आरोपी को जीआरपी के हवाले कर दिया गया है।

आरपीएफ पोस्ट प्रभारी एसएन पाटीदार ने बताया कि कमर्शियल कंट्रोल से मिली सूचना पर टिकट चेकिंग स्टाफ, विजिलेंस/मुख्यालय टीम तथा आरपीएफ कानपुर सेंट्रल स्टाफ द्वारा संयुक्त रूप से A-2 कोच की सीट संख्या 12 की जांच की गई। जांच के दौरान संजय कुमार नामक व्यक्ति से टिकट, ड्यूटी पास एवं पहचान पत्र देने को कहा गया, किंतु वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।

पूछताछ के दौरान उक्त व्यक्ति ने एक संदिग्ध कार्ड प्रस्तुत किया तथा गाड़ी से उतरकर जाने का प्रयास किया, जिसे टीम द्वारा तत्परता से पकड़ लिया गया। उसके पास से कुल 46,605 नकद, तीन मोबाइल फोन, विभिन्न नामों से जारी कई पहचान पत्र, अवैध प्रथम श्रेणी मानार्थ पास, स्पेशल ड्यूटी पास, आपातकालीन कोटा से संबंधित प्रपत्र, यात्रा टिकट एवं अन्य संदिग्ध दस्तावेज बरामद किए गए। पूछताछ में उसने अपना नाम राम गोपाल शर्मा बताया, जबकि आधार कार्ड के अनुसार उसकी पहचान राम गोपाल विश्वकर्मा पुत्र सोने लाल विश्वकर्मा, निवासी झींझक, कानपुर देहात के रूप में हुई। उसके पास से बरामद सभी सामान को सील कर दिया गया है।

जीआरपी की गिरफ्त में फर्जी अधिकारी। अमृत विचार

गर्मी | मौसम विशेषज्ञों ने मंगलवार तक तापमान और बढ़ने की जताई आशंका

शहर में दूसरे दिन भी तापमान रहा 40 पार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। शहर में गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। थार मरुस्थल से आने वाली गर्म हवाओं ने शहर में लगातार दूसरे दिन तापमान 40 पार पहुंचा दिया। मौसम विशेषज्ञों ने मंगलवार तक अधिकतम तापमान में एक से दो डिग्री अधिक दर्ज होने की संभावना जताई है।

शहर में अधिकतम तापमान 40.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विशेषज्ञों ने बताया कि ऊंचे बादलों की वजह से शहर में पड़ रही गर्मी में फिलहाल थोड़ी राहत रही। बदलों के हटने के बाद एक से दो दिन के भीतर यह 41 से 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुचने की उम्मीद है। मौसम विशेषज्ञ डॉ. एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि पूरे कानपुर मण्डल में इस हफ्ते 19 से 24 अप्रैल तक तापमान में भारी बढ़ोतरी होने की संभावना है। मौसम पूर्वानुमानों के अनुसार सप्ताह की शुरुआत में अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस से 42 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा, लेकिन हफ्ते के अंत तक विशेष रूप से 23 और 24 अप्रैल को यह 42 डिग्री सेल्सियससे 43 सेल्सियस तक पहुंच सकता है। तापमान में वृद्धि की वजह गर्म पछुआ हवाएं भी हैं। राजस्थान के रेगिस्तानी इलाकों से आने वाली गर्म पश्चिमी हवाएं उत्तर भारत के मैदानी इलाकों की ओर बढ़ रही हैं, जिससे तापमान में तेजी से उछाल आ रहा है। आसमान पूरी तरह साफ रहने और बादलों की अनुपस्थिति के कारण सूरज की किरणें सीधे और तेज पड़ रही हैं। प्रायद्वीपीय भारत के ऊपर बना एक एंटी-साइक्लोनिक सिस्टम मध्य भारत की ओर बढ़ रहा है, जो गर्म हवाओं को उत्तर प्रदेश की ओर धकेल रहा है।

उधर हिमालयी क्षेत्रों से आने वाली ठंडी हवाएं कमजोर पड़ गई हैं, जिससे गर्मी को नियंत्रित करने वाला प्राकृतिक प्रभाव खत्म हो गया है। हवा में नमी का स्तर बहुत कम लगभग 10-15 फीसदी रहने के कारण गर्मी बहुत अधिक और 'तीखी' महसूस हो रही है।

गर्मी में बदन ढककर चलना पड़ रहा। अमृत विचार

सिटी ब्रीफ

ससुरालियों पर मारपीट की रिपोर्ट

कानपुर। कलक्टरगंज में महिला ने पति, सास समेत दो अन्य पर गाली-गलौज कर मारपीट का आरोप लगाया है। थाने से निकलते ही महिला से आरोपियों ने मारपीट की। काहूकोठी निवासी नीलम श्रीवास्तव की तहरीर के अनुसार गुमटी नंबर पांच निवासी पति अभिषेक श्रीवास्तव, सास इन्दु श्रीवास्तव अक्सर ताने मारकर उसे प्रताड़ित करतीं हैं। कुछ समय गाली-गलौज व मारपीट की घटना के बाद महिला ने हेल्पलाइन पर शिकायत की थी। इस पर बीती 24 मार्च को दोनों पक्ष कलक्टरगंज थाने पहुंचे, जहां सुनवाई हुई। इस कार्रवाई से नाराज पति, सास, गीता निगम और रंजना अरोड़ा ने हालसी रोड के पास दोबारा हाथापाई की। थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्जकर जांच की रही है।

किशोरी से की छेड़खानी, रिपोर्ट

कानपुर। चकेरी में एक महिला ने 12 वर्षीय बेटी से छेड़खानी का आरोप लगाया है। महिला के अनुसार मोहल्ले का दूसरे समुदाय का युवक बेटी से छेड़खानी करता है। जिससे तंग आकर पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। सनिगवां इलाके की रहने वाली महिला के अनुसार उनकी 12 वर्षीय बेटी को पिछले कुछ माह से मोहल्ले का युवक शमीम बाहर आते-जाते समय परेशान करता है। इस पर पीड़िता ने आरोपी के घरवालों से शिकायत की, लेकिन उसके बाद भी आरोपी की हरकतें बंद नहीं हुईं। पीड़िता ने बताया कि बीती 15 अप्रैल की शाम को बेटी घर के बाहर बैठी थी। तभी आरोपी आया और कमेंट कर छेड़खानी की। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर तलाश की जा रही है।

सेना कर्मी बनकर साढ़े चार हजार ठगे

कानपुर। चकेरी में युवक ने आरोप लगाया है कि आरोपी ने फर्जी सेनाकर्मी बनकर झांसे में लिया। फिर आर्मी भर्ती के लिए स्पोर्ट कोटे का सर्टिफिकेट बनवाने का लालच देकर साढ़े चार हजार रुपये ठग लिए। अहिरवां निवासी अभय यादव के अनुसार बीती 25 दिसम्बर को वह रामादेवी स्थित एक पैथोलॉजी में अपने परिचित चाचा अरुण कुमार के यहां इलाज के संबंध में गया था। जहां उनकी मुलाकात शिवम यादव उर्फ कुणाल से हुई। शिवम ने खुद को आर्मी में नायब सूबेदार के पद पर तैनात बताया। आरोपी ने आईडी कार्ड, कैंटीन कार्ड, आर्मी की वर्दी में खुद की फोटो भी दिखाई। इस पर वह झांसे में आ गए। इसके बाद आरोपी ने आर्मी भर्ती देखने के लिए पीड़ित का स्पोर्ट कोटे से सर्टिफिकेट बनवाने का लालच दिया। इसके लिए साढ़े चार हजार रुपये लिए। इसके बाद पीड़ित को जानकारी हुई कि आरोपी फर्जीवाड़ा करता है। इसपर बीती 27 दिसंबर को आरोपी के घर जाकर देखा तो वह सेना की वर्दी पहने हुए मिला। उससे ड्यूटी के बारे में पूछने पर वह कुछ नहीं बोला। अपने रुपये मांगे तो वह आनाकानी करने लगा। पीड़ित से पुलिस कमिश्नर के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि कार्रवाई की जा रही है।

युवा हुए रवाना

कानपुर। आईटीआई की ओर से मारुति सुजुकी द्वारा 194 रोज़गार चयनित पुरुष अभ्यर्थियों को नि:शुल्क बस द्वारा गुजरात में स्थित कंपनी में भेजा गया। चयनित युवाओं की बस को नोडल प्रधानाचार्य हरीश कुमार मिश्रा ने हरी झंडी दिखा बस को रवाना किया। इस दौरान प्लेसमेंट सेल से प्रमोद कुमार पाण्डेय, विभव शुक्ला, रितेश शुक्ला, अजय द्विवेदी, रिजवान सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

शातिरों ने मोची के नाम खाते में मंगाए 80 करोड़

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- यूपी एसटीएफ व कमिश्नरेट पुलिस ने ठगों को म्यूल अकाउंट उपलब्ध कराने वाले दो शातिरों को पंजाब से दबोचा
- तीन माह में मोची के खाते में आई पूरी रकम, खाते पर पूरे देश से 650 शिकायतें व यूपी से 13 मुकदमे दर्ज थे

अमृत विचार। यूपी एसटीएफ व कमिश्नरेट पुलिस ने दो साइबर शातिरों को पंजाब से गिरफ्तार किया है। शातिर शेयर मार्केट में निवेश और डिजिटल अरेस्ट कर ठगी करते थे। म्यूल अकाउंट भी उपलब्ध कराते थे। गिरोह श्रीलंका व ब्रिटेन के मोबाइल नंबरों और नाम का प्रयोग करता। जिससे कनेक्शन अंतरराष्ट्रीय साइबर ठग गिरोह से होने की आशंका है। गिरोह में शामिल एक मोची के खाते में तीन माह में 80 करोड़ की रकम ट्रांसफर की गई। खाते पर एनसीआरपी (नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल) पर पूरे देश से 656 शिकायतें व यूपी से 13 मुकदमें दर्ज हैं। आरोपी ने शहर के मेडिकल स्टोर संचालक से शेयर ट्रेडिंग के नाम पर ठगी की थी।

पकड़े गए आरोपी व जानकारी देते पुलिस कमिश्नर। अमृत विचार

पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल ने खुलासा करते हुए बताया कि बीती दो जनवरी को नौबस्ता में मेडिकल स्टोर संचालक अमित राठौर ने शेयर ट्रेडिंग झांसा देकर सात लाख की ठगी का मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद से साइबर क्राइम टीम मामले की जांच में जुटी थी। जांच टीम ठगी की रकम ट्रांसफर करने के लिए इस्तेमाल किए गए खातों की जांच करते पंजाब के जिला फाजिल्का अबोहर पहुंची। वहां के निवासी आटो पार्ट्स दुकानदार करण कसेरा व इलेक्ट्रीशियन गुलशन को गिरफ्तार किया। टीम ने आरोपियों के पास से दो आईफोन, चेकबुक, डिपॉजिट स्लिप, 11 चेक, पांच एटीएम कार्ड, 8500 रुपये व अन्य दस्तावेज बरामद किए। पकड़े गए दोनों आरोपी साइबर ठगों को म्यूल अकाउंट उपलब्ध कराते थे। इन्हीं खातों के जरिए साइबर ठगी की रकम को ट्रांसफर किया जाता था। आरोपी फर्जी दस्तावेजों की मदद से गांव में रहने वाले मोची अजय कुमार के नाम दिल्ली स्थित नेशनल अर्बन कोआपरेटिव बैंक की शाखा में खाता खुलवाया था। एके ट्रेडर्स नाम से करंट अकाउंट में बीते तीन माह में 80 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए गए है। जांच में सामने आया कि इस खाते में नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, सहारनपुर, कानपुर, आगरा, बाराबंकी, मथुरा से 13 मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी अजय कुमार को दिल्ली पुलिस जेल भेज चुकी है। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि दोनों आरोपियों को जेल भेजकर गिरोह के अन्य सदस्यों की बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

क्या है म्यूल अकाउंट

- म्यूल अकाउंट ऐसे बैंक खाते होते हैं, जिनका उपयोग साइबर अपराधी गैर-कानूनी तरीके से हासिल पैसों को ठिकाने लगाने या ट्रांसफर करने के लिए करते हैं। खाताधारकों को पता भी नहीं होता है कि उनका खाता अपराध में इस्तेमाल हो रहा है। अपराधी पीड़ित से ठगा हुआ पैसा पहले म्यूल अकाउंट में मंगवाते हैं और फिर वहां से उसे अन्य खातों में ट्रांसफर कर देते हैं। जिससे असली अपराधी तक पुलिस को पहुंचने में दिक्कत होती है।

पीड़ित के कैमरा चालू करते ही पुलिस चौंकी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। बर्रा थाना परिसर का 29 सेकेंड का वीडियो शुक्रवार को सोशल मीडिया पर वायरल होते ही पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो गए। वीडियो में पीड़ित से पुलिसकर्मी अभद्रता करते और मोबाइल छीनने की कोशिश करते दिखे। सवाल यह है कि जब सब ठीक है तो कैमरा चालू होते ही पुलिस असहज क्यों हुई।

बर्रा निवासी सुप्रिया भदौरिया की शिकायत से मामला जुड़ा है। जिसमें उसने अपने पति हर्षवर्धन के सहकर्मी पर घर में घुसकर गाली-गलौज करने व जान से मारने की धमकी देने और आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया गया है। आरोप है कि 20 मार्च को आरोपित जबरन घर में घुसा और दंपती को बदनाम करते हुए महिला को आत्महत्या करने तक की बात कही। बताया गया कि लगातार मानसिक प्रताड़ना से परेशान होकर महिला ने 24 मार्च को आत्महत्या का प्रयास किया लेकिन परिजनों ने बचा लिया। पीड़िता का कहना है कि 5 अप्रैल से वह थाने के चक्कर लगा रही है लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। इसी दौरान थाना परिसर में बनाया गया वीडियो वायरल हो गया। जिसमें चौकी इंचार्ज समर सिंह, थाना प्रभारी रविंद्र श्रीवास्तव और डॉक मुंशी विवेक अवस्थी समेत अन्य पुलिसकर्मी दिखाई दे रहे हैं। वहीं थाना प्रभारी के मुताबिक मामला आपसी विवाद और वेतन भुगतान से जुड़ा है, जांच में आरोपों की पुष्टि नहीं हुई।

एनआरआई सिटी के क्लब में चरस, गांजा और कोकीन

हाई प्रोफाइल ड्रग पार्टी पकड़ी, इंस्टाग्राम पर रेव पार्टी का न्योता

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- इंट्री फीस देकर दो पुलिसकर्मी अंदर पहुंचे, देर रात पड़ा छापा भारी मात्रा में ड्रग हुआ बरामद

अमृत विचार। एक हजार रुपये इंट्री फीस पर चल रहे हाई प्रोफाइल रेव पार्टी में छापेमारी कर पुलिस ने ड्रग्स डीलर व आयोजक को गिरफ्तार किया है। हाई प्रोफइल रेव पार्टी एनआरआई सिटी स्थित क्लब में चल रही थी। क्लब में चोरीछिपे रेव पार्टी का आयोजन हो रहा था। पार्टी में हाई प्रोफाइल ड्रग के साथ चरस, गांजा व शराब परोसी जा रही थी। इंस्टाग्राम के जरिए पार्टी का न्योता दिया जाता था।

क्लब में आयोजित पार्टी में आईआईटी, सीएसजेएमयू के छात्रों के साथ दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और कानपुर के 140 रईसजादे शामिल थे। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) को इस रेव पार्टी का पता चलते ही रैकेट के खुलासे के लिए जाल बिछाया। दो पुलिसकर्मी इंट्री फीस देकर पार्टी में



शामिल होने पहुंचे। हाई प्रोफाइल पार्टी जब अपने चरम पर थी, एसओजी ने छापेमारी कर गिरफ्तारी की। पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल ने खुलासा करते हुए बताया कि शहर में कुछ दिनों से इंस्टाग्राम पर एनआरआई सिटी के स्टेला नाओमी होटल में पार्टी का न्योता भेजा जा रहा था। वहां इंट्री फीस 1000 रुपये थी। पार्टी में हाई प्रोफाइल ड्रग्स का प्रयोग होने की जानकारी पर एसओजी ने जाल बिछाया। पार्टी में ड्रग रैकेट के खुलासे के लिए दो पुलिसकर्मी फीस का भुगतान करके क्लब पहुंचे। शुक्रवार देर रात पुलिस टीम पहुंची जहां हाई प्रोफाइल ड्रग्स, चरस, गांजा व शराब परोसी जा रही थी। देर रात ढाई बजे पुलिस टीम ने क्लब में छापेमारी की और आयोजक जाजमऊ निवासी मो. फरदीन व गुमटी के संतनगर चौराहा निवासी ड्रग्स डीलर मोहित जायसवाल को गिरफ्तार कर लिया। मोहित राजस्थान के पुष्कर से रेव पार्टी में हाई प्रोफाइल ड्रग्स बेचने के लिए लाया था। वह हार्डवेयर कारोबारी है।

पार्टी में 0.15 ग्राम हाई प्रोफाइल ड्रग, 23.47 ग्राम गांजा, 5.49 ग्राम चरस, 1.19 कोकीन, 0.60 ग्राम हसीस, पांच क्रशर, स्मोकिंग फिल्टर, 49 हजार रुपये बरामद किए गए हैं।

गुस्सैल स्वभाव के चलते महिला ने की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। हनुमंत विहार में गुस्सैल आदत के चलते महिला ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। शव फंदे से लटका देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

मूलरूप से फतेहपुर निवासी नवल किशोर कश्यप ऑटो ड्राइवर हैं। हनुमंत विहार के राजेनगर में किराए पर कमरा लेकर 26 वर्षीय पत्नी नमृता के साथ रहते थे। राजेनगर में ही नमृता का मायका है। जहां मां अनीता, तीन भाई प्रकाश, प्रभात व कृष्णा है, जो देखरेख करते थे। मां ने बताया कि नमृता जरा-जरा सी बात पर क्रोधित हो जाती थी। पति ही नहीं मायके में भी सभी से लड़ाई कर लेती थी। पति से कहासुनी के बाद उसने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि शुक्रवार शाम पति-पत्नी में विवाद के बाद नमृता ने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शव फंदे से लटका देखकर परिजन सन्न रह गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम भेजा। हनुमंत विहार थाना प्रभारी ने बताया कि परिजनों ने किसी तरह का आरोप नहीं लगाया है। अगर तहरीर मिल तो कार्रवाई की जाएगी।

युवक ने फांसी लगाकर दी जान

- **कानपुर।** बर्रा में शराब पीकर घर आने पर मां ने डाट दिया। इस पर युवक ने कमरे में फांसी लगा ली। फंदे से शव लटका देख परिजनों में चींख-पुकार मच गई। सूचना पर पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम भेजा। विश्व बैंक निवासी स्व. अशोक कुमार मिश्रा का 38 वर्षीय बेटा गौरव तीन-चार माह से बेरोजगार था। मां विनोद देवी व बड़ा भाई आर्डिनेंस कर्मी सौरभ ने बताया कि काम छोड़कर तीन माह से रोज शराब पी रहा था। शुक्रवार रात को भी नशे की हालत में घर आया। इस पर मां ने डाट दिया। विवाद के बाद युवक कमरे में चला गया। सुबह बड़े भाई ने आवाज देने के बाद धकियाकर दरवाजा खोला तो शव लटका देखकर सन्न रह गए। सूचना पर पहुंच पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम भिजवाया।

प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही छात्रा ने दी जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। इस दुनिया से हार चुकी हूं, सॉरी मम्मी-पापा। सुसाइड नोट में यह लिख प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही छात्रा ने फंदे से लटककर जान दे दी। छात्रा के कमरे से न निकलने पर पड़ोसी छात्रों ने घटना की जानकारी पुलिस व हॉस्टल संचालक को दी। काकादेव पुलिस ने फॉरेंसिक टीम बुलाकर साक्ष्य एकत्र किए। परिजनों की सूचना पर शव पोस्टमार्टम भेजा।

मूलरूप से इटावा अजीतनगर निवासी रमेंद्र चंद्र की 26 वर्षीय बेटी मोनिका काकादेव के नवीननगर स्थित हॉस्टल में रहकर पिछले डेढ़ साल से बैंक की तैयारी कर रही थी। शनिवार को वह पीजी में रह रही सहपाठियों से बात कर आराम करने की बात कहकर कमरे में चली गई। फिर शाम को कमरे से हलचल न होने पर सहेलियों ने आवाज दी, लेकिन कोई जवाब

मोनिका।

नहीं मिला। पुलिस को सूचना देकर हॉस्टल कर्मियों ने दरवाजा तोड़ा तो छात्रा को शव फंदे से लटका पाया। पुलिस व फॉरेंसिक टीम कमरे की जांच-पड़ताल की तो मेज में एक पेज का सुसाइड नोट मिला। जिसमें किसी बात को लेकर पिछले एक साल मानसिक तनाव से गुजरने की बात लिखी है। काकादेव थाना प्रभारी राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि सुसाइड नोट से पता चलता है कि डिप्रेशन के चलते छात्रा ने आत्महत्या किया है।

ट्रेन आने पर नहर में कूदा वृद्ध, मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। पनकी में रेलवे लाइन के किनारे रास्ते से ड्यूटी जा रहे बुजुर्ग के पीछे से अचानक ट्रेन आ गई। डरकर बुजुर्ग गुजैनी नहर में कूद गया। डूबने से उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने नहर से शव निकलवा कर पोस्टमार्टम भिजवाया। खबर पाकर परिजनों में चींख-पुकार मच गई।

शिव शंकर।

गुजैनी निवासी 76 वर्षीय शिव शंकर शर्मा प्राइवेट कंपनी में गार्ड थे। परिवार में तीन बेटे राज किशोर, श्याम किशोर, रूप किशोर हैं। पत्नी कांती की छह माह पहले निधन हो गया था। बेटों ने बताया कि पिता शुक्रवार शाम करीब छह बजे साइकिल से ड्यूटी के लिए निकले थे। वह अक्सर गुजैनी नहर रेलवे लाइन के बीच से निकले रास्ते से जाते थे। जब नहर के पास से निकले, इसी बीच पीछे से ट्रेन आ गई। अचानक हार्न सुनकर वह डर गए और घबराहट में नहर में कूद गए। डूबने से उनकी मौत हो गई। आसपास के लोगों ने उन्हें कूदते देखा तो इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने नहर से शव निकलवाया और उनके पास मिले कागजात के आधार पर रात आठ बजे परिजनों को हादसे की जानकारी दी। घरवाले मौके पर पहुंचे और शव शिनाख्त की।

ट्रेन की चपेट में आकर वृद्ध की जान गई

कानपुर। लकड़मंडी के पास रेलवे लाइन पार करते समय वृद्ध ट्रेन की चपेट में आ गया। सूचना पर सेंट्रल जीआरपी ने शव की शिनाख्त कराई और पोस्टमार्टम भेजा। कलक्टरगंज झकरकटी पुल के नीचे रहने वाले 62 वर्षीय रविशंकर ओझा प्राइवेट नौकरी करते थे। परिवार में पत्नी शशि, तीन बच्चे आशीष, अनूप व शादीशुदा बेटी निधि है। परिजनों ने बताया कि वह रोज लकड़मंडी के पास ट्रैक पार करके मंदिर जाते थे। उन्हें दिखाई भी कम देता था। अक्सर बच्चों को भी साल लेकर जाते थे। शुक्रवार को अकेले जा रहे थे। तभी ट्रेन की चपेट में आ गए। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। जीआरपी की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची।

रविशंकर।

नशीला पदार्थ पिलाकर लूटा

कानपुर। यशोदा नगर पुलिया नंबर 14 निवासी सूरज सिंह चौहान के अनुसार 10 अप्रैल को अंजान नंबर से उनके पास कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को स्वदेश श्रीवास्तव बताकर घर में स्टील ग्रिल लगाने की बात कही और 11 अप्रैल को उसे ऑफिस चौराहा बुलाया। जब सूरज दोबारा उसके पास पहुंचे तो आरोपी उसे आवास विकास हंसपुरम के एक मकान में ले गया। जहां चार लोग पहले से मौजूद थे। सभी एक दूसरे को नाम से आशीष अवस्थी, आदर्श मिश्रा, विन्ना सेठ और बजमी बुला रहे थे। आरोप हैं कि बातचीत के दौरान पीड़ित को पानी में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। बेसुध होने पर आरोपियों ने उसकी जेब से 40 हजार रुपये निकाल लिए। होश आने पर विरोध किया तो आरोपियों ने गाली-गलौज कर जान की धमकी दी और भगा दिया।

केस्को के सभी सबस्टेशनों में लागू किया जाएगा स्काडा सिस्टम

एक्सक्लूसिव

- अनावश्यक बिजली संकट से मिलेगा छुटकारा
- मेगा विग कंपनी ने डिवाइस लगाने के लिए शुरू किया सर्वे

विकास कुमार, कानपुर

अमृत विचार। कानपुर विद्युत आपूर्ति कंपनी के अब सभी सबस्टेशनों को स्काडा सिस्टम से लैस किया जाएगा, जिसके लिए कंपनी फाइनल हो गई है और कंपनी ने सबस्टेशनों को स्काडा से जोड़ने के लिए सर्वे का कार्य शुरू कर दिया है। सर्वे पूरा होने के बाद सभी सबस्टेशनों में आरएमयू, आरटीयू और सिक्सलाइजर लगाए जाएंगे।

केस्को के साढ़े सात लाख उपभोक्ता हैं, जिनको बिजली आपूर्ति 97 सबस्टेशनों के माध्यम से दी जाती है। 14 सबस्टेशनों को स्काडा सिस्टम से जोड़ा जा चुका है और अब सभी बचे हुए सबस्टेशनों को स्काडा से जोड़ने की तैयारी केस्को ने कर ली है। मेगा विंग कंपनी ने स्काडा सिस्टम से युक्त सबस्टेशनों से जानकारी करने के बाद बचे हुए बचे हुए सबस्टेशनों में सर्वे का कार्य शुरू कर दिया है, जिसको करीब तीन माह होने को है।

सर्वे पूरा होने के बाद सभी चिन्हित सबस्टेशनों व ट्रांसफार्मरों पर आरएमयू, आटीयू और सेसलाइजर लगाए जाएंगे। केस्को प्रबंध निदेशक सैमुअल पॉल एन ने बताया कि यह प्रोजेक्ट 234 करोड़ रुपये का है, जिसके तहत बचे हुए सभी सबस्टेशनों को वर्ष 2027 के जून माह तक पूरा करना है। सभी सबस्टेशनों को स्काडा सिस्टम से जोड़ने के लिए 818 रिंग मेन यूनिट (आरएमयू), 92 रीमोट टर्मिनल यूनिट (आरटीयू), 163 सेसलाइजर और 257 ऑटो रिक्लोजर लगाए जाएंगे। केस्को मीडिया प्रभारी देवेंद्र वर्मा ने बताया कि इन डिवाइस के लगने के बाद इन डिवाइस के लगने के बाद अनावश्यक बिजली संकट का सामना नहीं करना पड़ेगा।

केस्को एमडीसैमुअल पॉल एन।

आरएमयू का ये होता मुख्य काम

- रिंग मेन यूनिट (आरएमयू) शॉर्ट सर्किट, ओवरलोड और अर्थ फॉल्ट जैसी स्थितियों से वितरण ट्रांसफार्मर और लाइन की रक्षा करने का काम करेगा। स्काडा से आरएमयू जुड़ने पर मानव हस्तक्षेप के बिना या न्यूनतम हस्तक्षेप के साथ फॉल्ट को ठीक किया जा सकता है। वहीं, यदि रिंग नेटवर्क में किसी बिंदु पर खराबी आती है, तो आरएमयू उसे पहचानकर खराब हिस्से को पूरे सिस्टम से अलग कर देता है, जिससे बाकी क्षेत्र की बिजली चालू रहती है, किसी प्रकार प्रभावित नहीं होती है। इसके अलावा आरएमयू को स्काडा सिस्टम के माध्यम से दूर से ही ऑपरेट (बंद या चालू) किया जा सकता है, जिससे ऑपरेटर को ग्रिड की स्थिति का पता भी चलता रहता है।

स्काडा सिस्टम की आंख व कान है आरटीयू

- रीमोट टर्मिनल यूनिट (आरटीयू) स्काडा सिस्टम की आंख व कान का काम करता है, यह फील्ड-माउंटेड, माइक्रोप्रोसेसर-आधारित उपकरण दूरस्थ सबस्टेशनों से डेटा एकत्र करता है, उसे प्रोसेस करता है और केंद्रीय मास्टर कंट्रोल रूम को भेजता है। सेंसरों (वोल्टेज, करंट), स्विच और वाल्व से जुड़कर वास्तविक समय में बिजली ग्रिड की निगरानी, दूरस्थ नियंत्रण और अलार्म रिपोर्टिंग का भी काम करता है। वोल्टेज, करंट, तापमान और डिजिटल इनपुट सेंसर से बिजली प्रणाली का रीयल-टाइम डेटा एकत्र करता है।

फॉल्ट को आइसोलेट करता है सेसलाइजर

- सेसलाइजर इंटेलिजेंट स्विचिंग डिवाइस है, यह लाइन में करंट के प्रवाह को मॉनिटर करता है। शॉर्ट सर्किट या फॉल्ट होता है तो सेसलाइजर उसे पहचानता है। फॉल्ट होने पर मुख्य रीक्लोजर जब बिजली बंद करता है और फिर चालू करने का प्रयास करता है तो सेसलाइजर इन प्रयासों की गिनती करता है। फॉल्ट स्थायी है, तो सेसलाइजर निर्धारित गिनती के बाद खुल जाता है।

ऑटो रिक्लोजर मैन्युअल हस्तक्षेप को करता है कम

- यदि लाइन में कोई अस्थायी खराबी (जैसे पेड़ की टहनी गिरने या बिजली गिरने से) आती है, तो रिक्लाइजर ब्रेकर को ट्रिप कर देता है और कुछ सेकंड बाद स्वचालित रूप से उसे बंद कर देता है, जिससे बिजली चालू हो जाती है। ऑपरेटर के मौके पर जाए बिना ही बिजली बहाल कर सकता है। वहीं, यदि फॉल्ट लगातार बना रहता है तो ऑटो रिक्लाइजर निर्धारित प्रयासों के बाद सर्किट को स्थायी रूप से बंद कर देता है, ताकि आगे कोई नुकसान न हो। ऑटो रिक्लाइजर स्काडा के साथ मिलकर मरम्मत के लिए मैन्युअल हस्तक्षेप को कम करता है।

सख्ती | हूटर, प्रेशर हार्न लगवाने वाले वाहन स्वामियों की भी मुसीबत बढ़ी

मोडिफाइड साइलेंसर लगाया या बेचा तो 5000 जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। वाहन को मोडिफाइड कराने एवं करने वाले वाहन स्वामियों एवं गैराज के खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई है जिसकी पहल शहर के मोटर गैराज चलाने वालों से की है। किसी भी वर्कशाप ने वाहन को मोडिफाइड करने की कोशिश की या इस प्रकार की कोई सामग्री बेची तो ऐसे गैराज पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

शनिवार को संभागीय परिवहन कार्यालय में मोडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न एवं हूटर के संबंध में गैराज, वर्कशॉप संचालक एवं वाहन विक्रेता डीलर्स के साथ बैठक हुई जिसमें निर्देशित किया गया कि दोपहिया वाहनों में साइलेंसर को मॉडिफाई कर पटाखा

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में निर्देश दिए गए। अमृत विचार

छोड़ने वाला ना बनाया जाए। साथ ही साथ हूटर एवं प्रेशर हॉर्न न लगाया जाए यदि सर्विस के लिए वाहन आते हैं तो ऐसे वाहनों को पहले मानक में लाया जाए, उसके बाद वाहन को ठीक किया जाए।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन आलोक कुमार सिंह ने कहा कि जिन वाहन स्वामियों द्वारा अपने मोटरयान में अनधिकृत अल्ट्रेशन करते हुए ऐसा परिवर्तन किया जाता है, तो उनके विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जाएगी। 182ए (4) के तहत सम्बन्धित वाहन स्वामी को ऐसी अवधि के कारावास से जो छह माह तक की हो सकेगी, अथवा ऐसे प्रत्येक परिवर्तन के लिए पांच हजार रुपये तक के जुमनि से अथवा दोनों से दडिंत किया जा सकता है। जो कोई व्यक्ति किसी सार्वजानिक स्थान में ऐसा मोटर यान चलाएगा, अथवा चलाने देगा जिससे सड़क सुरक्षा, शोर नियत्रंण एवं बायु प्रदूषण के सम्बन्ध में विहित मानकों का उल्लंघन होता हैं, उनके विरूद्ध मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा 190 (2) के अंतर्गत विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। धारा 190 (2) के तहत सम्बन्धित व्यक्ति प्रथम अपराध के लिए तीन माह तक के कारावास अथवा दस हजार तक के जुर्माना या दोनों से दंडनीय होगा।

वाहन स्वामी का ड्राइविंग लाइसेंस भी निरस्त होगा

- यदि कोई वाहन चला रहा है या चलवा रहा है, वह व्यक्ति उक्त जुर्माने का दायी होने के साथ-साथ उसका ड्राइविंग लाइसेंस तीन माह के लिये अयोग्य कर दिया जायेगा। जिन वाहनों में मोडिफाइड साइलेंसर / ध्वनि प्रदूषण उत्पन्न करने वाले उपकरण लगे पाए जाते है तथा जिनका चालान किया गया है, उनके विरुद्ध मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा 53 (1) के अर्न्तगत पंजीयन प्रमाण-पत्र के निलम्बन की कार्यवाही प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जायेगी।

सिटी ब्रीफ

तात्या टोपे को अर्पित की पुष्पांजलि

कानपुर। नानाराव पार्क में चंद्रशेखर आजाद जन कल्याण समिति भारत ने शाहिद रामचंद्र पांडुरंग उर्फ तात्या टोपे के बलिदान दिवस पर उनके प्रतिमा स्थल पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया। समिति के अध्यक्ष सर्वेश कुमार पांडे ने कहा कि ब्रिटिश शासन में तात्या टोपे ने शौर्य व साहस का परिचय दिया था। गद्दार तरवल के राजा ने शिवपुरी में सहायता की बात कर उन्हें सोते में गिरफ्तार करवा दिया था, जिन्हें 18 अप्रैल 1859 को शिवपुरी जेल में फांसी दे दी गई थी। इस दौरान महामंत्री संदीप साहू, शिक्षक अनिल त्रिपाठी, दीनानाथ द्विवेदी, हर्षित शुक्ला, वीडी जायसवाल, विकास मल्होत्रा, रविदत्त मिश्रा, प्रतिभा साहू, मनोज दुबे, एडवोकेट संतोष शर्मा, वेदांश पांडे, माजिद इरशाद, तिलकचंद कुरील आदि रहे।

फॉल्ट से गई बिजली

कानपुर। पटेल नगर में एचटी लाइन पर फॉल्ट की वजह से शनिवार सुबह साढ़े सात बजे से साढ़ नौ बजे तक, नानकारी उपकेंद्र के जी-3 फीडर की बिजली फॉल्ट से शाम को चार बजे से छह बजे तक गुल रही। फेथफुलगंज, बुनकर व शांति नगर में फॉल्ट की वजह से दोपहर दो बजे से साढ़े तीन बजे तक और बिठूर उपकेंद्र के सभी फीडरों की बिजली दोपहर 12 बजे से तीन बजे तक गुल रही, जिसकी वजह से क्षेत्र के लोगों के परेशानी का सामना करना पड़ा।

निवेश प्रस्तावों को जमीन पर उतारने में शहर ने लगाई बड़ी छलांग, रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और बढ़ेगा रोजगार

शहर ने दिखाया निवेश का 'धुरंधर दम', आधे से ज्यादा लक्ष्य पूरा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए योगी सरकार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-5.0 के तहत प्रदेश में निवेश प्रस्तावों को तेजी से जमीन पर उतारने में जुटी है। सरकार यह मुहिम कानपुर में अब धरातल पर नजर आने लगी है। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-5.0 में कानपुर को 12 हजार करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य दिया गया है, जिसे पूरा करने के लिए निवेश प्रस्तावों को वास्तविक रूप देने में प्रशासन ने पूरी ताकत झोंक रखी है। इसी का परिणाम है कि शहर के लिए निर्धारित 12,000 करोड़ रुपये के कुल निवेश लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 6519.24 करोड़ रुपये की उपलब्धि हासिल की जा चुकी है। प्रशासन उन सभी निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने में जुटा है, जिनसे न केवल शहर की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी बल्कि बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे।

रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की नई इबारत: शहर में डिफेंस कॉरिडोर के तहत चार प्रमुख यूनिट्स को जमीन आवंटित की गई है। इनमें सबसे बड़ी परियोजना 'अडानी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड' की है, जो 1500 करोड़ के प्रस्तावित निवेश के साथ 'इंटीग्रेटेड एम्युनिशन मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी' स्थापित कर रही है। 'डेल्टा कॉम्बैट सिस्टम्स लिमिटेड' 150 करोड़ के निवेश से छोटे हथियारों और गोला-बारूद की यूनिट लगा रही है। एआर पॉलीमर्स प्राइवेट लिमिटेड की ओर से 48 करोड़ का निवेश किया जा रहा है। कंपनी सुरक्षा गियर और बैलिस्टिक सामग्री का निर्माण करेगी। आधुनिक मटेरियल एंड साइंसेज 38.58 करोड़ रुपये से डिफेंस टेक्सटाइल्स की इकाई लगा रही है।

12,000 करोड़ रुपये का निवेश लक्ष्य मिला है शहर को

6519 करोड़ से ज्यादा की उपलब्धि हो चुकी है हासिल

3245 करोड़ का निवेश जुटाया हाउसिंग डिपार्टमेंट ने अपने 2000 करोड़ के लक्ष्य के सापेक्ष

106 करोड़ का आंकड़ा पाया फूड सिविल सप्लाई ने

एमएसएमई और हाउसिंग सेक्टर ने निवेश से भरी झोली

- अभी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 5.0 की तिथि तय नहीं हुई है, लेकिन शहर में निवेश लक्ष्य को पूरा करने में 'डिपार्टमेंट ऑफ एमएसएमई एंड एक्सपोर्ट प्रमोशन' ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 500 करोड़ के लक्ष्य के मुकाबले 1971.64 करोड़ रुपये का निवेश धरातल पर उतार दिया है। 'हाउसिंग डिपार्टमेंट' ने भी अपने 2000 करोड़ के लक्ष्य को काफी पीछे छोड़ते हुए 3245.80 करोड़ की उपलब्धि हासिल कर ली है। 'मेडिकल हेल्थ डिपार्टमेंट' ने भी 300 करोड़ के लक्ष्य के सापेक्ष 600 करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त कर लिया है। 'फूड एंड सिविल सप्लाई' विभाग 50 करोड़ के लक्ष्य के मुकाबले 106 करोड़ की उपलब्धि दर्ज कर चुका है।

यूपीसीडा की निवेश जुटाने में कछुआ चाल

- आंकड़ों के अनुसार, 'डिपार्टमेंट ऑफ एक्साइज' ने अपने 50 करोड़ के लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूरा कर लिया है। 'डिपार्टमेंट ऑफ एडिशनल सोर्स ऑफ एनर्जी' ने 200 करोड़ के लक्ष्य के मुकाबले 175 करोड़ और 'हॉर्टिकल्चर डिपार्टमेंट' ने 150 करोड़ के लक्ष्य पर 100 करोड़ का काम पूरा किया है। 'हैंडलूम एंड टेक्सटाइल्स' ने 200 करोड़ के सापेक्ष 55.61 करोड़, 'टूरिज्म' ने 500 करोड़ के सापेक्ष 120 करोड़ और 'डेयरी डेवलपमेंट' ने 50 करोड़ के लक्ष्य में 20.19 करोड़ का निवेश हासिल किया है। लेकिन यूपी स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूपीसीडा) 2700 करोड़ के लक्ष्य के सापेक्ष अभी तक केवल 75 करोड़ का निवेश ही जुटा पाया है। प्रशासन की ओर से कृषि, पशुपालन, सहकारिता, चिकित्सा शिक्षा, उच्च शिक्षा और आईटी जैसे विभागों के लिए भी भारी निवेश के लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं, जिन्हें पूरा करने के लिए प्रक्रिया जारी है।

1971 करोड़ का निवेश एमएसएमई एंड एक्सपोर्ट प्रमोशन ने 500 करोड़ के लक्ष्य के मुकाबले जुटाया

कानपुर में 12,000 करोड़ के निवेश लक्ष्य को प्राप्त करना हमारी प्राथमिकता है। हम निवेशकों के हर प्रस्ताव को धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध हैं। डिफेंस कॉरिडोर की चार प्रमुख इकाइयां शहर की औद्योगिक पहचान को वैश्विक पटल पर ले जाएंगी। प्रशासन हर स्तर पर निवेशकों का सहयोग कर रहा है।

-जितेन्द्र प्रताप सिंह, जिलाधिकारी, कानपुर नगर

औद्योगिक विकास के मामले में कानपुर के आंकड़े बहुत उत्साहजनक हैं। एमएसएमई और हाउसिंग सेक्टर में लक्ष्य से बहुत आगे बढ़कर काम किया है। डिफेंस कॉरिडोर में आवंटित इकाइयों पर काम तेजी से चल रहा है। प्रयास है कि सभी निवेश प्रस्ताव जल्द से जल्द क्रियान्वित होकर रोजगार के द्वार खोलें।

— अंजनीश प्रताप सिंह, उपायुक्त उद्योग, कानपुर

निवेशकों का भरोसा लौटने लगा, नुकसान की हुई भरपाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **अप्रैल माह में अब तक शहर के निवेशकों के पोर्टफोलियो में 12,500 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी का अनुमान**

अमृत विचार। शेयर बाजार में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से निवेश करने वालों के लिए पिछला माह किसी बुरे सपने से कम नहीं था। पश्चिम एशिया में युद्ध के चलते निफ्टी और सेंसेक्स में 11 फीसदी से ज्यादा की गिरावट दर्ज हुई थी। इस कारण मार्च माह में शहर के निवेशकों के पोर्टफोलियो वैल्यू में करीब 12 हजार करोड़ रुपये की कमी आई थी। लेकिन नए वित्तवर्ष में पश्चिम एशिया में शांति के प्रयासों से निवेशकों का भरोसा लौटने लगा है।

इतिहास गवाह है कि युद्ध खत्म होने के बाद शेयर बाजार में अच्छी तेजी आती है और इस बार भी कुछ ऐसा ही होता दिख रहा है। अप्रैल माह के पहले 11 कारोबारी सत्रों में शहर के निवेशकों के पोर्टफोलियो में करीब 12,500 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी का अनुमान लगाया गया है। यह तब है, जब बाजार में पूरी तरह से स्थिरता अभी दूर है। शुक्रवार 17 अप्रैल को निफ्टी 157 अंक तो सेंसेक्स 505 अंकों के बढ़ोतरी के साथ बंद हुआ। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में पंजीकृत कंपनियों का बाजार पूंजीकरण एक बार फिर 5 ट्रिलियन डॉलर के पार पहुंच गया। बाजार में सुधार की बड़ी वजह कच्चे तेल की कीमतों में आई नरमी है।

अमेरिका-ईरान के बीच सीजफायर और कूटनीतिक प्रयासों से अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल की कीमतों में कमी आई है। भारत जैसे तेल के लिए आयात पर निर्भर देश को इससे राहत मिली है, क्योंकि इससे महंगाई का दबाव कम होने से कॉर्पोरेट मार्जिन बेहतर होते हैं। इसके अलावा, घरेलू स्तर पर भी निवेशकों की सक्रियता बढ़ी है। म्यूचुअल फंड्स के जरिए आने वाला एसआईपी निवेश लगातार स्थिर है, जो बाजार को एक मजबूत आधार प्रदान कर रहा है, जबकि बाजार में उतार-चढ़ाव अभी भी जारी है।

मार्च में गिरावट की मुख्य वजह पश्चिम एशिया में अस्थिरता, कच्चे तेल की कीमतों में तेजी थी। विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली ने दबाव और बढ़ा दिया था। घबराहट में कई स्थानीय निवेशकों ने नुकसान में ही अपनी होल्डिंग्स बेच दी थीं। अब पश्चिम एशिया में तनाव कम होने का सीधा असर शेयर बाजार पर पड़ रहा है। हालांकि, निवेशक अभी पिछले अनुभव के कारण पूरी तरह आश्वस्त नहीं हैं और किसी भी नकारात्मक खबर के जोखिम को देखते हुए सतर्क रुख अपना रहे हैं।

– राजीव सिंह, वित्तीय सलाहकार व शेयर बाजार विशेषज्ञ

सेमिनार का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े कानूनी प्रावधानों पर जागरूक रहें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **नारायना मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर में कानूनी पहलू विषय पर हुआ सेमिनार**

अमृत विचार। पनकी गंगागंज स्थित नारायना मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर में शनिवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने भारत में चिकित्सा प्रैक्टिस के कानूनी पहलू विषय पर सेमिनार का आयोजन किया इसका उद्देश्य चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े कानूनी प्रावधानों के प्रति जागरूकता बढ़ाना, डॉक्टरों को सुरक्षित व जिम्मेदार चिकित्सा प्रैक्टिस के लिए सक्षम बनाना रहा।

सेमिनार में प्रमुख रूप से उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के चिकित्सा पहलू, दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, बाल यौन अपराधों से संरक्षण अधिनियम, किशोर न्याय अधिनियम, मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम, गर्भपात अधिनियम, पूर्व गर्भाधान, प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम और अंग प्रत्यारोपण अधिनियम पर चर्चा की गई। इन सभी विषयों के माध्यम से डॉक्टरों की जिम्मेदारियां, मरीजों के अधिकारों व सुरक्षित चिकित्सा प्रक्रियाओं से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गईं। प्रतिभागियों ने कई प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने उत्तर दिया। नारायना ग्रुप के चेयरमैन अमित नारायन ने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े कानूनी प्रावधानों के बारे में डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ व सभी स्वास्थ्य कर्मियों को जानकारी होना बेहद जरूरी है। प्रबंध निदेशक उदित नारायन ने कहा कि नारायना मेडिकल कॉलेज भविष्य में भी ऐसे शैक्षणिक व जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा। इस दौरान नारायना मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ.वीरेंद्र कुमार, एसीपी कल्यानपुर आशुतोष कुमार, आईएमए सचिव डॉ. शालिनी मोहन, डॉ.दीपक, एसीएमओ डॉ. आरपी सिंह, डॉ.रोहिणी श्रीवास्तव व डॉ.शशांक समेत डॉक्टर, स्टाफ व विद्यार्थी मौजूद रहे।

छोटे छेद से स्टेंट महाधमनी में पहुंचाकर बचाई जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। थोरेसिक एओर्टिक एन्यूरिज्म नामक गंभीर बीमारियों से ग्रस्त 67 वर्षीय बुजुर्ग का बिठूर स्थित पारस हॉस्पिटल में डॉक्टरों ने मिनिमली इनवेसिव प्रक्रिया से धमनी की मरम्मत की, जिसके लिए विशेष रूप से डिजाइन किए गए स्टेंट ग्राफ्ट का उपयोग किया गया। यह स्टेंट एक छोटे से छेद से शरीर में डालकर महाधमनी के कमजोर हिस्से तक पहुंचाया गया, जिसके बाद मरीज की जान बची और बीमारी से राहत मिली।

कार्डियोलॉजी, सीनियर कंसलटेंट डॉ. श्रीपद खैरनार ने बताया कि 67 वर्षीय बुजुर्ग पारस हॉस्पिटल में इलाज के लिए आए, यहां जांच में महाधमनी (एओर्टा) मंज 10 सेंटीमीटर की बहुत बड़ी सूजन मिली, जिससे धमनी के फटने का बहुत अधिक खतरा था। एक विशेष एंडोवैस्कुलर (न्यूनतम चीर-फाड़ वाली) प्रक्रिया की योजना बनाई। वैस्कुलर सर्जरी और कार्डियोथोरेसिक के डॉयरेक्टर डॉ.सुनील कुमार ने बताया कि सावधानी पूर्वक स्टेंट ग्राफ्ट लगाया गया। डॉ.श्रीपद ने बताया कि यह प्रक्रिया स्टेंट ग्राफ्ट को एक छोटे से छेद के जरिए (आमतौर पर जांघ की रक्त वाहिकाओं से) शरीर में डालकर उसे महाधमनी (एओर्टा) के कमजोर हिस्से तक पहुंचाकर की गई। यह स्टेंट धमनी के अंदर एक सहारे की तरह काम करेगा। रक्त प्रवाह सामान्य बनाए रखेगा और क्षतिग्रस्त हिस्से पर पड़ने वाले दबाव को कम करेगा। टीम कार्डियक एनेस्थीसिया कंसलटेंट डॉ.बृजेश पांडेय व डॉक्टर रहे।

सफल ऑपरेशन की जानकारी देते डॉक्टर्स। अमृत विचार

कार्यालय ग्राम पंचायत गढ़ी विकासखंड ककवन कानपुर नगर

पत्रांक : मेमो / राज्य/ केंद्रीय वित्त आयोग/OSR/निविदा/2026-27 दिनांक : 17/04/2026

निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा सूचना

केंद्रीय एवं राज्य वित्त आयोग के अंतर्गत ग्राम पंचायत गढ़ी विकासखंड ककवन कानपुर नगर में स्वीकृत निम्नलिखित कार्यों हेतु वर्ष 2025-26 के अंतर्गत निविदा आमंत्रित की जाती है निविदा दिनांक 23/04/26 को अपराह्न से अधो हस्ताक्षरी के पंचायत सचिवालय में निविदा पेटी में डाली जाएगी तथा अगले दिन दिनांक 24/4/26 को सामग्री आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में ग्राम पंचायत द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी।

क्रं.	कार्य का नाम	अनु० लागत (प्राक्कलन)	सामग्री	कार्य अवधि
1.	गौवंश आश्रय स्थल बिहारीपुर में चरही पर टीन शेड निर्माण कार्य।	4.55 लाख	प्राक्कलन के अनुसार	1 माह
2.	ग्राम पंचायत सचिवालय में PVC बाल व फॉल सीलिंग कार्य।	2.18 लाख		
3.	ग्राम पंचायत में open Gym लगाये जाने का कार्य।	3.52 लाख		

नियम व शर्तें:- 1-उपरोक्त एक कार्य पूर्ण होने पर धनराशि की उपलब्धता के अनुसार एक-एक ही कार्य कराए जाएंगे। 2- निविदा कर्ता कार्यालय दिवस में सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक दिनांक 20/4/2026 को अपराह्न से निविदा संबंधी एवं निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं। 3-निविदा कर्ता का पंजीकरण आयकर विभाग में अवश्य होना चाहिए बिना जीएसटी नंबर पैन के बिना निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। 4. दिनांक 24/4/26 को यदि किसी कारण निविदा खोलने का कार्य प्रभावित होता है तो अगले कार्य दिवस में यह कार्य संपन्न होगा। 5-निविदा स्वीकार अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार समिति का होगा। 6- बिना कोई कारण बताएं निविदा निरस्त की जा सकती है। 7-आवश्यकता अनुसार उक्त प्राक्कलन में लागत घट बढ़ सकती है।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत गढ़ी
वि० ख० ककवन (कानपुर नगर)

ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत गढ़ी
वि० ख० ककवन (कानपुर नगर)

बुटिक संचालिका की फोटो एडिट कर की वायरल

कानपुर। गोविंदनगर में रहने वाली बुटिक संचालिका की फोटो से छेड़छाड़ कर सोशल मीडिया पर वायरल की गई। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। संचालिका के अनुसार आरोपी ने अली खान नाम से इंस्टाग्राम आईडी बनाकर उनकी फोटो पोस्ट की और अभद्र टिप्पणी लिखी। इतना ही नहीं उसी आईडी से कॉल कर धमकी भी दी गई। परेशान होकर संचालिका ने आरोपी को ब्लॉक कर दिया और थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। गोविंदनगर थाना प्रभारी रिकेश कुमार सिंह के अनुसार रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

बेहतर प्रदर्शन करने वाले सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। पीडब्ल्यू विद्यापीठ फिजिक्सवाला में सम्मान समारोह में शहर के उन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने सीबीएसई कक्षा 10 परीक्षा में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। प्रमुख प्रदर्शनकर्ताओं में अवनी मिश्रा (99.20 फीसदी), प्रखर कटियार (98 फीसदी) और अवनी सिंह (97.60 फीसदी) शामिल रहीं। वैभव अरोड़ा ने कहा कि नियमित तैयारी, सतत अभ्यास और स्कूल व पीडब्ल्यू शिक्षकों के मार्गदर्शन ने अंक प्राप्त करने में मदद मिली। अमोलिक पंडिता ने बताया कि नियमित पुनरावृत्ति और नमूना प्रश्न पत्र हल करना 100 फीसदी अंक लाने में बहुत सहायक रहा। आयुष्मान महापात्रा ने कहा अनुशासन बनाए रखते हुए एक सुव्यवस्थित अध्ययन योजना का पालन करना सफलता की कुंजी रही।

फिजिक्सवाला संस्थापक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी अलख पांडेय ने कहा कि हम परीक्षा में शामिल हुए सभी विद्यार्थियों की मेहनत और समर्पण की सराहना करते हैं, जिन्होंने पूर्ण अंक हासिल किए। वहीं, पंजाब के फाजिल्का से वैभव अरोड़ा, गुजरात के अहमदाबाद से अमोलिक पंडिता और ओडिशा के भुवनेश्वर से आयुष्मान महापात्रा ने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर देश में शीर्ष स्थान हासिल किया।

मेधावियों का सम्मान किया गया। अमृत विचार

अमृत विचार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

मैं JITENDRA KALIKA SINGH पुत्र KALIKA MATAPRASAD SINGH निवासी ग्राम–नरायनपुर, पो0 व थाना–तरबगंज, गोण्डा, उ0प्र0, सबको सूचित करता हूँ कि मैंने अपना नाम बदलकर JITENDRA SINGH रख लिया है, अतः आज से मुझे JITENDRA SINGH के नाम से जाना पहचाना व लिखा जाये।

सूचना

सेंट एलोशियस स्कूल बांगरमऊ के कक्षा 10 में मेरे बेटे का नाम त्रुटिवश अंश यादव पुत्र राधेश्याम दर्ज हो गया है। जबकि मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड व बैंक पासबुक में मेरा सही नाम श्याम बाबू दर्ज है। मुझे मेरे सही नाम श्याम बाबू पुत्र केशन लाल के रूप में जाना व पहचाना जाए। **श्याम बाबू पुत्र केशन लाल निवासी ग्राम– केशवा पुर, मजरा– हीरापुर, परगना व तहसील– बांगरमऊ, जिला– उन्नाव**

सूचना

मेरे पुत्र चरनदीप का चाल चलन खराब हो गया है। उसका अराजक तत्वों से मेल जोल है। वह घर वालों से अभद्रता व आए दिन क्लेश करता है। इस कारण से परिवार के लोगों ने उससे सारे रिश्ते खत्म कर उसे अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया। यदि वह किसी से किसी प्रकार का लेनदेन या अन्य कृत्य करता है तो वह स्वंय उसका जिम्मेदार होगा। परिवार को उससे कोई लेनादेना नही होगा। **रानी देवी पत्नी शीतल प्रसाद निवासी निवाडी कलां थाना बकेवर जिला इटावा।**

सूचना

मैंने अपना नाम NASRUL NISA से बदल कर NASRUL NISHA रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। W/O: MOHAMMAD MUSLIM R/O: BARAVAN GARH MAHAUNA PASCHIM AMETHI UTTAR PRADESH-226021

सूचना (खोया-पाया)

यह सूचित किया जाता है कि मेरी महत्वपूर्ण शैक्षिक मार्कशीट (हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट) हज़रतगंज चौराहे के आस–पास 30 जनवरी को खो गई है। विवरण इस प्रकार है। शकीना खान इंटरमीडिएट अनुक्रमांक: 743977 हाई स्कूल अनुक्रमांक: 1759779 यदि किसी सज्जन को उपरोक्त मार्कशीट प्राप्त हो, तो कृपया नीचे दिए गए संपर्क सूत्र पर सूचित करने का कष्ट करें। उचित इनाम दिया जाएगा। **संपर्क करें: मोबाइल नंबर: 9519549569 दिनांक: 30/01/2026 स्थान: लखनऊ**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि,मेरा हाईस्कूल का प्रमाण पत्र एवं अंकपत्र अनुक्रमांक 2881849, वर्ष 2009,यूपी बोर्ड एवं इंटरमीडिएट का प्रमाण पत्र सह अंकपत्र,अनुक्रमांक 1841159, वर्ष2011,यूपी बोर्ड वास्तव में कहीं खो गया है। **प्रार्थिनी साधना वर्मा पुत्री राम सूरत वर्मा ग्राम–मिसिरपुर जलालपुर,पोस्ट – पौधनरामपुर, थाना– अखण्डनगर, सुल्तानपुर।**

सूचना

मेरे पासपोर्ट नंबर P4805024 में मेरे पिता का नाम AKEEL AHMAD दर्ज है। जबकि मेरे आधार कार्ड नंबर 4676 9711 8635 में पिता का नाम AKEEL AHMAD ANSARI दर्ज है। पासपोर्ट में भी पिता का नाम AKEEL AHMAD ANSARI दर्ज किया जाए। **शकील अहमद अंसारी पुत्र अकील अहमद अंसारी ग्राम व पोस्ट लौकहवा जनपद बलरामपुर**

सूचना

मैं ये घोषणा करता हूं कि मैं **मनीष अग्रवाल निवासी रूपईडीहा जिला बहराइच उत्तर प्रदेश** पुत्र जनार्दन प्रसाद अग्रवाल अपना नाम पासपोर्ट के अनुसार मनीष कुमार अग्रवाल से बदल कर मनीष अग्रवाल रख रहा हूं। भविष्य में मुझे केवल मनीष अग्रवाल के नाम से ही जाना जाय।

गुस्सा

संसद में बिल का विरोध करने पर जताया आक्रोश

भाजपाइयों ने सपा सांसद का आवास घेरा, फेंकी चूड़ियां

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर संसद में विपक्ष द्वारा बिल गिराए जाने के विरोध में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सपा सांसद नरेश उत्तम के आवास पर जोरदार प्रदर्शन किया। महिलाओं ने आक्रोश व्यक्त करते हुए उनके आवास के बाहर चूड़ियां फेंककर विरोध दर्ज कराया।

जिला मीडिया प्रभारी संजीव बेरी ने बताया कि महिलाओं ने नारेबाजी करते हुए विपक्ष के रुख की कड़ी आलोचना की और नारी सम्मान के समर्थन में अपनी आवाज बुलंद की। उन्होंने कहा कि यह विरोध प्रदर्शन महिलाओं के अधिकारों और सम्मान के प्रति जागरूकता का प्रतीक है।

जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह ने कहा कि इस अधिनियम का विरोध करना महिलाओं के हितों के खिलाफ और उनकी संकीर्ण और दोहरी सोच को दर्शाता है। इस अवसर पर राज्य महिला आयोग सदस्य अनीता गुप्ता, महिला मोर्चा अध्यक्ष अनीता त्रिपाठी, मोना शुक्ला, पुष्पा तिवारी, सुनीता देवी प्रस्तावना तिवारी पार्षद विद्या वर्मा शालू कनौजिया मधु तिवारी, वंदना गुप्ता ममता राजपूत, सुषमा चौहान प्रेमलता सुमन सिंह अर्चना वंदना देवी सरस्वती सरकार स्नेहलता, सहित महिला कार्यकर्ता रहीं।

प्रदर्शन करतीं भाजपा से जुड़ीं महिलाएं। अमृत विचार

कांग्रेस का भाजपा पर हमला, पुतला दहन पर मुकदमा लिखने की मांग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता ने राहुल गांधी का पुतला फूंकने की घटना को भाजपा की "खीज और ड्रामा" करार देते हुए तीखा हमला बोला। तिलक हाल में आयोजित बैठक में उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा महिलाओं के मुद्दों का इस्तेमाल केवल राजनीतिक लाभ के लिए कर रही है।

पवन गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस ने वर्ष 2023 में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण विधेयक) का समर्थन किया था, लेकिन अब तक इसे लागू नहीं किया गया, जिससे सरकार की नीयत पर सवाल उठते हैं।

उन्होंने कानपुर पुलिस से पुतला दहन करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 2022 के चुनाव में 40 प्रतिशत टिकट महिलाओं को दिए थे, जिससे उसकी प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है। बैठक में राजेश गौतम, फहद अब्बासी, शंकर दत्त मिश्रा, सुरेश बख्शी, प्रमोद गुप्ता, हमजा निहाल, संतोष शुक्ला, अजय तिवारी सहित कई कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

छात्रा लापता अपहरण की रिपोर्ट दर्ज

कानपुर। घर से स्कूल के लिए निकली हाईस्कूल की छात्रा संदिग्ध हालात में लापता हो गई। जिसके बाद छात्रा के परिजनों ने एक युवक पर अपहरण का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। चकेरी निवासी महिला के अनुसार उनकी 14 वर्षीय बेटी हाई स्कूल की छात्रा है। बीती 16 अप्रैल की सुबह बेटी घर से स्कूल जाने के लिए निकली थी। लेकिन दोपहर तक नही आई। उन्होंने रूपेश नामक युवक पर बेटी का अपहरण करने की थाने में शिकायत की। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि आरोपी पर अपहरण की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश की जा रही है।

सिटी ब्रीफ

साढ़ थाना प्रभारी हटे

कानपुर। साढ़ थाना प्रभारी अवनीश कुमार सिंह हटाए गए। उनके स्थान पर अपराध शाखा के कृष्ण कुमार मिश्रा को चार्ज मिला। इसी तरह से रायपुरवा थाना प्रभारी विजय कुमार सरोज को हटाकर उनके स्थान पर डीसीपी पूर्वी के वाचक एसआइ अजय सिंह को रायपुरवा थाना प्रभारी बनाया गया। वहीं, काकादेव थाना प्रभारी राजेश शर्मा को हटाकर उनके स्थान पर किदवई नगर थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार राम को चार्ज दिया गया। वहीं, पनकी थाना प्रभारी मनोज सिंह भदौरिया को घाटमपुर और घाटमपुर के दिनेश बिष्ट को पनकी थाना प्रभारी बनाया। अनवरगंज थाना प्रभारी रहे अशोक दुबे को किदवई नगर, किदवई नगर थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार राम को काकादेव थाना प्रभारी बनाया गया।

पूर्व छात्र सम्मेलन

कानपुर। सीएसजेएमयू के स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट में एलुमनाई मीट नॉस्टैल्जिया का आयोजन किया गया। शुरुआत मुख्य अतिथि राम मेहरोत्रा (चीफ बिजनेस ऑफिसर, नैरोलैक पेंट्स) ने किया। निदेशक प्रोफेसर सुधांशु पांडया, कुलसचिव राकेश मिश्रा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर अंशु यादव भी मौजूद रहे। राम मेहरोत्रा ने कहा कि शिक्षक ही सही दिशा दिखाते हैं। प्रोफेसर सुधांशु पांडया ने कहा कि विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र देश-विदेश में अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। कुलसचिव राकेश मिश्रा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

आज 150 करोड़ का सोना-चांदी बिकने का अनुमान

अक्षय तृतीया आज, सराफा बाजार में तेजी होने के चलते हल्के आभूषणों की मांग अधिक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। अक्षय तृतीया पर्व पर शहर में लगभग 150 करोड़ रुपये का सोना-चांदी बिकने का अनुमान है। गृह प्रवेश, शादियां व वाहनों की डिलीवरी भी होंगी। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि पर्व पर शहर में लगभग 5 सौ करोड़ रुपये का कारोबार हो सकता है।

अक्षय तृतीया पर्व पर ऐसी मान्यता है कि इस दिन घर आई वस्तु का कभी 'क्षय' नहीं होता है। इसे लेकर शहर में भी व्यापारियों में उत्साह है। खासतौर पर बिरहाना रोड, नयागंज सराफा व चौक सराफा में खरीदारी तेज होने की उम्मीद सराफा कारोबारी जता रहे हैं। ऑल इंडिया ज्वैलर्स एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज अरोड़ा ने बताया कि उत्तर प्रदेश का 3 हजार करोड़ का कारोबार होने की संभावना जताई जा रही है। उत्तर प्रदेश के कुल व्यापार में कानपुर जो प्रदेश का प्रमुख व्यापारिक केंद्र है की हिस्सेदारी लगभग 5 फीसदी रहने की संभावना है। इस आधार पर कानपुर शहर में अक्षय तृतीया पर 150 करोड़ के जेवरात और सिक्कों की बिक्री होने की उम्मीद है।

ज्वैलरी शोरूम में आज आएगी बहार। अमृत विचार

शहर में उतरेंगे 850 वाहन

- अक्षय तृतीया पर्व पर लगभग 850 नए वाहन उतरेंगे। इनमें दो पहिया व चार पहिया वाहन भी शमिल हैं। सोसाइटी मोटर्स के जीएम सुमन कपूर ने बताया कि रविवार को शहर के सभी शो रूम को खोले जाने का निर्णय लिया गया है। शहर में लगभग 3 सौ चार पहिया नए वाहन सिर्फ एक दिन में उतरने जा रहे हैं। 550 दो पहिया वाहन लोगों ने खरीदे हैं जिनकी डिलीवरी पर्व पर होगी। श्री बालाजी ईऑटो टेक के प्रोपराइटर प्रवीण चतुर्वेदी ने बताया कि 45 से अधिक चार पहिया वाहन ईवी और लगभग 125 इवी दो पहिया वाहन लोग शोरूम से लेकर घर जाएंगे। 250 से अधिक वाहनों की बुकिंग भी होने की संभावना है।

20 फीसदी हल्के आभूषण

- बाजार में इस बार आम खरीदारों के लिए हल्के आभूषण का स्टॉक भी डिस्प्ले है। माना जा रहा है कि खरीदारी का 20 फीसदी हिस्सा सोने व चांदी के आभूषणों का संभव हो सकता है। बाजार में 5 ग्राम तक के आभूषण भी खरीदारों के लिए मौजूद हैं।

निवेशक बाजार से दूर

- सराफा बाजार में इस बार पर्व पर निवेशकों के बाजार से दूर होने का मन बना रहे हैं। इसकी वजह इस बार बाजार रेट से औसत सोने व चांदी के दामों में इजाफा है। वैश्विक हालात के चलते सोने व चांदी में हो रही उठा-पटक से भी बाजार में बड़े निवेशक निवेश करने से बच रहे हैं। इस बार निवेशकों के पर्व पर बाजार से दूर होने की वजह से एक दिन के कारोबार में लगभग 20 फीसदी कमी होने का अनुमान व्यापारी लगा रहे हैं।

2 हजार धार्मिक आयोजन

- अक्षय तृतीया पर्व पर पूरे दिन मुहूर्त होने के चलते इस बार शहर में धार्मिक आयोजनों की भी धूम रहेगी। पर्व पर इस बार लगभग 2 हजार धार्मिक आयोजन होंगे। इनमें लगभग 8 सौ विवाह समारोह होना बताया जा रहा है। विवाह समारोह के अलावा गृह प्रवेश और पूजन भी कारोबार से जोड़ा जा रहा है।

अक्षय तृतीया तिथि और पूजा मुहूर्त

- अक्षय तृतीया की तृतीया तिथि 19 अप्रैल रविवार को सुबह 10:50 बजे से शुरू होकर 20 अप्रैल को सुबह 7:27 बजे तक रहेगी। ज्योतिषाचार्य पं. मनोज कुमार द्विवेदी ने बताया कि पूजा के लिए सबसे शुभ समय सुबह 10:50 बजे से दोपहर 12:20 बजे तक का रहेगा। इस दौरान लक्ष्मी-नारायण की पूजा करने से विशेष फल प्राप्त होता है।

सोना, चांदी, वाहन खरीदने का शुभ मुहूर्त

- अभिजीत मुहूर्त- आज सुबह 11:42 बजे से दोपहर 12:34 बजे तक
- चौघड़िया मुहूर्त- सुबह 10:50 बजे से 12:20 बजे तक और (शुभ मुहूर्त) दोपहर 01:58 बजे से 03:35 बजे तक।
- शाम में शुभ मुहूर्त- शाम 06:49 बजे से रात 08:12 तक
- रात में शुभ मुहूर्त- रात 08:12 बजे से 09:35 तक

60 फीसदी बुलियन का कब्जा

- बाजार के हाल को देखते हुए अक्षय तृतीया पर 602 फीसदी बुलियन का कब्जा माना जा रहा है। इसकी वजह सोने व चांदी के रेट में परिवर्तन होने पर अतिरिक्त चार्ज का बचाव करना है। कानपुर महानगर बुलियन एंड सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष पं. आशू शर्मा ने बताया कि पर्व सराफा कारोबारियों के लिए उम्मीद बनकर आया है। बुलियन की खरीदारी अधिक होना माना जा रहा है।

अक्षय तृतीया पर कल लक्ष्मी नारायन महायज्ञ

कानपुर। विकास नगर, उद्यान विहार गेट नंबर दो स्थित धूनी ध्यान केंद्र में 20 अप्रैल को शकुंतला शक्तिपीठ के संस्थापक डॉ.आचार्य अमरेश मिश्र व कोषाध्यक्ष डॉ.सुनीता मिश्रा के संरक्षण में अक्षय तृतीया पर लक्ष्मीनारायन महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा, जिसमे कदली स्तंभ से सुसज्जित मंडप में पूजन किया जाएगा।

आचार्य डॉ. अमरेश।

डॉ.आचार्य अमरेश मिश्र ने बताया कि पं.धनश्याम मिश्र आचार्यों के साथ मिलकर विष्णु सहस्त्र नाम व लक्ष्मी सहस्त्र नाम से सवालाख कमलबीज व कमल के पुष्पों से लक्ष्मीनारायण का दिव्य श्रंगार किया जाएगा। इसके बाद कन्याओं का पूजन, संत व विद्यावानों का सम्मान पं.केए दुबे पद्मेश द्वारा किया जाएगा। बताया कि अक्षय तृतीया पर हर व्यक्ति अपने घर के उत्तर-पूर्व में घी के पांच दीपक गौधूलि बेला में जलाकर रखे और सकोरे में कपूर रखकर लौंग के पांच जोड़े जलाए।

शोभायात्रा में लगे जयकारे। अमृत विचार

श्री राम जन्मोत्सव शोभा यात्रा में उमड़े भक्त

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सजे-धजे रथों पर भगवान के विभिन्न स्वरूपों में सजे बच्चे

अमृत विचार। श्रीराम जन्मोत्सव सेवा समिति के तत्वावधान में शनिवार को 15वीं भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। मंच पर अतिथियों का स्वागत भगवा पगड़ी व पट्टिका पहनाकर किया गया।

शोभायात्रा में सजे-धजे रथों पर भगवान के विभिन्न स्वरूपों में सजे छोटे-छोटे बच्चे आकर्षण का केंद्र रहे। कोई श्रीराम, कोई माता सीता, तो कोई भगवान शिव और माता पार्वती के रूप में नजर आया। साथ ही बाबा श्याम का सुसज्जित रथ भी शोभायात्रा में शामिल रहा। करीब 500 महिलाओं ने भगवा साड़ी और पगड़ी धारण कर मातृशक्ति की भव्य उपस्थिति दर्ज कराई। सनिगवां क्षेत्र की किन्नर गुरु महंत नीलम यादव व काजल शुक्ला भी अपनी टीम के साथ शामिल हुईं। संस्था के संस्थापक धर्मेंद्र शर्मा मुख्य अतिथि सांसद देवेंद्र सिंह भोले, श्री राम जन्मोत्सव सेवा समिति के अध्यक्ष हेमंत सिंह, करौली शंकर महादेव संतोष भदौरिया, दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह, विकास सिंह भोले, महंत अरुणपूरी महाराज, महंत जितेंद्रदास महाराज, मनोज भदौरिया, पूर्व पार्षद सौरभ तिवारी, गंगा समग्र के प्रांत संयोजक राजेश कुमार, गंगा समग्र की ओर से अटल घाट, वोट क्लब और बिठूर के गंगा घाटों पर आरती प्रमुख काली चरण, जिला संयोजक सचिन सिंह, पार्षद विजय लक्ष्मी यादव, उमेश शर्मा, समिति महामंत्री अजय सिंह व हजारों राम भक्त मौजूद रहे।

महिलाओं के हित में था महिला आरक्षण विधेयक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। महिला आरक्षण विधेयक को लोकसभा से मंजूरी न मिलने से महिलाएं नाराज हैं। राजनीतिक दलों से जुड़ी महिला नेताओं के अपने अपने तर्क हैं लेकिन व्यापार, शिक्षा जगत और सामाजिक सेवा में कार्यरत महिलाओं को विधेयक गिर जाने से निराशा हुई है। उनका कहना है कि केंद्र सरकार को चाहिए था कि वह विपक्षी दलों से भी बात करके उन्हें विश्वास में लेती लेकिन सरकार ने ऐसा नहीं किया।

महिला आरक्षण विधेयक का महिला उद्यमी स्वागत करतीं हैं। विपक्ष यदि मदद कर देता तो इसे मंजूरी गई होती। इससे राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ती, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। सत्ता पक्ष को भी विपक्ष को भरोसे में लेकर इस विधेयक को सदन में लाना चाहिए था।

-कंचन सिंह, व्यापारी नेता

महिला आरक्षण विधेयक लागू होना चाहिए था। इससे संसद और विधानसभा में महिलाओं की भागीदारी बढ़ती। महिलाओं की समस्याओं को संसद और विधानसभाओं में उठाने में मदद मिलती। किसी प्रकार का निर्णय लेने की प्रक्रिया में महिलाओं की आवाज पूर जोर सुनी जाती।

-सरिता वैश्य

महिला आरक्षण विधेयक पास न होने से बड़ी निराशा हुई। इस विधेयक को सर्वसम्मति से मंजूरी मिलनी चाहिए थी लेकिन ऐसा नहीं होना निराश कर गया। महिलाओं की न सिर्फ राजनीति में भागीदारी बढ़ती बल्कि उन्हें अपनी आवाज बुलंद करने में भी मदद मिलती। उनकी आवाज कोई दबा नहीं पाता।

-डॉ रेखा दुबे शिक्षाविद्

आइसक्रीम पार्टी करते बच्चे। अमृत विचार

लिटिल एंजल स्कूल में बच्चों ने मनाई आइसक्रीम पार्टी

कानपुर। तिलक नगर स्थित लिटिल एंजल स्कूल में शनिवार को बच्चों के लिए विशेष आइसक्रीम पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी पसंदीदा आइसक्रीम के रंगों से मिलते-जुलते परिधान पहनकर पहुंचे। पार्टी के दौरान बच्चों ने गीत-संगीत पर झूमते हुए विभिन्न फ्लेवर की आईसक्रीम का आनंद लिया। विद्यालय प्रबंधक ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के मानसिक विकास और रचनात्मकता को बढ़ावा देते हैं।

79 किशोरियों का टीकाकरण किया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। सीएसजेएमयू की ओर से सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए किशोरियों में निशुल्क टीकाकरण अभियान के तहत 79 किशोरियों को अंतिम डोज लगाया गया। यह अभियान शनिवार को मंधना 1 कम्पोज़िट, मंधना 2 कम्पोज़िट, होराबांगर, कुरसौली कम्पोज़िट, उच्च प्राथमिक विद्यालय, कटरी, शंकरपुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय, गंभीरपुर कछार में चला। इसी तरह अभियान के तहत भजनलाल स्वतन्त्रा संग्राम इंटर कॉलेज, गबड़हा एवं अन्य स्थानों की किशोरियों को वैक्सीन का अंतिम डोज़ निशुल्क लगाया गया।

किशोरियों को टीका लगाया गया। अमृत विचार

टीका लगाने का कार्य जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग की टीम द्वारा किया गया। टीकाकरण में स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ नर्स उषा एवं डा अनुराग मिश्रा का सहयोग रहा। अभियान का समन्वय डॉ. प्रवीन कटियार द्वारा किया गया। वालंटियर मनीष, कृतिका, मानसी, कुमुद, सागर, प्रतीक पटेल, प्रतीक मौर्या, तान्या, हर्षित गंगवार, अदनान, मानमेंद्र शामिल रहे।

सिटी डायरी

कार्यक्रम में शामिल छात्राएं। अमृत विचार

कॉलेज में महिला शक्ति दीवार

कानपुर। नवाबगंज स्थित विक्रमाजीत सिंह सनातन धर्म महाविद्यालय में महिला शक्ति दीवार के निर्माण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सीए नीतू सिंह के मार्गदर्शन, प्राचार्य प्रो. नीरू टंडन के निर्देशन तथा मिशन शक्ति प्रभारी प्रो. जया मिश्रा के नेतृत्व में हुआ। प्रो. जया मिश्रा ने इस पहल की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्राओं में महिला सशक्तिकरण की भावना को जागृत करते हैं और उन्हें अपने अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति सजग बनाते हैं। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने महिला शक्ति दीवार पर हस्ताक्षर कर एकजुटता का प्रदर्शन किया। साथ ही प्रेरणादायी संदेश, लिखकर नारी सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम में प्रो. अमृता वर्मा का विशेष सहयोग रहा।

शाकाहारी बनेंगे तो बीमारियों से दूर रहेंगे

कानपुर। शाकाहार अपनाएंगे तो बीमारियों से दूर रहेंगे। प्रत्येक व्यक्ति को शाकाहारी होना चाहिए। शाकाहारी भोजन करने से बीमारियां कम होने लगती हैं। ये बातें संत बाबा जय गुरुदेव के शिष्य एवं उपदेशक सतीश चंद्र ने शास्त्रीनगर में आयोजित कथा में कहीं। उन्होंने कहा कि कोराना की बीमारी ने सबकी अक्ल खोल दी थी। आगे कोरोना से भी भयंकर बीमारियां आने वाली हैं। अभी भी वक्त है। आप लोग संभल जाइए नहीं तो हमको और हमारे बच्चों को और भोगना पड़ेगा। बाबा जयगुरुदेव महाराज ने शाकाहारी जीवन जिया और सबको शाकाहारी बनने के लिए प्रेरित किया। बाबा जयगुरुदेव महाराज ने 116 वर्ष की उम्र तक गांव-गांव और कस्बों व शहरों में शाकाहार का प्रचार किया। इस मौके पर जय गुरुदेव संगत के संरक्षक रामप्रताप यादव, अध्यक्ष विरेंद्र पाल सिंह, उपाध्यक्ष सुरेंद्र यादव, हीरालाल जायसवाल, देवनाथ पाल, अच्छेलाल गौड़, जियालाल, ब्रिज किशोर, भारत, गया प्रसाद, सीताराम यादव, उदयभान सिंह, धर्मेंद्र रहे।

उपदेशक सतीश चंद्र का सम्मान करते कार्यकर्ता।

भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया गया।

महाआरती, समाजसेवियों का सम्मान

कानपुर। जन जागृति मंच के अध्यक्ष विनोद मिश्र के नेतृत्व में गुजैनी स्थित शिव शक्ति धाम गेस्ट हाउस में भगवान परशुराम जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण और महाआरती के साथ हुई। इस अवसर पर समाजसेवा के क्षेत्र में योगदान देने वाले 11 लोगों को सम्मानित किया गया। सम्मानित जनों को माल्यार्पण, दुपट्टा व पगड़ी पहनाकर सम्मानित करते हुए भगवान परशुराम का चित्र स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट किया गया। वहीं शोभित शुक्ला ने परशुराम और लव दुबे, समर्थ शुक्ला ने राम-लक्ष्मण के स्वरूप में प्रस्तुति दी। कार्यक्रम संयोजक विनोद मिश्र शैलेंद्र मिश्रा, रामगोपाल द्विवेदी, इंद्र मनोहर मिश्र, आरसी पाठक थे।

समाचार पत्र वितरक नेता राजकुमार पांडेय सम्मानित

कानपुर। श्यामनगर व्यापार मंडल की बैठक में कानपुर उद्योग व्यापार मंडल के युवा जिलाध्यक्ष महेंद्र गुप्ता का स्वागत एवं श्याम नगर के प्रमुख समाचार पत्र वितरक राजकुमार पांडे का स्वागत किया गया। राजकुमार पांडेय को कार्य समिति सदस्य बनाया गया। अध्यक्ष अवनीश गुप्ता ने बताया कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया से जुड़े शख्स को व्यापार मंडल में जोड़कर हर्ष हो रहा है। महामंत्री पवन वर्मा, संरक्षक राम बहादुर यादव, कोषाध्यक्ष मनोज जैन, उपाध्यक्ष संदीप पांडे, नरेश तिवारी, अमित गुप्ता, सुरेश गुप्ता, जय यादव आदि रहे।

अतिथियों का स्वागत किया गया।

धर्म-अध्यात्म

श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन निर्वाण के सचिव महंत जगतार मुनि करौली शंकर धाम पहुंचे

आस्था और ध्यान से मानव के कष्टों का होता है अंत

कौरली शंकर महाराज के साथ महंत जगतार मुनि। अमृत विचार

अमावस्या आनंद दरबार में उमड़े हजारों भक्त। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। 'स्वस्थ विश्व, भयमुक्त मानवता' के संकल्प के साथ करौली शंकर महादेव धाम में वैशाख मास की अमावस्या के पावन अवसर पर आयोजित निःशुल्क ''आनंद दरबार'' का भव्य आयोजन किया गया। 1008 महामंडलेश्वर करौली शंकर महादेव ने कहा कि आस्था और ध्यान से मानव के कष्टों का अंत होता है। इस अवसर पर श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन निर्वाण के सचिव महंत जगतार मुनि का स्वागत किया गया। उन्होंने धाम में रीढ़ की हड्डी को लेकर की गई चिकित्सा से संबंधित अपने अनुभव को साझा किया।

महामंडलेश्वर करौली शंकर महादेव ने उदासीन अखाड़े से संबंधित उदासीन शब्द का अर्थ समझाया। उन्होंने बताया कि ''उदासीन'' का अर्थ निष्क्रियता नहीं है, बल्कि ''तटस्थता'' है। ब्रह्मांड में जो ''व्यापक'' है, वह स्वयं कोई क्रिया नहीं करता, लेकिन ब्रह्मांड की हर क्रिया उसी के भीतर होती है। जैसे एक खाली कमरा उदासीन है। वह न हिलता है, न कुछ करता है, लेकिन उसी कमरे के ''होने'' के कारण ही हम उसमें चल-फिर सकते हैं। वह ''आधार'' है, इसलिए वह उदासीन है। व्यापक वस्तु में जो समाया है वह ईश्वर है। वह शून्य या आकाश जो पृथ्वी, चांद, सितारों और सूर्य को घेरे हुए है। यह इतना ''व्यापक'' है कि इसकी सीमाओं का अंत नहीं। इस व्यापकता के भीतर जो ऊर्जा, जो चेतना कार्य कर रही है, वही ''ईश्वर'' या ''ऐश्वर्य'' है। यह वह ''स्टेज'' है जिस पर सृष्टि का नाटक चल रहा है। ग्रह, नक्षत्र, जीव क्रिया करते हैं, लेकिन स्टेज (उदासीन तत्व) स्वयं क्रियाशून्य रहकर सबको स्थान देता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह ''कर्ता'' नहीं है लेकिन उसके बिना कुछ भी संभव नहीं है। हम और आप जो ''पदार्थ'' हैं, हमारा अस्तित्व केवल इसलिए है क्योंकि वह ''व्यापक उदासीन तत्व'' हमें जगह दे रहा है।

उन्होंने कहा कि जब हम ''उदासीन अखाड़ा'' की बात करते हैं, तो यहां ''उदासीन'' का अर्थ है वह साधक जो संसार की माया और विकारों से ''तटस्थ'' हो चुका है। जैसे वह ''व्यापक आकाश'' सबको घेरे हुए है पर किसी से लिप्त नहीं होता, वैसे ही उदासीन संप्रदाय के साधक संसार में रहते हुए भी उससे निर्लिप्त रहते हैं। वे उसी 'व्यापक ईश्वर' की साधना करते हैं जो सर्वत्र है, तटस्थ है।

न्यूज ब्रीफ

युवक ने खाया जहर गंभीर हालत में रेफर

कुरारा हमीरपुर। कस्बा निवासी बच्चू (45) पुत्र रमेश ने शनिवार को सुबह करीब 10 बजे जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उपचार के लिए सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

किसान को सर्प ने डसा, हालत गंभीर

मौदहा हमीरपुर। खेत में काम कर रहे एक किसान को जहरीले सर्प ने डस लिया। परिजनों ने उसे कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। महोबा जनपद के ग्राम खन्ना निवासी रामबालक (65) शनिवार सुबह अपने खेत में गेहूं कटाई कर रहा था। इसी दौरान अचानक खेत में छिपे जहरीले सर्प ने उसे डस लिया। सर्पदंश के बाद रामबालक किसी तरह घर पहुंचे और परिजनों को घटना की जानकारी दी। थोड़ी ही देर में उनकी हालत बिगड़ने लगी। परिजन उन्हें तत्काल निजी वाहन से कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार शुरू किया। हालत में सुधार न होने पर डॉक्टरों ने उन्हें सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

मार्ग दुर्घटना में साले की मौत, जीजा गंभीर घायल

घाटमपुर के रेउना में हुआ हादसा, परिजनों में कोहराम

संवाददाता, घाटमपुर

अमृत विचार। घाटमपुर के रेउना में एक अज्ञात वाहन बाइक में टक्कर मारते हुए भाग निकला। हादसे में साले और बहनोई घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से घाटमपुर सीएचसी पहुंचाया गया। वहां पर मौजूद डॉक्टर ने साले को मृत घोषित कर दिया, जबकि प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल बहनोई को कानपुर जिलास्पताल रेफर कर दिया गया।

बबलू।

सजेती थाना क्षेत्र के अकबरपुर बीरबल गांव निवासी 18 वर्षीय बबलू अमिरतेपुर गांव निवासी अपने बहनोई 28 वर्षीय नवनीत उर्फ नीरज के साथ बाइक से अपने घर जा रहा था। तभी रेउना थाना क्षेत्र के आमिरतेपुर और गढ़ाथा गांव के बीच पहुंचते ही कोई अज्ञात वाहन उनकी बाइक में टक्कर मारते हुए भाग निकला, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बिजली के पोल में जा टकराई। हादसे में जीजा साले दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। वहां से निकल रहे राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से घाटमपुर सीएचसी पहुंचाया। वहां पर मौजूद डॉक्टर ने साले बबलू उर्फ छोटू को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल बहनोई नवनीत उर्फ नीरज को कानपुर जिलास्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने परिजनो को सूचना देकर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

अस्पताल में मौजूद परिजन और पुलिसकर्मी। अमृत विचार

बाइक फिसलने से युवक घायल

कुरारा। डामर-सरसई मार्ग पर बाइक अनियंत्रित होकर फिसलने से युवक घायल हो गया। उसे सीएचसी लाया गया, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देख जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। कदौरा के बड़ागांव निवासी गगन कुमार (25) शनिवार साढ़े 3 बजे क्षेत्र के डामर-सरसई मार्ग पर बाइक से आ रहा था, तभी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई, जिसमें सवार गगन कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे आनन फ़ानन उपचार के लिए सीएचसी लेकर आए।

रामलीला देखने को उमड़ी भीड़

घाटमपुर। शनिवार को तहसील क्षेत्र के परास गांव में श्री पाराशर रामलीला कमेटी द्वारा भव्य रामलीला का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण व भाजपा जिला मंत्री अंजली तिवारी ने फीता काटकर रामलीला का शुभारम्भ किया और प्रभु श्रीराम व लक्ष्मण जी की आरती की। इस दौरान कमेटी के पदाधिकारियों ने आए हुए अतिथियों का माला पहनाकर व अंग वस्त्र भेंटकर स्वागत किया। रामलीला में प्रदेश स्तरीय कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन किया गया। इस दौरान गांव में भव्य मेला आयोजित हुआ तथा रामलीला में राधाकृष्ण की झांकियों को देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। श्री पाराशर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष आदित्य तिवारी (गुड्डू पण्डित) ने आए हुए अतिथियों व वरिष्ठजनों का स्वागत किया। वहीं परशुराम लक्ष्मण संवाद सुनने के लिये दर्शक सुबह तक डटे रहे।

कक्षा में पढ़ाते समय शिक्षक की मौत, शोक की लहर

संवाददाता, शिवराजपुर

- रामपुर नरूआ गांव स्थित अटल आवासीय विद्यालय का मामला

अमृत विचार। ब्लॉक क्षेत्र के रामपुर नरूआ गांव स्थित अटल आवासीय विद्यालय में शनिवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब कक्षा में पढ़ा रहे एक शिक्षक की अचानक तबीयत बिगड़ गई और उनकी मौत हो गई। घटना से पूरे विद्यालय परिसर में शोक की लहर दौड़ गई।

परमानंद यादव।

जानकारी के अनुसार, गणित शिक्षक परमानंद यादव कक्षा में छात्रों को पढ़ा रहे थे, तभी अचानक उन्हें तेज पसीना आया और वे बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़े। यह देख कक्षा में मौजूद छात्रों और अन्य शिक्षकों में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीकांत पाण्डेय व अन्य स्टाफ मौके पर पहुंचे और तत्काल उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) शिवराजपुर ले गये। वहां पर मौजूद डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि परमानंद यादव मूल रूप से कुशीनगर जनपद के पडरौना क्षेत्र के निवासी थे। वह डॉयट से सेवानिवृत्त शिक्षक थे और वर्तमान में अटल आवासीय विद्यालय शिवराजपुर में गणित शिक्षक के रूप में कार्यरत थे। घटना के बाद विद्यालय में शोक का माहौल है। शिक्षकों, छात्रों और कर्मचारियों ने दिवंगत शिक्षक को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

महिला ने जहर खाकर दी जान

राठ (हमीरपुर)। कोतवाली क्षेत्र के रौरो गांव के रहने वाले लक्ष्मी पाल की पत्नी रामकली (55) ने शनिवार की दोपहर में संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ गटक लिया। हालत बिगड़ने पर परिवार वालों को जानकारी हुई। परिवार के लोग फौरन उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां नाजुक होने पर डॉक्टर ने मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। वहां पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। पति लक्ष्मीपाल ने बताया कि उसकी पत्नी को कोई संतान नहीं है। जिस वजह से पड़ोस में रहने वाले उसकी पत्नी को आए दिन ताने मारते थे। पड़ोसी उसकी पत्नी रामकली से कहते थे कि तुम किसी लायक नहीं हो, जब तुम्हारे बच्चें नहीं हैं तो तुम जिंदा क्यों हो, तुम्हें तो जहर खा कर मर जाना चाहिए। तुम तो जिंदा रहने के नाम पर कलंक हो। इन्हीं बातों से परेशान होकर उसकी पत्नी रामकली ने जहर खा लिया।

99 शिकायतों में एक भी निस्तारित नहीं

संवाददाता, बिल्हौर

अमृत विचार। बिल्हौर ब्लॉक सभागार में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस एडीएम रमेश प्रकाश की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस दौरान एसडीएम मनीष कुमार, तहसीलदार अभिनव चंद्रा व एसीपी मंजय सिंह समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित विभागों को गुणवत्तापूर्ण तथा समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में कुल 99 शिकायतें दर्ज की गईं, हालांकि किसी भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका।

समाधान दिवस के अवसर पर मौजूद अधिकारियों के सामने चौबेपुर कलां निवासी साहबलाल ने शिकायत दर्ज कराते कहा कि हुए चकहजरतपुर स्थित गाटा संख्या 108, 109 व 31 की भूमि पर पारित खनन आदेश निरस्त किया जाये। उनका कहना था कि भूमि में उनकी आधी हिस्सेदारी है, इसके बावजूद बिना अनुमति खनन आदेश जारी कर दिया गया। उन्होंने प्रशासन से भूमि का पुनः चिन्हांकन कराने की मांग भी की।

वहीं ताकीपुर निवासी महेश कुमार ने ग्राम पंचायत सचिव वंदना तिवारी पर सड़क निर्माण कार्य बाधित करने और पोर्टल पर भ्रामक रिपोर्ट लगाने का आरोप लगाया। शिकायतकर्ता के अनुसार राजस्व विभाग पहले ही रास्ते को विवादरहित बता चुका है।

ककवन क्षेत्र के महादेवा गांव से 65 वर्षीय बुजुर्ग ने बहू पर पुत्र की मृत्यु के बाद घर व मकान पर कब्जा कर पत्नी समेत बेघर करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कई बार तहसील दिवस और मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की, लेकिन कार्रवाई के बजाय फर्जी निस्तारण कर दिया गया।

किसान मृदा के अनुरूप ही करें उर्वरकों का उपयोग

संवाददाता, चौबेपुर

अमृत विचार। क्षेत्र के गोगूमऊ गांव में शनिवार को इफ़को कंपनी द्वारा किसान सभा एवं मृदा परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कंपनी के लोगों ने किसानों को मृदा परीक्षण के उपरांत ही उर्वरकों का प्रयोग किए जाने पर बल दिया।

कार्यक्रम में कंपनी के एजीटी रमाकांत मौर्य ने बताया कि मौजूदा समय में ज्यादातर किसान मृदा परीक्षण कराये बगैर ही उर्वरकों का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिससे लागत भी बढ़ती है, साथ ही फसल का उत्पादन भी अपेक्षानुरूप नहीं होता। उन्होंने कम लागत में अधिक उत्पादन के लिए मृदा की जांच के बाद ही उर्वरकों का इस्तेमाल किए जाने की बात कही। वहीं कंपनी के क्षेत्राधिकारी भास्कर शुक्ला ने किसानों को नैनो यूरिया प्लस, नैनो डीएपी व सागरिका आदि उर्वरकों की खूबियां बताईं। कहा कि नैनों उर्वरक मिट्टी की संरचना को नुकसान नहीं पहुंचाते। अन्य उर्वरकों की तरह मिट्टी में डालने के बजाय पानी में घोलकर सीधे फसलों पर स्प्रे किया जाता है। नाइट्रोजन की कमी को पूरा किए जाने के साथ फसल की उत्पादन क्षमता बढ़ाते हैं। यह पारंपरिक उर्वरकों की तुलना में कम खर्चीले व अधिक प्रभावी है। उन्होंने जानकारी दी कि परंपरागत दानेदार खाद के अधिक उपयोग से मिट्टी की उर्वरा शक्ति लगातार घट रही है, जिससे बचाव के लिए इफ़को द्वारा विकसित नैनों तकनीक आधारित उर्वरकों का इस्तेमाल ही करें। गांव के किसान जगत नारायण के खेत में जाकर मृदा परीक्षण की विधि भी बताई गई। कार्यक्रम में एमडीई गौतम पटेल, इफको ई बाजार के ज्ञानेंद्र सिंह आदि रहे।

किसानों को मृदा परीक्षण का तरीका बताते कृषि विशेषज्ञ। अमृत विचार

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र का सही नाम वेदांश सिंह VEDANSH SINGH पुत्र प्रदीप कुमार है। जो उसके शैक्षिक अभिलेख में अंकित है त्रुटिवश मेरे पुत्र के आधार कार्ड संख्या 230314013792 में उसका नाम रनवीर सारांश सिंह RANVEER SARANSH SINGH अंकित हो गया है जो कि गलत है भविष्य में मेरे पुत्र को उसके सही नाम वेदांश सिंह VEDANSH SINGH पुत्र प्रदीप कुमार के नाम से जाना और पहचाना जाए। एतत् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त के संबंध में समस्त विधिक औपचारिकतायें स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गयी है। (प्रदीप कुमार) पता - शिवनगर नई बस्ती पोस्ट मसवानपुर थाना रावतपुर जिला कानपुर नगर उ0प्र0

यू0 पी0 प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि0
(उत्तर प्रदेश सरकार का उपक्रम)
CIN: U15209UP1976SGC004285
कार्यालय महाप्रबन्धक जोन–5, बाँया तट, गोमती बैराज, गोमती नगर, लखनऊ–226010
ई–मेल: gmzone5@gmail.com & gm_5@upprojects.org दूरभाष: 0522–3180555

पत्रांक:– 21/पी0सी0एल0/महा0प्र0/जोन–5/ई–निविदा–06 दिनांक: 16/04/2026

अल्पकालीन ई–निविदा सूचना

स्वशासी राज्य चिक्तिसा महाविद्यालय ललितपुर के अधीन संचालित पुराने चिकित्सालय परिसर में आन्तरिक मार्ग का निर्माण कार्य हेतु इस कार्यालय की ई–निविदा सूचना सं0 06/UPPCL/GM-5/E-TENDER/2026-27 दिनांक 16/04/2026 द्वारा ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा http://etender.up.nic.in की वेबसाइट पर दिनांक 24/04/2026 से दिनांक 29/04/2026 के अपराह्न 15:00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है। टेक्निकल बिड उसी दिन अपराह्न 16:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के उपरोक्त कार्यालय में खोली जानी प्रस्तावित है। ई–निविदा से सम्बन्धित अन्य विवरण, नियम एवं शर्ते कारपोरेशन की वेबसाइट https://upprojects.upsdc.gov.in पर देखी जा सकती है।

महाप्रबन्धक जोन–5
लखनऊ

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153
Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in
For any query contact : 9520876189, 9105500202, 9105500404

Applications are invited for Admission to Ph.D. Programmes July 2026 session in the following disciplines

- Faculty of Medical Sciences (All Clinical and Non-Clinical Specialities)
- Faculty of Pharmacy
- Faculty of Dental Sciences (All Specialities)
- Faculty of Management

Application Fee
- For Indian Candidate Rs. 2000/-
- NRI/Foreign National Candidate Rs. 5000/- or $60 USD

Last Date of Receiving Application : 30th May, 2026

Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India
For more details and application form & application fee, visit univerisity website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY

Accreditations, Affiliations & Approvals

ज्ञान-विज्ञान विमुक्तये University Granta Commission of India | Medical Council of India | Dental Council of India | Pharmacy Council of India | Indian Nursing Council | Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council | Association of Indian Universities | Where there is rural well being there is University Prosperity | Uttar Pradesh State Medical Faculty | NAAC

ADMISSION OPEN FOR FOLLOWING COURSES SESSION 2026-27
CUET(UG/PG)-2026 Score Accepted

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL

	COURSE	Eligibility	Duration
01	Diploma- Medical lab Technician (DMLT)	10+2 (PCB/PCM)	2 Year
02	Diploma X-Ray Technician	10+2 (PCB/PCM)	2 Year
03	Diploma Radiology Technology	10+2 (PCB/PCM)	2 Year
04	M.Sc. Medical Anatomy	MBBS, BDS, BAMS B.Sc. Nursing, B.Sc. Optom, B.Pharma, BPT, B.Sc. MLT, B.sc(Bio sc.)	3 Year
05	M.Sc. Medical Biochemistry		3 Year
06	M.Sc. Medical Microbiology		3 Year
07	M.Sc. in Medical Pharmacology		3 Year
08	M.Sc. in Medical Physiology		3 Year

INSTITUTE OF DENTAL SCIENCES

09	Diploma in Dental Hygenist	10+2 (PCB)	2 Year
10	Diploma in Dental Mechanics	10+2 (PCB)	2 Year

BIU COLLEGE OF PHARMACY/ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY/ KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY

	COURSE	Eligibility	Duration
11	D.Pharm/Diploma in Pharmacy	10+2(PCB/PCM)	2 Year
12	B.Pharm/Bachelor of Pharmacy	10+2(PCB/PCM)	4 Year
13	M.Pharm (Pharmaceutical Chem)	B.Pharm	2 Year
14	M.Pharm (Pharmaceutics)	B.Pharm	2 Year
15	M.Pharm (Pharmacology)	B.Pharm	2 Year
16	M.Pharm (Pharmacognosy)	B.Pharm	2 Year

FACULTY OF ALLIED & HEALTHCARE SCIENCES (PARAMEDICAL)

	COURSE	Eligibility	Duration
17	Certification in Sanitation	10+2(PCB/PCM)	1 Year
18	Diploma in Medical Lab Technician (DMLT)	10+2(PCB/PCM)	4 Year
19	Diploma in X-Ray Technician	10+2(PCB/PCM)	2 Year
20	Diploma in Dialysis Technician	10+2(PCB/PCM)	2 Year
21	Diploma in Emergency & Trauma Care	10+2(PCB/PCM)	2 Year
22	Diploma in MRI Technician	10+2(PCB/PCM)	2 Year
23	Diploma in Radiotherapy Technology	10+2(PCB/PCM)	2 Year
24	Bachelor of Physiotherapy (BPT)	10+2(PCB	5 Year
25	Bachelor Operation Theater Technician (BOTT)	10+2(PCB/PCM))	4 Year
26	Bachelor of Medical Radiology & Imaging Technology (BMRIT)	10+2(PCB)	4 Year
27	B.Sc. in Medical Laboratory Technician (BMLT/BMLS)	10+2(PCB)	4 Year
28	B.Sc. in Optometry (B. Optom)	10+2(PCB/PCM)	5 Year
29	M.Sc. in Clinical Embryology	UG (Relevant Discipline)	2 Year
30	Master of Physiotherapy (MPT)	UG (Relevant Discipline)	2 Year
31	Master in Medical Laboratory Sciences (MMLS)	UG (Relevant Discipline)	2 Year

ROHILKHAND SCHOOL OF NURING/ROHILKHAND COLLEGE OF NURSING

	COURSE	Eligibility	Duration
32	B.Sc. Nursing	10+2 (PCB)	4 Year
33	Post Basic B.Sc. Nursing	GNM	2 Year
34	Nurse Practitioner in Critical Care (NPCC) (Post Graduate Residency Progam)	B.Sc. Nursing/Post Basic B.Sc. Nursing*	2 Year
35	M.Sc. Nursing in Medical Surgical Nursing	B.Sc. Nursing/ Post Basic B.Sc. Nursing*	2 Year
36	M.Sc. Nursing in Obsteric & Gynaecological Nursing		2 Year
37	M.Sc. Nursing in Child Health Nursing		2 Year
38	M.Sc. Nursing in Mental Health Nursing		2 Year
39	M.Sc. Nursing in Community Health Nursing		2 Year
40	GNM	10+2 with English	3 Year
41	ANM	10+2	2 Year

BIU COLLEGE OF MANGEMENT/HUMANITIES & JOURNALISM

42	BBA	10+2 in any Stream	3 Year
43	BBA (H) Finance & Taxation	10+2 in any Stream	4 Year
44	BBA (H) Business Intelligence & Data Analytics	10+2 in any Stream	4 Year
45	B. Com (Honors)	10+2 in any Stream	4 Year
46	BCA	10+2 in any Stream	3 Year
47	BCA (H) Information Technology & Multimedia	10+2 in any Stream	4 Year
48	BCA (H) Artificial Intelligence & Data Science	10+2 in any Stream	4 Year
49	BCA (H) Artificial Intelligence & Machine Lear.	10+2 in any Stream	4 Year
50	BA (Journalism/Mass Communication)	10+2 in any Stream	4 Year
51	BJMC (H) Bachelor of Journalism & Mass Communication	10+2 in any Stream	4 Year
52	BMM (H) Bachelor of Mass Media	10+2 in any Stream	4 Year
53	MJMC Master of Journalism & Mass Comm.	UG Any Stream	2 Year
54	MHA (Master in Hospital Administration)	UG Any Stream	2 Year
55	MPH (Master in Public Health)	UG Any Stream	2 Year
56	MBA	UG Any Stream	2 Year
57	MCA	UG Any Stream	3 Year
58	M. Com	UG Any Stream	2 Year
59	MA (Political Science)	UG Any Stream	2 Year
60	MA (Journalism)	UG Any Stream	2 Year
61	MA (Mass Communication)	UG Any Stream	2 Year
62	MA (English)	UG Any Stream	2 Year
63	MA (Psychology)	UG Any Stream	2 Year
64	MA (Sociology)	UG Any Stream	2 Year

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES

65	B.Sc. Forensic Sciences	10+2 (PCM/PCB)	3 Year
66	M.Sc Forensic Science	UG (Relevant Discipline)	2 Year

FACULTY OF FINE ARTS

67	Certificate in Photography	10 Pass	1 Year
68	Certificate in Cinematography	10 Pass	1 Year
69	Diploma in Cinematography (DIC)	10 Pass	2 Year
70	Diploma in Photography (DIP)	10 Pass	2 Year
71	Bachelor of Fine Arts (Film Making)	10+2 in any Stream	4 Year
72	Bachelor of Fine Arts (Photography)	10+2 in any Stream	4 Year
73	Master of Fine Arts (Photography)	UG Fine Arts	2 Year

Contact For More Information: 9105500202, 9105500404, Ph.: 0581-2526153

Add.: Admission Cell, Administrative Block, Bareilly International University, Rohilkhand Medical College Campus, Bareilly - 243006 (U.P.)

Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

पिया बाज प्याला पिया जाए ना
पिया बाज यक तिल जिया जाए ना

कुली कुतुब शाह कहते हैं, ईश्वर के बिना जीवन का आनंद नहीं लिया जा सकता। इसी तरह प्रियतम के बिना भी एक पल भी जीना मुश्किल है।

जीवन की सांध्य बेला में निराश हैं वृद्ध माता-पिता

> मृत्यु जीवन का अंत है। वृद्धावस्था जीवन ऊर्जा का अवसान है। क्या मृत्यु दुख देती है या नहीं देती? यह प्रश्न अनुत्तरित है। मृत्यु का अनुभव अज्ञात है, लेकिन वृद्धावस्था के कष्ट सर्वविदित हैं। बुद्ध की कथा में भी वृद्ध दर्शन की अनुभूति है। ऋग्वेद में 100 शरद जीवन की स्तुति है। इस स्तुति में 'पश्येम शरद: शतं'-100 वर्ष देखने की भी इच्छा है। दीनहीन न होने की भी स्तुति है। वृद्धावस्था में दृष्टि सहित अधिकांश इन्द्रियां काम नहीं करतीं। बुढ़ापे के कष्टों की ओर वैदिक समाज का ध्यान गहरा है। जीवन अमूल्य है।

अमेरिका की समाज व्यवस्था व्यक्तिवादी है। संयुक्त परिवार व्यवस्था नहीं है। अमेरिका में रहने वाले तमाम भारतवासी हमारे परिचित हैं। वे अपने पुत्रों के किस्से सुनाते हुए भावुक हो जाते हैं। आंखें छलछला जाती हैं। ताजी घटना ने मुझे मर्माहत किया है। मेरे एक मित्र के दोनों पुत्र परिवार सहित अमेरिका में कार्यरत हैं। जीवन के अंतिम दिनों में पत्नी के साथ अकेले रह गए।

बीमारी के समय न तो संतानें साथ थीं और न ही उचित देखभाल का सहारा मिला। निधन के उपरांत एक पुत्र और दूसरे की पत्नी औपचारिक रूप से आए, किंतु अंतिम संस्कार तक में वह श्रद्धा परंपरा का भाव नहीं। अस्पताल से सीधे श्मशान ले जाकर बिना विधि-विधान के अंत्येष्टि कर दी गई। घर तक लाना भी आवश्यक नहीं समझा गया। घटना बदलते पारिवारिक मूल्यों और वृद्ध की उपेक्षा का मार्मिक उदाहरण है।

मृत्यु जीवन का अंत है। वृद्धावस्था जीवन ऊर्जा का अवसान है। क्या मृत्यु दुख देती है या नहीं देती? यह प्रश्न अनुत्तरित है। मृत्यु का अनुभव अज्ञात है, लेकिन वृद्धावस्था के कष्ट सर्वविदित हैं। बुद्ध की कथा में भी वृद्ध दर्शन की अनुभूति है। ऋग्वेद में 100 शरद जीवन की स्तुति है। इस स्तुति में 'पश्येम शरदः शतं'-100 वर्ष देखने की भी इच्छा है। दीनहीन न होने की भी स्तुति है। वृद्धावस्था में दृष्टि सहित अधिकांश इन्द्रियां काम नहीं करती। बुढ़ापे के कष्टों की ओर वैदिक समाज का ध्यान गहरा है। जीवन अमूल्य है। वृद्ध हमारे समाज का अनुभव समृद्ध भाग हैं। उनके जीवन को कष्टरहित बनाना समाज का कर्तव्य है।

वृद्धों की सेवा उनके पुत्रों-पौत्रों का प्रथम वरीयता वाला दायित्व है। यह राष्ट्र राज्य का भी कर्तव्य है। राष्ट्र राज्य सतर्क है। इस पर कानून भी है, लेकिन समाज इस महत्वपूर्ण समस्या पर सजग व सतर्क नहीं है। भारतीय समाज जीवन संयुक्त परिवारों में विकसित हुआ है। ऐसे परिवारों के सुख-दुःख साझे रहे हैं। वृद्ध अपने बड़े परिवारों में आनंदित रहते हैं, लेकिन अब संयुक्त परिवारों की परंपरा टूट गई है। सब एकाकी रहना चाहते हैं। वृद्ध अकेले हो रहे हैं। वे उपयोगी नहीं माने जाते। वे अशक्त है। आधुनिक उपयोगितावाद के कारण वृद्धावस्था के शारीरिक कष्टों में अब मानसिक संताप भी जुड़ गए हैं। ज्यादातर वृद्ध मानसिक अवसाद में हैं। संवेदनाए कुचालक हो रही हैं।

सभी प्राणी काल के भीतर हैं। मनुष्य भी। जन्म और शैशव ऊषाकाल है। बचपन संभावनाओं का बीज है। संभावना का बीज फूटता है। जीवन ऊर्जा से भरीपूरी तरुणाई आती है। तरुणाई भी स्थिर नहीं है। 40-50 शरद पूर्णिमा आई, गई। जीवन का संध्या काल आया। ऊर्जा घटी, शरीर टूटा। प्राचीन कवि बता गए हैं-शीर्यते इति शरीरं। जो शीर्ण होता रहता है, वह शरीर है। शरीर सतत् क्षरणशील है। 60 वर्ष के आसपास आ जाती है वृद्धावस्था। आयुर्वेद के ग्रंथ शारंगधर संहिता में मनुष्य शरीर के क्षरण का सुंदर उल्लेख है।

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

लिखा है कि प्रत्येक 10 वर्ष बाद भाव ह्रास के लाक्षणिक परिवर्तन आते हैं। जीवन के पहले 10 वर्ष में मनमौजी बाल्यावस्था का ह्रास होता है। फिर अगले 10 वर्ष में वृद्धि का ह्रास होता है। वृद्धि रुक जाती है। फिर अगले 10 वर्ष में कांति चेहरे की दीप्ति का ह्रास, फिर आगे के 10 वर्ष में धारणा का ह्रास होता है। 5वें दशक में सौंदर्य का ह्रास और छठे में दृष्टि का ह्रास बताया गया है। 7वें दशक में ऊर्जाबल का ह्रास, फिर पराक्रम और बुद्धि का ह्रास होता है।'

आधुनिक विज्ञान ने इस ह्रास को घटाया है, लेकिन प्रकृति के नियम अपना काम करते ही हैं। वृद्ध होना सबकी नियति है। बुढ़ापा अभिशाप नहीं है। वृद्धों के पास संसार के जीवंत अनुभवों का कोष होता है। अनुभव का कोष महत्वपूर्ण है। वृद्ध के पास दिशा होती है, युवक के पास गति और ऊर्जा। वृद्धों के दिशा-दर्शन में ही युवकों की गति उपयोगी है।

माता-पिता भी मार्गदर्शक संरक्षक होते हैं। वे न होते तो हम न होते। ऋग्वेद में पृथ्वी माता है, आकाश पिता है। इस उदाहरण में विराट पृथ्वी और अनंत आकाश की तुलना माता-पिता से की गई है। माता-पिता से हमारे अंतर्संबंध एकात्म हैं। वे जनक है। वे हमारा भविष्य संवारने में जुटे दो देव हैं। वे प्रतिपल प्यार और शुभांशंसा उंडेलने वाले शक्ति केंद्र हैं। उनका आदर और सम्मान हमारा कर्तव्य है। माता-पिता के प्रति हमारा सम्मान अतर्क्य है। ऋषि की इच्छा है कि हम पृथ्वी को मां जैसी और आकाश को पिता जैसी प्रतिष्ठा दें।

ऋग्वेद (10.22.3) में इंद्र से कहते हैं 'जैसे पिता अपने पुत्र को संरक्षण देता है, आप हमें वैसे ही संरक्षण दें- पिता पुत्रमिव प्रियम्।' यहां पिता का संरक्षण सबसे बड़ा है। ऋषि की कामना है कि इंद्र भी उसे पिता जैसा संरक्षण दें। हाथ पकड़े रहें, हम गिरें तो वे तत्काल उठा लें। एक अन्य मंत्र में इंद्र से प्रार्थना है कि आप हमें पिता की तरह बुद्धि दें- प्रमतिपितेव। इंद्र ज्ञानी हैं। यह समाज की मान्यता है, लेकिन पिता द्वारा दी गई बुद्धि की बात ही दूसरी है। ऋषि पिता की बुद्धि को श्रेय जानता है। देव सामाजिक मान्यता हैं। पिता यथार्थ हैं। प्रत्यक्ष संरक्षक व सुखदाता है। सोम से स्तुति है, 'हमें वैसे ही सुखी रखो, जैसे पिता पुत्र को सुखी रखता है।' सुख कई तरह का होता है। प्रिय का मिलन सुख है। प्रकृति की अनुकूलता सुख है। इच्छा का पूरा होना भी सुख है, लेकिन ऋषि पिता द्वारा दिए गए सुख से सराबोर है।

माता-पिता बचपन में पोषण देते हैं, पढ़ाते हैं सिखाते हैं। वे स्वयं की चिंता नहीं करते, अपना भविष्य नहीं देखते। हम सबके सुखद भविष्य का तानाबाना बुनते हैं। हम तरुण होते हैं, पिता वृद्ध होते हैं। हम तरुणाई से और परिपक्व होते हैं, पिता और वृद्ध होते हैं। जब हम तेज रफ्तार जीवन की गतिशीलता में होते हैं, तब माता-पिता उठते ही गिर पड़ते हैं। वे बचपन में हमको गिरने से बचाते थे। ऋषि को स्मृति में ऐसे तमाम प्रसंग हैं। एक ऋषि अग्नि से स्तुति करते हैं, 'हमें वैसे ही उछालो जैसे हमारे पिता हमको उछालते थे'। बचपन में माता-पिता हमको उछालते थे। हम उनकी गोद में गिरते थे। खिलखिलाते हंसते थे। क्या उन्हें हम उनकी वृद्धावस्था में अपनी गोद में बैठा सकते हैं?

अधिकांश वृद्ध माता-पिता जीवन की सांझ में निराश हैं। पुत्र अपने काम में व्यस्त हैं। माता-पिता अकेले हैं। कुछेक को दवा भोजन मिलता है, लेकिन प्रेम नहीं। उन्हें वृद्धावस्था में संरक्षण की जरूरत है, लेकिन कमाऊ पुत्र डांट रहे हैं, वृद्ध व्यथित हैं। सरकारें वृद्धाश्रम बना रही हैं। यह राष्ट्रव्यापी समस्या है। इसका उपचार प्राचीन संस्कृति और वैदिक सभ्यता है। भारत के अपने इतिहास में माता-पिता के आदर व श्रद्धा वाला संस्कारी समाज था। वैसा ही संस्कारी समाज बनाने के लिए माता-पिता का संरक्षण पाना और वृद्धावस्था में उन्हें संरक्षण देना कोई बड़ा काम नहीं है। यह सांस्कृतिक प्रश्न है। सामाजिक प्रश्न है और पारिवारिक आनंद की प्राप्ति का मार्ग भी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

समाज के कटघरे में खड़ी आजाद स्त्री

हर शाम जब वह अपने दफ़्तर से लौटकर घर का दरवाज़ा खोलती है, तो केवल ताला नहीं खुलता, बल्कि समाज की संदेहभरी निगाहें भी उसके साथ भीतर प्रवेश कर जाती हैं। वह शिक्षित, आत्मनिर्भर और आत्मविश्वास से भरी एक आधुनिक महिला है, जो अपनी गाड़ी स्वयं चलाती है, किताबों में सुकून तलाशती है और अपने सपनों की दुनिया खुद गढ़ती है, लेकिन समाज की नजर में उसकी यह सफलता सम्मान का कारण नहीं बनती, बल्कि उसे 'समस्या' का रूप दे देती है। भारत में आज लाखों महिलाएं अविवाहित, तलाकशुदा या विधवा होकर आत्मसम्मान के साथ जीवन जी रही हैं, फिर भी उन्हें अधूरा मान लिया जाता है। मानो विवाह ही स्त्री के अस्तित्व की अंतिम स्वीकृति हो। यही सीमित सोच उन्हें सराहना के बजाय संदेह और सवालों के कटघरे में खड़ा कर देती है।

कृति जैन
लेखिका

यह मानसिकता अचानक उत्पन्न नहीं हुई, बल्कि सदियों पुरानी परंपराओं की गहराइयों से निकली है। समाज ने स्त्री को सदैव किसी न किसी पुरुष की छाया में देखने की आदत बना ली है। पिता, पति और पुत्र इन्हीं के माध्यम से उसके जीवन की पहचान तय कर दी गई। आज भी अनेक परिवार विवाह को ही स्त्री की सबसे बड़ी उपलब्धि मानते हैं। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-5 के अनुसार शहरी भारत में अविवाहित महिलाओं की संख्या बढ़ रही है, फिर भी सामाजिक सोच अब तक पिछड़ेपन से मुक्त नहीं हो सकी है। स्वतंत्र व आत्मनिर्भर महिला को व्यवस्था के लिए खतरा माना जाता है, क्योंकि वह पारंपरिक सत्ता संरचना को चुनौती देती है व स्थापित मान्यताओं को प्रश्नों के कटघरे में खड़ा कर देती है।

> अकेली महिलाओं की कठिनाइयां केवल सामाजिक स्तर तक सीमित नहीं हैं, बल्कि संस्थागत ढांचों में भी गहराई से समाई हुई हैं। संपत्ति अधिकार, बैंक ऋण, बीमा योजनाएं और अनेक सरकारी सुविधाएं आज भी विवाहितों को प्राथमिकता देती हैं।

इस भय का सबसे गहरा प्रभाव महिलाओं के रोज़मर्रा के जीवन में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। मकान मालिक उन्हें किराए पर घर देने से हिचकिचाते हैं, पड़ोसी कानाफूसी करते हैं और रिश्तेदार बार-बार विवाह की याद दिलाकर मानसिक दबाव बढ़ाते हैं। कार्यस्थल पर भी उन्हें अलग दृष्टि से देखा जाता है, मानो उनकी योग्यता नहीं, बल्कि उनका वैवाहिक दर्जा ही उनकी पहचान हो। पुरुषों का अविवाहित रहना सामान्य माना जाता है, किंतु किसी महिला का अकेले रहना उसके चरित्र पर प्रश्नचिह्न लगा देता है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जहां अविवाहित या विधवा महिलाओं को सामाजिक बहिष्कार और उपेक्षा का सामना करना पड़ता है। यह दोहरा मापदंड धीरे-धीरे महिलाओं की आत्मविश्वास और मानसिक शक्ति को कमजोर करने का माध्यम बन जाता है।

अकेली महिलाओं की कठिनाइयां केवल सामाजिक स्तर तक सीमित नहीं हैं, बल्कि संस्थागत ढांचों में भी गहराई से समाई हुई हैं। संपत्ति अधिकार, बैंक ऋण, बीमा योजनाएं और अनेक सरकारी सुविधाएं आज भी विवाहितों को प्राथमिकता देती हैं। व्यवस्था अब तक यही मानकर चलती है कि महिला का जीवन किसी पुरुष के सहारे ही पूर्ण होता है। जब वह अपने बल पर आगे बढ़ती है, तो उसे अपवाद की तरह देखा जाता है। (ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

अनंत समृद्धि का दिन है अक्षय तृतीया

अक्षय तृतीया हिंदुओं द्वारा मनाए जाने वाले सबसे पवित्र और शुभ दिनों में से एक है। माना जाता है कि इस दिन से जो भी कार्य शुरू होता है, वो हमेशा पूर्ण होता है। यह त्योहार हर वर्ष बैसाख माह में शुक्ल पक्ष के तृतीया को आता है। अक्षय तृतीया को शादी का अबूझ मुहुर्त माना जाता हैं, क्योंकि इस दिन शुभ कार्य करने के लिए मुहूर्त नहीं देखना पड़ता। इसी कारण अक्षय तृतीया को बहुत अधिक शादियां होती हैं।

अक्षय तृतीया का पर्व बसंत व ग्रीष्म के संधिकाल का महोत्सव है। इस तिथि में गंगा स्नान, पितरों का तिल व जल से तर्पण और पिंडदान भी पूर्ण विश्वास से किया जाता है, जिसका फल भी अक्षय होता है। इस तिथि की गणना युगादि तिथियों में होती है, क्योंकि सतयुग की समाप्ती पर त्रेतायुग का आरंभ इसी तिथि से हुआ है।

माना जाता है कि इस दिन भगवान विष्णु ने परशुराम के रूप में जन्म लिया था, इसीलिए इस दिन को परशुराम जयंती के रूप में मनाते हैं। मान्यता है कि आखा तीज के दिन राजा भागीरथ गंगा नदी को पृथ्वी पर लाए थे। अक्षय तृतीया के दिन भगवान विष्णु तथा उनकी धर्मपत्नी लक्ष्मी जी की पूजा की जाती है। आखा तीज के दिन ही देवी अन्नपूर्णा का जन्म भी हुआ था। यह वह दिन था, जब भगवान कृष्ण ने अपनी सारी संपत्ति और सौभाग्य अपने गरीब मित्र सुदामा को दे दिया था। अक्षय तृतीया के दिन श्रद्धेय ऋषि वेद व्यास ने महाभारत की रचना शुरू की थी

रमेश सर्राफ
स्वतंत्र पत्रकार

और पुराणों के अनुसार यह दिन त्रेता युग की शुरुआत का प्रतीक है। जो मानव जाति के चार युगों या युगों में से दूसरा है।

हिंदू शास्त्रों और पुराणों के अनुसार चार युग का चक्र होता है, जिसे सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग और कलियुग के नाम से जाना जाता है। अक्षय तृतीया के दिन सतयुग, जिसे इंसान के जीवन का सुनहरा दौर कहा जाता है, वो समाप्त हो जाता है और त्रेतायुग शुरू हो जाता है, इसलिए अक्षय तृतीया को युगादि तिथि भी कहा जाता है।

अक्षय शब्द का अर्थ होता है, कभी न मिटने या कम होने होने वाला। संस्कृत में अक्षय (अक्षय) शब्द का अर्थ समृद्धि, आशा, खुशी, सफलता होता है, जबकि तृतीया का अर्थ है चंद्रमा का तीसरा चरण। इसका नाम हिंदू कैलेंडर में बैसाख के बसंत महीने के तीसरे चंद्र दिवस के नाम पर रखा गया है। इस त्योहार को हम अपनी भाषा में आखातीज नाम से भी जानते हैं, जिसका अर्थ होता है जो कभी खत्म ना होने वाला, इसलिए माना जाता है की यह दिन हमारे लिए वस्तुओं की खरीदारी का सबसे शुभ दिन माना जाता है। इसी कारण इस दिन किए गए सभी अच्छे कार्यों, जैसे जप, यज्ञ, दान-पुण्य, का पुण्य कभी भी समाप्त नहीं होता। माना जाता है कि अक्षय तृतीया का दिन व्यक्ति को अनंत सुख और समृद्धि की प्राप्ति करता है। इस दिन जितने पुण्य किए जाए उतने हमें हमारे लिए कम है।

जैन धर्म में भी अक्षय तृतीया एक महत्वपूर्ण तिथि है। इस दिन भगवान ऋषभदेव (प्रथम तीर्थंकर) ने एक वर्ष की तपस्या के बाद गन्ने के रस से पारणा किया था, इसलिए इस दिन को अक्षय तृतीया के रूप में मनाया जाता हैं। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

रैंकिंग में भारत के फिसलने के मायने

> भारत का छठे स्थान पर जाना एक झटका जरूर है, लेकिन इसे संकट के रूप में देखना जल्दबाजी होगी। यह एक चेतावनी भी है कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा में केवल तेजी से बढ़ना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि मुद्रा स्थिरता और सटीक आंकड़ों की भी उतनी ही अहम भूमिका है।

देश की अर्थव्यवस्था को लेकर हाल में आई एक खबर ने बहस छेड़ दी है-अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की ताजा रैंकिंग में भारत छठे स्थान पर खिसक गया है। यह वही भारत है, जिसे दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में गिना जा रहा है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या सच में भारत कमजोर हो रहा है या यह केवल आंकड़ों का खेल है?

आईएमएफ के वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक के अनुसार, 2025-26 के अनुमानों में भारत की जीडीपी लगभग 4.15 ट्रिलियन डॉलर रहने की संभावना है, जबकि ब्रिटेन 4.26 ट्रिलियन डॉलर के साथ एक पायदान ऊपर पहुंच गया है। इससे भारत छठे स्थान पर चला गया। अमेरिका और चीन पहले दो स्थानों पर बने हुए हैं, जबकि जर्मनी, जापान और ब्रिटेन भारत से आगे हैं। पहली नजर में यह गिरावट चिंता पैदा करती है, लेकिन गहराई से देखने पर तस्वीर कुछ अलग नजर आती है। यह बदलाव विकास दर में गिरावट के कारण नहीं, बल्कि गणना के तरीके और मुद्रा के उतार-चढ़ाव से जुड़ा है।

जीडीपी की वैश्विक तुलना अमेरिकी डॉलर में होती है। यही वह बिंदु है, जहां भारत को झटका लगा। पिछले एक साल में भारतीय रुपया डॉलर के मुकाबले कमजोर हुआ है- 93 के पार पहुंचना इसका संकेत है।

राजेश जैन
वरिष्ठ पत्रकार

इसे सरल भाषा में समझें। मान लीजिए भारत में उत्पादन और आय बढ़ रही है, लेकिन रुपया कमजोर हो रहा है। ऐसे में जब उसी उत्पादन को डॉलर में बदला जाएगा, तो उसकी वैल्यू कम दिखाई देगी। यानी असल में अर्थव्यवस्था बढ़ रही है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय तुलना में वह छोटी दिखने लगती है। यही कारण है कि भारत की जीडीपी डॉलर में कम आंकी गई और रैंकिंग नीचे खिसक गई।

भारत सरकार ने हाल ही में जीडीपी मापने के लिए बेस ईयर को 2011-12 से बदलकर 2022-23 कर दिया है। यह एक तकनीकी, लेकिन बेहद अहम बदलाव है। बेस ईयर बदलने का मतलब है कि अब अर्थव्यवस्था को नए डेटा और नए मानकों के आधार पर मापा जा रहा है। इससे आंकड़े ज्यादा सटीक होते हैं, लेकिन जब पुराने वर्षों की जीडीपी को नए तरीके से दोबारा कैलकुलेट किया गया, तो कुछ सेक्टरों में अनुमान कम हो गए। इस बदलाव से नॉमिनल जीडीपी में करीब दो से चार प्रतिशत तक की कमी दिखी।

यहां सबसे दिलचस्प पहलू सामने आता है। एक तरफ भारत 6.5% की दर से बढ़ रहा है, जो दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज है। दूसरी तरफ उसकी रैंकिंग गिर रही है। विकास दर और कुल जीडीपी का आकार दो अलग चीजें हैं। विकास दर बताती है कि अर्थव्यवस्था कितनी तेजी से बढ़ रही है, जबकि जीडीपी का आकार दर्शाता है कि कुल अर्थव्यवस्था कितनी बड़ी है। भारत तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन अभी भी अमेरिका, चीन, जर्मनी जैसे देशों की तुलना में उसका कुल आकार छोटा है। ऐसे में यदि मुद्रा कमजोर हो जाए या आंकड़ों में बदलाव हो जाए, तो रैंकिंग प्रभावित होना स्वाभाविक है।

ब्रिटेन ने इस बार भारत को पीछे छोड़ दिया है। इसके पीछे दो प्रमुख कारण हैं-पहला, ब्रिटेन की मुद्रा अपेक्षाकृत स्थिर रही; दूसरा, वहां के आर्थिक आंकड़ों में ऐसा कोई बड़ा संशोधन नहीं हुआ जैसा भारत में हुआ। यानी जहां भारत को रुपये की कमजोरी और बेस ईयर बदलाव का दोहरा झटका लगा, वहीं ब्रिटेन अपेक्षाकृत स्थिर बना रहा।

आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि यह गिरावट स्थायी नहीं है। इसके पीछे कोई बुनियादी आर्थिक कमजोरी नहीं है। भारत की खपत, निवेश और इंफ्रास्ट्रक्चर विकास मजबूत स्थिति में हैं। भारत की अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी ताकत उसकी घरेलू मांग है। इसके अलावा सरकार का इंफ्रास्ट्रक्चर पर जोर, डिजिटल इकोनॉमी का विस्तार और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में सुधार इसे आगे बढ़ा रहे हैं। आईएमएफ का अनुमान है कि यदि यही रफ्तार बनी रही, तो भारत 2027-28 तक फिर से चौथे स्थान पर पहुंच सकता है।

भारत के सामने अब दो बड़ी चुनौतियां हैं- मुद्रा को स्थिर रखना और आर्थिक सुधारों की गति बनाए रखना। रुपये की स्थिरता के लिए मजबूत निर्यात, विदेशी निवेश और वित्तीय अनुशासन जरूरी होगा।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

शारीरिक और मानसिक आघात पहुंचाने वाली बातों को भूलना श्रेयस्कर

कभी-कभी जीवन में ऐसी घटना हो जाती है कि उससे इंसान स्थायी रूप से क्रोधी हो जाता है। जब कभी उस घटना की याद आती है, तो क्रोध का पारा सातवें आसमान पर चढ़ जाता है। ऐसी ही घटना भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम के साथ हो गया था। थे तो वे ऋषि, जिसका काम ज्ञान देना था, लेकिन परशुराम के साथ राजा सहस्रार्जुन से युद्ध की कथा भी महाभारत ग्रंथ में उल्लिखित है।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

सहस्रार्जुन राजा होकर अपने दायित्व से च्युत हो जाता है। ज्ञान के भंडार परशुराम के पिता जमदग्नि की हत्या तथा उनके आश्रम के पेड़ पर्यावरण संरक्षण पद्धति को नष्ट करता है। पेड़-पौधों को उजाड़ देने पर परशुराम ने बदला लिया, जो स्वाभाविक है। सनातन संस्कृति में वृक्षों को भगवान का दर्जा दिया गया है। धार्मिक कार्यों में संकल्प के दौरान 'वनस्पतयः शांतिः' का उल्लेख किया गया है। यानी वनस्पतियों की रक्षा करनी चाहिए। सहस्त्रार्जुन राजा होकर हिंसा पर उतारू हो गया, जबकि महाभारत के शांति पर्व में भीष्म ने युधिष्ठिर से कहा भी है कि लोकहित में ऋषि अपने ज्ञान एवं तपोबल तथा राजा अपने बाहुबल से प्रजा को सुख, शांति तथा उल्लास प्रदान करे।

चाणक्य भी इसी तरह की व्यवस्था के हिमायती थे। इसमें जो भी अपने दायित्व से विचलित होता है, वह दंड का भागीदार होता है। इन्हीं कारणों से परशुराम क्रोधी स्वभाव के हो गए। जब सीता स्वयंवर में शिव का धनुष टूटने पर परशुराम ने क्रोध किया, तो लक्ष्मणजी ने 'लखन कहेउ हंसि सुनहु मुनि क्रोध पाप कर मूल, जेहि बस जन अनुचित करहिं चरहिं बिस्व प्रतिकूल' रामचरितमानस के दोहे में गोस्वामी तुलसीदास ने क्रोध को अनुचित बताया है।

यह क्रोध करने वाले के तन-मन पर बुरा प्रभाव डालता है। यदि जीवन में किसी ने कुछ अहित कर दिया, तो उसको भुलाने की सलाह दी जाती है। अंततः परशुराम जी का जब सामना मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम से हुआ, तो परशुरामजी ने अपना क्रोध त्याग दिया। जिन कारणों से शारीरिक एवं मानसिक आघात पहुंचे, उधर ध्यान ही नहीं देना चाहिए।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

मर्द जब रोता है, तब अक्सर बहुत देर हो चुकी होती है!

मर्द रोता नहीं और जब रोता है, तब अक्सर बहुत देर हो चुकी होती है। यह वाक्य केवल एक संवाद नहीं है; यह एक सामाजिक प्रशिक्षण का सार है। लड़कों को बचपन से जिस ढंग से गढ़ा जाता है, वही आगे चलकर उनकी भावनात्मक दुनिया, व्यवहार और उनके आत्मबोध को आकार देता है।

घर में जब छोटा लड़का गिरकर रोता है तो अक्सर उसे कहा जाता है 'चुप हो जाओ, लड़के रोते नहीं।' स्कूल में उसे सिखाया जाता है कि वह मजबूत बने, प्रतियोगिता जीते, हार को छिपाए। खेल के मैदान में उसे दर्द सहने की आदत डालने को कहा जाता है। किशोरावस्था में उसे यह संकेत मिलता है कि संवेदनशीलता आकर्षक नहीं, सफलता और नियंत्रण ही सम्मान दिलाते हैं। यह सब मिलकर एक भावनात्मक अनुशासन बनाता है, जो धीरे-धीरे व्यक्ति की पहचान का हिस्सा बन जाता है।

मनोवैज्ञानिक शोध बताते हैं कि प्रारंभिक समाजीकरण व्यक्ति की भावनात्मक शब्दावली को प्रभावित करता है। यदि बचपन में भावनाओं को व्यक्त करने की अनुमति सीमित हो, तो वयस्क होने पर व्यक्ति उन्हें पहचानने और साझा करने में कठिनाई महसूस करता है। यही कारण है कि अनेक पुरुष अपनी बेचैनी, तनाव या अवसाद को स्पष्ट रूप से पहचान नहीं पाते।

सत्य प्रकाश नायक
एक्टिविस्ट

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण के आंकड़े बताते हैं कि वयस्क आबादी में अवसाद और चिंता विकार व्यापक हैं। पुरुषों में पदार्थ-निर्भरता और शराब उपयोग विकार की दर महिलाओं की तुलना में अधिक पाई गई है, जबकि उपचार तक पहुंचने वाले पुरुषों का प्रतिशत अपेक्षाकृत कम है। यह अंतर केवल चिकित्सा सेवाओं की उपलब्धता का नहीं, बल्कि सामाजिक धारणाओं का भी परिणाम है, जहां सहायता मांगना अक्सर कमजोरी माना जाता है।

वैश्विक स्तर पर भी यही पैटर्न दिखाई देता है। अनेक देशों में पुरुष मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का उपयोग कम करते हैं, जबकि जोखिमपूर्ण व्यवहार अधिक देखा जाता है। समाज पुरुष से यह अपेक्षा करता है कि वह आत्मनिर्भर, स्थिर और भावनात्मक रूप से अडिग रहे। इसी अपेक्षा के कारण सहायता मांगना कई बार उसके आत्मसम्मान के विरुद्ध प्रतीत होता है।

भारतीय संदर्भ में यह अपेक्षा और जटिल हो जाती है। परिवार संरचना में पुरुष को अक्सर आर्थिक स्तंभ के रूप में देखा जाता है। कमाई, स्थिरता और सामाजिक प्रतिष्ठा उसकी पहचान का हिस्सा बन जाती है। यदि रोजगार अस्थिर हो, आय घटे या आर्थिक दबाव बढ़े, तो संकट केवल आर्थिक नहीं रहता, वह आत्मबोध का संकट बन जाता है।

ग्रामीण भारत में यह दबाव कृषि अस्थिरता, ऋण और बाज़ार जोखिम से जुड़ता है, जबकि शहरी संदर्भ में प्रतिस्पर्धात्मक कार्यसंस्कृति, अस्थायी रोजगार और लगातार तुलना इसे और तीव्र बना देती है। दोनों ही स्थितियों में पुरुष का आत्ममूल्य उपलब्धियों से बंध जाता है, और भावनात्मक जीवन पीछे छूट जाता है, लेकिन यह केवल अर्थव्यवस्था का प्रश्न नहीं है; यह उस सांस्कृतिक मस्कुलैरिटी का प्रश्न है, जिसे समाज पीढ़ियों से निर्मित करता आया है। अकादमिक रूप से इसे 'हेजेमोनिक मस्कुलिनिटी' कहा जाता है, जिसमें शक्ति, नियंत्रण और भावनात्मक कठोरता को आदर्श पुरुषत्व माना जाता है।

समाज एक आदर्श पुरुष छवि निर्मित करता है। मजबूत शरीर, नियंत्रित भावनाएं और कमज़ोरी का अभाव। फिल्मों, खेल, विज्ञापनों और अब डिजिटल मीडिया में यह छवि लगातार दोहराई जाती है। धीरे-धीरे यह छवि केवल आदर्श नहीं रहती, बल्कि सामाजिक मानक बन जाती है। यहीं से मर्दानगी का निर्माण शुरू होता है। घर की भाषा से, जहां आंसू को शर्म से जोड़ा जाता है; स्कूल की संस्कृति से, जहां लड़कों को कठोरता के लिए प्रोत्साहित किया जाता है और साथियों के व्यवहार से, जहां संवेदनशीलता को उपहास का विषय बनाया जा सकता है। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

न्यूज ब्रीफ

श्मशान घाट से पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया गया शव

परियर उन्नाव, अमृत विचार। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के वजीरगंज निवासी अनूप (28) पुत्र कन्हैया लाल के शव का दाह संस्कार शनिवार को परियर श्मशान घाट पर किया जा रहा था। तभी मृतक के साले संदीप ने अनूप की मृत्यु पर संदेहज जाहिर करते हुए पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद दरोगा रहमतुल्ला खान ने श्मशान घाट पर ही पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अनूप की पत्नी 2 वर्ष पहले किसी बात से नाराज होकर मायके चली गई थी। तब से वह ससुराल वापस नहीं आई है।

महिला ने की खुदकुशी

फतेहपुर चौरासी उन्नाव, अमृत विचार। थानाक्षेत्र के खुशरूपुर गांव निवासी रूबी (28) पत्नी मंगल का शव शनिवार सुबह घर के अंदर फंदे से लटका मिला। पति ने पुलिस को बताया कि उसने वर्ष-2020 में रूबी से कोर्ट मैरिज की थी। शुक्रवार रात वह पत्नी व बच्चों के साथ खाना खाकर सो गया। सुबह 5 बजे देखा कि घर के अंदर पत्नी ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली है। एसओ ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना की जांच की जा रही है।

बीमारी से ग्रसित महिला ने तोड़ा दम

उन्नाव, अमृत विचार। बिहार थानाक्षेत्र के राम प्रसाद खेड़ा निवासी विवाहिता की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने जांच कर शव मोर्चरी भेजा है। रामप्रसाद खेड़ा गांव निवासी सुखराम ने बताया कि उसकी पत्नी गायत्री लंबे समय से सांस की बीमारी से ग्रसित थी।

लापरवाही व रफ्तार की भेंट चढ़ीं 7 जिंदगियां

दंपति सहित 7 लोग हुए घायल, पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेज शवों का कराया पोस्टमार्टम

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। जिले के अलग-अलग थानाक्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में 6 लोगों की मौत हो गई। वहीं दंपति समेत 5 लोग घायल हो गए। जिनका इलाज अस्पतालों में जारी है। हादसे की खबर से उनके परिजनों में चीखपुकार मच गई। संबंधित क्षेत्रों की पुलिस ने जांच के बाद घायलों को अस्पताल भेजने के साथ शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं।

पहली घटना में सफीपुर माखी थानांतर्गत हिमांचल खेड़ा गांव निवासी राजेश (45) खेती करता था। शनिवार सुबह वह अपने मौसा मुन्ना की मौत की सूचना पर उनके घर बांगरमऊ जा रहा था। तभी उन्नाव-हरदोई मार्ग पर सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के बम्हना चौराहा के पास कार ने बाइक में टक्कर मार दी। उछलकर सड़क पर गिरते ही वहां से गुजर रहे डंपर ने उसे रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। पुलिस से हादसे की खबर मिलते ही पत्नी प्रेमा व बेटा सनी व सूर्या बेहाल हो गए। प्रशिक्षु आईपीएस संचित शर्मा ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

दूसरी घटना में पुरवा कोतवाली क्षेत्र के लालाखेड़ा गांव निवासी संदीप (25) पुत्र कल्लू दिल्ली में नौकरी करता था। चचेरे भाई रिंकज की 15 अप्रैल को शादी थी। इसमें शामिल होने वह गांव आया था। शुक्रवार देर रात वह बैगांव निवासी चचेरे भाई अंकित पुत्र पुत्तीलाल के साथ उन्नाव-पुरवा मार्ग स्थित ढाबे पर खाना खाने जा रहा था। तभी कंबाइन हार्वेस्टर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। दोनों घायलों को बिछिया सीएचसी लाया गया। जहां डॉक्टर ने संदीप को मृत घोषित कर दिया। बेटे की मौत से वृद्ध पिता रो-रोकर बेहाल रहा। उसकी मां की पहले मौत हो चुकी है। भाई कुलदीप मानसिक अस्पताल में भर्ती है। कोतवाली प्रभारी भवन सिंह मौर्य ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पिता की तहरीर पर टक्कर मारने वाले वाहन पर रिपोर्ट दर्ज कर उसे सीज किया है। चालक की तलाश की जा रही है।

तीसरी घटना में हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के उलरापुर गांव निवासी कन्हैया उर्फ अजय (33) पुत्र स्व.नोखेलाल शुक्रवार देररात घर लौट रहा था, गांव से करीब 500 मीटर पहले उसकी बाइक सड़क पर खड़ी ट्रैक्टर-ट्राली से टकरा गई। इसमें उसकी मौके पर मौत हो गई। इसकी खबर मिलते ही पत्नी पप्पी व मां विमला रो-रोकर बेहाल रहीं। भाई कृष्ण पाल ने बताया कि उसके 3 बच्चों में बेटी राधा, अन्नू व बेटा शंभू हैं। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपर्द किया है। कोतवाली प्रभारी शरद चंद्र ने बताया कि सड़क हादसे में युवक की मौत हुई है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। चौथी घटना में अमेठी जिला के कस्बा व थाना जायस निवासी बबलू (28) पुत्र स्व. नन्हकू एक सप्ताह पूर्व मां सावित्री के साथ दही थानाक्षेत्र के सकहन गांव निवासी बहन सावित्री पत्नी लाला राम के घर आया था। जहां से वह 16 अप्रैल को दही औद्योगिक क्षेत्र में भांजे विकास से मिलने गया था। 17 अप्रैल को सुबह उसे उन्नाव-पुरवा मार्ग स्थित ओरहर गांव के मोड़ पर अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिला अस्पताल में में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने उसकी बहन व मां को सूचना दी। शनिवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। बेटे की मौत से मां, भाई प्रकाश, छल्लू व सोनू बेहाल है। एसओ ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। वाहन की तलाश की जा रही है। पांचवीं घटना में असोहा थानाक्षेत्र के डंडनापुर निवासी सुनील (32) पुत्र श्रीराम सुबह बरौली चौराहा गया था। लौटते समय शनिवार दोपहर बौरोली-पुरवा मार्ग पर पिपरी मोड़ के पास अचानक सामने आए आवारा मवेशी से टकराकर बाइक फिसल गई। सिर के बल सड़क पर गिरने से सुनील की अस्पताल ले जाने से पहले मौत हो गई। पिपरी गांव के प्रधान रामनरेश वर्मा से मिली सूचना पर पहुंची असोहा पुलिस ने उसकी पहचान कराकर परिजनों को जानकारी दी। सुनील 2 भाइयों में सुमेर से छोटा था। उसके दो बच्चों में बेटा आकाश व बेटी बबली है। पति की मौत से पत्नी बलेश्वरी व मां रामेश्वरी का रो-रोकर बुरा हाल है। एसओ फूल सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

वहीं छठवीं घटना में औरास कस्बा के चंद्रशेखर आजाद नगर मोहल्ला निवासी बाबू लाल (65) की पौत्री प्रीति की शादी तय है। इससे वह शुक्रवार को खरीदारी करने निकले थे। तभी औरास-मोहान मार्ग पर एक दूध डेयरी के सामने अज्ञात वाहन की टक्कर से वह घायल हो गए। उन्हें परिजनों ने सीएचसी पहुंचाया। शनिवार को उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव मोर्चरी भेजा है।

इसके अलावा देर शाम बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में भिखारीपुर पतसिया के मजरा मितान पुरवा निवासी रवि पुत्र श्रीकृष्ण अपने पड़ोसी विकास (16) पुत्र रामविलास के साथ बाइक से बिल्हौर मार्ग स्थित भुड्डा चौराहा जा रहा था। तभी सामने से आए ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे पीछे बैठा विकास उछलकर सड़क पर गिर कर गंभीर घायल हो गया। वहीं हादसे में बाइक चला रहा रवि बाल - बाल बच गया। रवि ने ग्रामीणों की मदद लेकर विकास को सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बेटे की मौत से मां सुमन बदहवाश है। विकास का एक छोटा भाई प्रियांशु व दो बहनों में रचना व दूसरी 6 माह की गुड़िया है।



मृतक सुनील। मृतक संदीप। मृतक बाबूलाल।

बाईकों की टक्कर में दंपति समेत 4 घायल

नवाबगंज उन्नाव, अमृत विचार। असोहा थानांतर्गत बरेला गांव निवासी शिवकुमार अपनी पत्नी रंजना के साथ शनिवार को बाइक से दवा लेने नवाबगंज जा रहा था। नवाबगंज कस्बे के सेरसा रोड मोड़ पर वह बाइक रोककर पानी पीने लगा। तभी सामने से आई बाइक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें दंपति व दूसरी बाइक सवार सोहरामऊ थानाक्षेत्र के देवारा गांव निवासी सूरज व राहुल घायल हो गये। सभी को जिला अस्पताल भेजा गया।

स्कूटी फिसलने से भाई-बहन घायल

शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार। महाराष्ट्र के ठाणे निवासी अरविंद सिंह की बेटी अपूर्वा सिंह अपने भाई आदित्य के साथ राधे नगर स्थित नानी के घर आई थी। दोपहर में दोनों स्कूटी से मेंहदी लगवाने निकले थे। जैसे ही वे फोरलेन पर पीएनबी बैंक के सामने पहुंचे अचानक स्कूटी अनियंत्रित होकर फिसल गई। इसमें दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों ने उन्हें उठाकर उपचार के लिए नजदीकी पीएचसी पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को छुट्टी दे दी गई।

आबकारी इंस्पेक्टर ने शराब दुकानों पर की जांच-पड़ताल

हसनगंज उन्नाव, अमृत विचार। क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री व नियमों का उल्लंघन रोकने के लिए आबकारी इंस्पेक्टर ने शनिवार को शराब की कई दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस छापेमारी से शराब दुकानदारों में हड़कंप मच गया। शनिवार को आबकारी इंस्पेक्टर ज्योति अग्रवाल ने हसनगंज, मोहान, औरास, शाहपुर तोंदा, समदपुर भावा सहित एक दर्जन शराब दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इसमें दुकान के वैध लाइसेंस, स्टॉक रजिस्टर व खरीद-बिक्री के रिकॉर्ड का मिलान कर देखा कि कोई भी शराब अवैध स्रोत से नहीं खरीदी गई है। इंस्पेक्टर ने यह सुनिश्चित किया कि ग्राहकों से एमआरपी से अधिक दाम न वसूले जाएं। दुकानदारों को चेतावनी दी कि अधिक मूल्य वसूलने पर भारी जुर्माना व लाइसेंस रद करने की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही शराब दुकानों को तय समय पर खोलने व बंद करने के भी निर्देश दिए। निर्देश दिए कि वे किसी भी स्थिति में नाबालिगों को शराब न बेचें। ऐसा करने पर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। आबकारी इंस्पेक्टर ने बताया कि इस निरीक्षण का उद्देश्य दुकानों पर सरकारी गाइड लाइंस का पालन कराना और अनियमितता पकड़ना था।

परशुराम जयंती पर अग्रज सम्मानित

शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार। परशुराम जयंती की पूर्व संध्या पर शनिवार शाम अखिल भारतीय परशुराम ब्रिगेड के तत्वावधान में भव्य धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। फोरलेन स्थित न्यू पीएचसी के बाहर हुए कार्यक्रम में ब्रिगेड के 18वें वार्षिकोत्सव को उत्साह के साथ मनाया गया। इसकी शुरुआत भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर व आरती के साथ हुई। इसके बाद श्रद्धालुओं ने सुंदरकांड का पाठ किया। इस दौरान समाज के अग्रजों को अंगवस्त्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विश्व हिंदू सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अलंकार अग्निहोत्री रहे। इस दौरान इंद्रेश शुक्ला, पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे, संदीप पांडे, भानू मिश्रा, वीरेन्द्र शुक्ला, विकास मिश्रा, विनय तिवारी, विशाल त्रिपाठी, उमेश शुक्ला, मोहित शुक्ला, अभिषेक शुक्ला, अभिषेक तिवारी, भास्कर पांडेय आदि रहे।

आज मनेगा भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार। नगर के पश्चिम बाईपास मार्ग स्थित बाबा बोधेश्वर महादेव मंदिर परिसर में रविवार सुबह 10 बजे से भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर सुंदरकांड पाठ का भी आयोजन किया गया है। स्थानीय ब्राह्मण परिवार संस्था ने नगर एवं क्षेत्र के श्रद्धालुओं से समारोह में भाग लेने की अपील की है।

प्रीपेड मीटरों ने बढ़ाई उपभोक्ताओं की परेशानी

उन्नाव, अमृत विचार। जिले में लगाए गए स्मार्ट प्रीपेड मीटरों को लेकर उपभोक्ताओं का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। अधिक बिलिंग, बिना सूचना बिजली कटौती व सर्वर फेल होने जैसी समस्याओं से परेशान सैकड़ों लोगों ने शनिवार को नर सेवा नारायण सेवा समिति के नेतृत्व में डीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर समाधान की मांग की।

समिति संस्थापक विमल द्विवेदी के नेतृत्व में पहुंचे उपभोक्ताओं ने कहा कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली बिल दो से तीन गुना बढ़ गए हैं। जबकि खपत में कोई बदलाव नहीं हुआ है। प्रीपेड बैलेंस खत्म होते ही बिना पूर्व सूचना बिजली काट दी जाती है। जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। बताया कि रिचार्ज कराने के बावजूद सर्वर फेल होने के कारण बैलेंस समय पर अपडेट नहीं होता। जिससे उपभोक्ताओं को अंधेरे में रहना पड़ता है। समिति ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो जनहित में स्मार्ट मीटर हटाकर पुरानी व्यवस्था बहाल की जाए। इस दौरान प्रदेश जिलाध्यक्ष अनीता विमल द्विवेदी, जिला संयोजक अजय त्रिवेदी, जिलाध्यक्ष ज्योति राजपूत, नीलमणि सिंह, एके दीक्षित, आरके मिश्रा, योगेंद्र तिवारी, परिमल मिश्रा, अखिल मिश्रा, विकास तिवारी, धर्मेंद्र शुक्ल, केतन अवस्थी, रमेश तिवारी, विनय द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

स्मार्ट प्रीपेड मीटरों के विरोध में प्रदर्शन करते उपभोक्ता। अमृत विचार

एचटी लाइन की चिंगारी से गेहूं की फसल जली

नवाबगंज उन्नाव, अमृत विचार। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के एतबारपुर गांव में शनिवार दोपहर अचानक लगी आग से 6 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। आग लगने की वजह हाईटेंशन लाइन में हुई स्पार्किंग बताई जा रही है। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जबकि दमकल की गाड़ी देर से पहुंची। ग्रामीणों के अनुसार गांव के बाहर खेतों के ऊपर से गुजर रही एचटी लाइन में अचानक स्पार्किंग हुई और चिंगारियां सूखी फसल पर गिर गईं। देखते ही देखते आग फैल गई। आग लगते ही ग्रामीण पहुंचे और दमकल विभाग को सूचना देने के साथ आग बुझाने में जुट गए। काफी प्रयासों के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

जिला अस्पताल में युवती से गार्ड ने की छेड़छाड़, केस दर्ज

संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। जिला अस्पताल में भर्ती बाबा की तीमारदारी में लगी पौत्री से वार्ड में तैनात सुरक्षा गार्ड पर छेड़खानी करने का आरोप लगा है। उसकी तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस गार्ड से पूछताछ कर रही है।

बता दें कि अचलगंज थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी वृद्ध के घायल होने पर उसे पुरुष चिकित्सालय के वार्ड-दो के बेड नंबर 17 पर भर्ती कर उसका इलाज जारी था। शुक्रवार रात देखभाल के लिए उसकी पौत्री आई थी। पौत्री का आरोप है कि सुरक्षा में तैनात सिक्योरिटी गार्ड सरोज ने उससे बदसलूकी की। पहले हाथ पकड़ा, विरोध करने पर उसने अभद्रता शुरू कर दी। उसके मुताबिक गार्ड नशे में था। शोर सुन अन्य तीमारदार भी जाग गए। सूचना पर अस्पताल चौकी पुलिस पहुंची और गार्ड को हिरासत में लिया। शुक्रवार रात से शनिवार पूरे दिन अस्पताल प्रशासन पीड़ित पक्ष पर सुलह का दबाव बनाता रहा। लेकिन देरशाम तक मामला नहीं बना। पीड़िता की तहरीर पर गार्ड के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है। अपराध निरीक्षक राजेश यादव ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर गार्ड को पकड़ा गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

करंट की चपेट में आकर युवक की मौत

उन्नाव, अमृत विचार। अचलगंज थानाक्षेत्र के शिवपुरी करनीपुर गांव निवासी किसान की नहाते समय करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। सुबह शव पड़ा देख परिजनों की सूचना पर पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है। अचलगंज थानाक्षेत्र के शिवपुरी करनीपुर गांव दीपू (35) स्व. भोला लोध खेती करता था। शुक्रवार देररात वह गेहूं की फसल काटकर लौटा था। इसके बाद वह नहाने के लिए घर के पीछे हैंडपंप में पड़े सबमर्सिबल चालू करने गया था। तभी वह कटे केबल की चपेट में आकर झुलस गया। इससे उसकी मौत हो गई। सुबह मां ने उसे पड़ा देख शोर मचाया। दीपू का 8 साल पहले पत्नी से तलाक हो गया था। तभी से वह बेटी दिव्या (11) के साथ रहता था।

कटान निरोधक कार्य का लोकार्पण करते विधायक पंकज गुप्ता। अमृत विचार

कटान निरोधक कार्य का किया शिलान्यास

शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार। शारदा नहर गंगाघाट में बढ़ती कटान की समस्या को देखते हुए मुक्ता घाट के पास कटान निरोधक कार्य का शनिवार को सदर विधायक पंकज गुप्ता ने भूमि पूजन कर शुभारंभ किया। उन्होंने मंदिर में पूजा कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की और फीता काटकर कटान निरोधक कार्य का लोकार्पण किया। विधायक ने अधिकारियों के साथ नक्शे व तकनीकी पहलुओं पर चर्चा की और कार्य की गुणवत्ता व समयबद्ध पूर्णता के निर्देश दिए। इस दौरान एक्सईएन गगन कुमार, एई अनुराग मिश्रा, जेई रविंद्र, सौरभ, सूर्यकांत, चेयरमैन प्रतिनिधि संदीप पांडेय, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश शुक्ला, गोल्डी गुप्ता, विजयराज सिंह, दीपू शुक्ला, सभासद विशाल त्रिपाठी, आदित्य त्रिपाठी, धीरज सिंह, सतीश शुक्ला, योगेश अवस्थी, संदीप मिश्रा, राजकुमार पाल, अमरेंद्र गुप्ता, अजयमणि, आशुतोष, सुरेश तिवारी, सूर्यकुमार बाजपेई व राजेश गुप्ता आदि रहे।

वृद्धा और महिला के शव लटकते मिले

उन्नाव, अमृत विचार। अलग-अलग थानाक्षेत्रों में वृद्धा व विवाहिता के शव फंदे से लटकते मिले। पुलिस ने शवों के पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपे हैं। बिहार थानाक्षेत्र के दुबेपुर गांव निवासी जिलई (92) पत्नी स्व. मौला बक्स शुक्रवार को घर से बिना बताए निकली थी। लेकिन वापस नहीं लौटी। शनिवार सुबह उसका शव गांव के बाहर पेड़ पर फंदे से लटकता मिला। शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग से मौत की पुष्टि हुई। पौत्र इम्तियाज ने बताया कि पिता मो. इदरीश की करीब 1 साल पहले मौत हो गई थी। मम्मी की भी तबीयत खराब रहती है। बताया कि बेटे की मौत से दादी मानसिक परेशान रहती थी। एसओ राहुल सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजनों का कोई आरोप नहीं है।

ई-नगर सेवा पोर्टल का हुआ शुभारंभ

संवाददाता, उन्नाव,

अमृत विचार। नगर पालिका परिषद ने लोगों को डिजिटल सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में कदम उठाया है। इसमें ई-नगर सेवा पोर्टल (E-NagarSewa.Gov.in) से नगर पालिका अध्यक्ष ने स्वयं ऑनलाइन टैक्स जमा कर इसका शुभारंभ किया। इसके माध्यम से अब नागरिक हाउस, वाटर व सीवर टैक्स का भुगतान घर बैठे ऑनलाइन कर सकेंगे।

इस व्यवस्था से लोगों को नगर पालिका कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने होंगे और कर भुगतान प्रक्रिया सरल, सुरक्षित व पारदर्शी बनेगी। नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता मिश्रा ने कहा कि नगर वासियों को बेहतर व समयबद्ध सेवाएं देना उनकी प्राथमिकता है।

टैक्स जमा कर पोर्टल का शुभारंभ करतीं चेयरमैन श्वेता मिश्रा व भानू मिश्रा।

- अब घर बैठे जमा कर सकेंगे हाउस, वाटर और सीवर टैक्स

बताया कि समय पर कर भुगतान को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष छूट दी जा रही है। 1 अप्रैल से 15 मई तक कर जमा करने पर 20 प्रतिशत व 16 मई से 15 नवंबर तक 10 प्रतिशत की छूट मिलेगी। भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रवीण मिश्रा भानू ने इस पहल को सराहनीय बताते हुए कहा कि इससे प्रशासनिक कार्यों में तेजी आएगी और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा। इसमें ईओ, सभासद व अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

अक्षय तृतीया को लेकर सजाई गई ज्वैलर्स की दुकान। अमृत विचार

अक्षय तृतीया आज, सज गईं ज्वैलर्स की दुकानें

शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार। आज अक्षय तृतीया है। इस दिन आभूषणों की खरीदारी शुभ मानी जाती है। इसे लेकर नगर की ज्वैलरी दुकानों में शनिवार सुबह से सफाई करने के साथ आकर्षक ढंग से सजाया गया है। दुकानदारों ने ग्राहकों के लिये हर रेंज की ज्वैलरी का सामान दुकानों में मंगवाया है। जिससे महंगाई के बावजूद कोई ग्राहक वापस न जा सके। वहीं अक्षय तृतीया के तुरंत बाद शादी का लगन होने से भी दुकानदारों को अच्छे कारोबार की उम्मीद है। ज्वैलर्स राजेश बाजपेई, कमल वर्मा, मयंक शुक्ला, आशीष बाजपेई, मुन्ना रावत, उत्कर्ष वर्मा आदि ने बताया कि आमतौर पर अक्षय तृतीय पर बड़े पैमाने पर लोग ज्वेलरी की खरीदारी करते हैं, लेकिन इस बार बाजार थोड़ा मंदा है। इसके बावजूद उन्होंने दुकानें सजा ली हैं। सोना व चांदी का भाव आसमान पर हैं। फिर भी अच्छी दुकानदारी होने की उम्मीद है। ज्वैलर्स ने बताया कि सोना 1 लाख 55 हजार का 10 ग्राम और चांदी 2 लाख 55 हजार रुपये किलो है।

आयोजन सिद्धनाथ मंदिर परिसर में दिखा भक्ति व सांस्कृतिक उत्साह का अद्भुत संगम

भजन संध्या व दीपदान से जगमगाया मंदिर

संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत शनिवार को सिद्धनाथ मंदिर परिसर में भजन संध्या व तालाब में दीपदान आयोजित हुआ। इसमें भक्ति व सांस्कृतिक उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। जिससे पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो गया।

सायंकालीन बेला में आयोजित भजन संध्या में श्रद्धालु भक्तिमय धुनों पर झूम उठे। वहीं मंदिर परिसर स्थित तालाब के घाटों पर सैकड़ों दीप प्रज्वलित किए गए। इससे पूरा क्षेत्र दीप मालाओं की रोशनी से अलोकित हो उठा और मनमोहक दृश्य बन गया। दीपदान कार्यक्रम के लिए घाटों की विशेष साफ-सफाई व तैयारियों में डीएसएन कॉलेज, राजकीय आईटीआई व चौधरी खजान सिंह कॉलेज के छात्रों ने योगदान दिया। इसमें सांस्कृतिक विभाग के सेवानिवृत्त डिप्टी डायरेक्टर केके पाठक ने कहा कि ऐसे आयोजन हमारी परंपराओं को जीवित रखने के साथ समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। पीडी तेजवंत सिंह ने कहा कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व जैसे आयोजन जनसहभागिता को बढ़ावा देकर समाज को एकजुट करते हैं। जिला पर्यटन अधिकारी संतोष सिंह ने इसे आपसी सद्भाव व एकता को मजबूत करने वाला आयोजन बताया। इसमें लेफ्टिनेंट डॉ. विपिन सिंह, कैप्टन रविरंजन, मुन्ना सिंह अवधूत, आशीष निगम, मनीष दीक्षित, लेफ्टिनेंट अतुल शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

सिद्धनाथ मंदिर में दीपक जलाती महिलाएं। अमृत विचार

जगदंबा पार्क में हवन व कन्या पूजन आज

शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार। ऋषि नगर स्थित जगदंबा पार्क में भगवान परशुराम मंदिर में रविवार को धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। मंदिर में विधिविधान से पूजा-अर्चना के साथ हवन व कन्यापूजन होगा। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद बांटा जाएगा। भगवान परशुराम सेवा समिति के तत्वावधान में शनिवार को हुई बैठक में पदाधिकारियों ने बताया कि सुबह भगवान परशुराम का जलाभिषेक होगा। इसके बाद हवन-पूजन होगा। फिर कन्याभोज भी होगा। जिसमें कन्याओं को भोजन कराकर आशीर्वाद लिया जाएगा। शाम 7 बजे से भजन संध्या का आयोजन होगा। जिसमें श्रद्धालु भक्ति गीतों का आनंद लेंगे।

सम्मानित छात्र-छात्राओं के साथ मौजूद अतिथि। अमृत विचार

वार्षिक उत्सव में मेधावी छात्र सम्मानित

उन्नाव, अमृत विचार। उच्च प्राथमिक विद्यालय भानपुर हसनगंज में वार्षिकोत्सव व नवीन पुस्तकालय का शुभारंभ जिला स्तरीय स्टेट रिसोर्स ग्रुप के सदस्य अखिलेश चंद्र शुक्ल ने दीप प्रज्वलन कर किया। छात्रों में पठन-पाठन के प्रति रुचि बढ़ाने, समय समय पर संदर्भित पुस्तकें व छात्रों द्वारा रोज समाचार वाचन के उद्देश्य से विद्यालय के पुस्तकालय को नया कलेवर देने का प्रयास प्रधान शिक्षक रमाकांत व सहायक शिक्षिका मुसर्रत फातमा द्वारा किया गया है। जिसे छात्रों को समर्पित किया गया। विद्यालय में रीडिंग मेले के आयोजन के साथ विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं भी हुईं। इसमें बीते सत्र के मेधावियों को सम्मानित भी किया गया। विकास खंड की संपूर्ण मेंटर टीम, अर्पित मिश्रा, आकांक्षा त्रिपाठी, प्रीति भारती, प्रमोद सिंह, पीयूष सिंह, शंकुल शिक्षक बासुकी नाथ ओझा व शिक्षा मित्र प्रदीप ने भी आयोजन में सहयोग किया।

विधायक ने किया 29.40 लाख बने नए कक्षों का लोकार्पण

सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार। नगर के उच्च प्राथमिक विद्यालय में शनिवार को शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूती देते हुए विधायक बंबालाल दिवाकर ने 29.40 लाख से बने नए कक्षों का फीता काटकर लोकार्पण किया। इसकी शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण से हुई। इस दौरान विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना व राधा-कृष्ण गीतों की प्रस्तुति देकर अतिथियों का मन मोह लिया। छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए महिला सशक्तिकरण का संदेश भी दिया। विधायक ने कहा कि सरकार बच्चों को बेहतर शैक्षिक वातावरण देने के लिए संकल्पित है।

आईसीआईसीआई बैंक का शुद्ध लाभ 9% बढ़ा

मुंबई। मार्च 2026 को समाप्त बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही के दौरान आईसीआईसीआई बैंक का शुद्ध लाभ 9 .28 प्रतिशत बढ़कर 14,755 करोड़ रुपये हो गया। बैंक ने शेयर बाजार को बताया कि पिछले वर्ष की इसी अवधि में उसने 13,502 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

अमृत विचार
कानपुर, रविवार, 19 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com

बिजनेस ब्रीफ

अक्षय तृतीया पर ओला इलेक्ट्रिक ने की 50,000 तक के लाभ की पेशकश

नयी दिल्ली। इलेक्ट्रिक दोपहिया विनिर्माता ओला इलेक्ट्रिक ने शनिवार को अक्षय तृतीया के अवसर पर 'ओला सोना वीकेंड' पेशकश की घोषणा की है, जिसके तहत कंपनी अपने इलेक्ट्रिक वाहन पोर्टफोलियो पर ग्राहकों को 50,000 रुपये तक के लाभ दे रही है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि भारत के सबसे शुभ त्योहारों में से एक के उपलक्ष्य में ग्राहकों के पास ''ओला सोना'' जीतने का अवसर भी होगा। यह एक सीमित संस्करण वाला स्कूटर है जिसमें असली 24 कैरेट सोने की परत वाले तत्व लगाए गए हैं। इसके अतिरिक्त, कंपनी ने बताया कि वह अपने जेन 3 एस1 एक्स (2 किलोवाट-घंटा) और रोडस्टर एक्स (2 .5 किलोवाट-घंटा) को मात्र 49,999 रुपये में उपलब्ध करा रही है। साथ ही, पूरे उत्पाद पोर्टफोलियो पर ग्राहकों को अधिकतम 50,000 रुपये तक के लाभ भी दिए जा रहे हैं। ये ऑफर केवल 18 और 19 अप्रैल को ही मान्य हैं।

एचडीएफसी बैंक का शुद्ध लाभ 8% बढ़कर 20,351 करोड़ पर

मुंबई। एचडीएफसी बैंक ने शनिवार को बताया कि बीते वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 8 .04 प्रतिशत बढ़कर 20,350 .76 करोड़ रुपये रहा। मुंबई मुख्यालय वाले इस बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 की इसी अवधि में 18,834 .88 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ दर्ज किया था। देश में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े ऋणदाता का चौथी तिमाही का एकल शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 9 .11 प्रतिशत बढ़कर 19,221 .05 करोड़ रुपये हो गया। इससे पिछली दिसंबर 2025 तिमाही में बैंक ने 18,653 .75 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

एसुस के ड्रॉप जोन नेटवर्क में अब 22 और स्टोर शामिल

मुंबई। एसुस इंडिया ने उसकी ड्रॉप जोन पहल को मिल रही सकारात्मक प्रतिक्रिया के मद्देनजर इस कार्यक्रम का विस्तार 22 अतिरिक्त स्टोर्स तक कर दिया है। ग्राहकों को बेहतर सेवा देने के लिए शुरू की गयी ड्रॉप जोन पहल के तहत ग्राहक अब सर्विस के लिए अपने लैपटॉप सीधे एसुस एक्सक्लूसिव स्टोर्स पर जमा कर सकते हैं। ताइवानी कंपनी एसुस की भारतीय इकाई की शनिवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि यह विस्तार खास तौर पर ग्राहकों की पहुंच, सर्विसिंग में लगने वाले समय और ट्रैकिंग से जुड़ी परेशानियों को कम करने के लिए किया गया है, विशेष रूप से उभरते शहरों में। दूसरे चरण के तहत ड्रॉप जोन नेटवर्क का विस्तार दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में किया गया है।

12,980 करोड़ की सॉवरेन गारंटी समुद्री जोखिमों से कवर रहेंगे जहाज

केंद्र सरकार ने भारत मैरीटाइम इंश्योरेंस कोष बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने शनिवार को लगातार समुद्री बीमा कवरेज की सुविधा के लिए 12,980 करोड़ रुपये की सॉवरेन गारंटी के साथ एक घरेलू बीमा योजना 'भारत मैरीटाइम इंश्योरेंस कोष' (बीएमआई कोष) बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी।

यह कोष सुनिश्चित करता है कि भारतीय व्यापार को किसी भी अंतरराष्ट्रीय मूल से भारतीय बंदरगाहों तक और इसके विपरीत माल ले जाने वाले जहाजों के लिए सस्ती बीमा सुविधा मिलती रहे, भले ही वे अस्थिर समुद्री गलियारों से गुजर रहे हों।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी। सरकार ने भारतीय ध्वज वाले या भारतीय नियंत्रण वाले जहाजों, अथवा भारत आने वाले या भारत से जाने वाले जहाजों के लिए सॉवरेन गारंटी द्वारा समर्थित भारत समुद्री बीमा कोष के गठन को मंजूरी दी है।

● भारत समुद्री बीमा कोष भारतीय ध्वज वाले और भारत के नियंत्रण वाले जहाजों के लिए होगा : अश्विनी वैष्णव

वैष्णव ने कहा कि भारत समुद्री बीमा कोष भारतीय ध्वज वाले जहाजों और भारत के नियंत्रण वाले जहाजों के लिए होगा... यह 10 साल के लिए होगा। उन्होंने आगे कहा कि विदेशी बीमा कंपनियों पर हमारी निर्भरता कम होगी और हम विदेशी मुद्रा को बाहर जाने से भी रोक सकेंगे। यह कोष सभी तरह के समुद्री जोखिमों को कवर करेगा।

बीमा पॉलिसियां उन बीमाकर्ताओं द्वारा जारी की जाएंगी, जो इस कोष की सदस्य होंगी। इसके लिए कोष की संयुक्त अंडरराइटिंग क्षमता का उपयोग किया जाएगा, जो लगभग 950 करोड़ रुपये होगी। बयान में कहा गया कि यह घरेलू बीमा कोष वैश्विक अस्थिरता और भू-राजनीतिक अस्थिरता की चुनौतियों से निपटेगा और भारतीय जहाजों की बाहरी बीमा निर्भरता को कम करेगा। वैश्विक अस्थिरता और भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने के कारण समुद्री व्यापार प्रभावित हुआ है, जिससे माल और जहाजों के नुकसान का जोखिम बढ़ गया है।

इसके चलते बीमा लागत बढ़ी है और बीमा की हर वक्त उपलब्धता को लेकर भी अनिश्चितता पैदा हुई है। बयान में कहा गया कि ऐसे हालात में प्रतिबंधों या भू-राजनीतिक तनाव के कारण व्यापार की निरंतरता और संप्रभुता बनाए रखने के लिए समुद्री जोखिम से संबंधित एक घरेलू कोष की आवश्यकता थी।

उत्तर प्रदेश में 6,500 रुपये प्रति टन पर आलू खरीद को मंजूरी

नयी दिल्ली, एजेंसी। केंद्र सरकार ने उत्तर प्रदेश में 6,500.90 रुपये प्रति टन के बाजार हस्तक्षेप मूल्य पर 20 लाख टन आलू की खरीद को मंजूरी दी है। इस पर सरकारी खजाने से 203.15 करोड़ रुपये खर्च होंगे। यह कदम विभिन्न राज्यों में किसानों को मजबूरी में कम दाम पर फसल बेचने से बचाने के व्यापक प्रयास का हिस्सा है। एक अलग निर्णय में, केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने आंध्र प्रदेश में चना खरीद की सीमा 94,500 टन से बढ़ाकर 1.13 लाख टन कर दी है। कर्नाटक में मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के तहत अरहर की खरीद की अवधि 15 मई तक बढ़ा दी गई है।

टेमी टी की 'फर्स्ट फ्लश' चाय ने 27,000 रुपये प्रति किलो की कीमत हासिल कर बनाया रिकॉर्ड

गंगटोक। सिक्किम के सरकारी स्वामित्व वाले टेमी टी एस्टेट की 'फर्स्ट फ्लश' ऑर्गेनिक चाय ने चालू सत्र में 27,000 रुपये प्रति किलोग्राम की रिकॉर्ड कीमत हासिल की है। शनिवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के अनुसार अपनी कोमल सुगंध और उत्कृष्ट गुणवत्ता के लिए प्रसिद्ध फर्स्ट फ्लश चाय की घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत मांग की उम्मीद है। प्रारंभिक खेपों की खुली बोली में खरीददारों से अत्यधिक सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है, जबकि बाद की खेपों में भी अच्छा उत्साह देखा जा रहा है। इस समय बगान में ताजी पत्तियों की तुड़ाई और प्रीमियम किस्मों जैसे ऑर्थोडॉक्स ब्लैक टी और ऊलॉन्ग टी का उत्पादन जारी है। इस कीमत का श्रेय सावधानीपूर्वक की जाने वाली तुड़ाई प्रक्रिया को दिया गया है।

वैश्विक संकेतों से शेयर बाजार को सहारा, सेंसेक्स-निफ्टी में बढ़त

कारोबार डेस्क

अमेरिका और ईरान के बीच संभावित शांति वार्ता की उम्मीदों, मजबूत होते रुपये और कच्चे तेल की नरम कीमतों ने इस सप्ताह भारतीय शेयर बाजार को सहारा दिया। इन सकारात्मक वैश्विक संकेतों से निवेशकों का भरोसा बढ़ा और बाजार में खरीदारी का माहौल बना। सप्ताह के अंत तक बीएसई सेंसेक्स और निफ्टी 50 दोनों में करीब 0 .65 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई।

सकारात्मक रहा रुख

पूरे सप्ताह बाजार का रुख सकारात्मक रहा। एफएमसीजी, मेटल और ऑयल एंड गैस सेक्टर में एक से तीन प्रतिशत तक की तेजी दर्ज की गई। इसके विपरीत, आईटी सेक्टर अपेक्षाकृत कमजोर बना रहा। व्यापक स्तर पर खरीदारी के चलते विभिन्न सेक्टर्स में मजबूती देखने को मिली।

बड़े सूचकांकों की तुलना में मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों ने बेहतर प्रदर्शन किया। निफ्टी मिडकैप इंडेक्स में करीब 1.27 प्रतिशत और स्मॉलकैप इंडेक्स में लगभग 1 .48 प्रतिशत की तेजी आई। यह बाजार में बढ़ती भागीदारी और निवेशकों के जोखिम लेने के रुझान को दर्शाता है।

निवेशकों का बदलता रुख

निवेश प्रवाह की बात करें तो विदेशी संस्थागत निवेशकों (FII) ने लगातार बिकवाली के बाद सप्ताह के अंतिम तीन सत्रों में खरीदारी की, हालांकि कुल मिलाकर करीब 250 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी रही। वहीं घरेलू संस्थागत निवेशक (DII) सप्ताह के अंत में मुनाफावसूली करते नजर आए और लगभग 6,300 करोड़ रुपये निकाले।

सतर्क आशावाद

कुल मिलाकर, बेहतर वैश्विक संकेत, कच्चे तेल की नरम कीमतें और संतुलित निवेश प्रवाह ने बाजार में सतर्क आशावाद का माहौल बनाया है। फिलहाल गिरावट का जोखिम सीमित नजर आ रहा है, जबकि धीरे-धीरे तेजी की संभावनाएं मजबूत होती दिख रही हैं।

विशेषज्ञों की राय

विश्लेषकों के अनुसार, इस सप्ताह बाजार में धीरे-धीरे लेकिन स्थिर रिकवरी देखने को मिली। वैश्विक माहौल में सुधार और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट ने निवेशकों के सेंटिमेंट को मजबूती दी। हालांकि सतर्कता बनी हुई है, लेकिन गिरावट पर खरीदारी बाजार को सहारा दे रही है।

तेल और गैस की खोज को डेटा आधारित करने की दिशा में बढ़ा भारत: पुरी

नयी दिल्ली, एजेंसी

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने भारत की ओर से खनिज तेल और गैस के क्षेत्र में डेटा (सूचना) और उसमें भागीदारी को प्रोत्साहित किये जाने के कदमों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि भारत अंधेरे में हाथ मारने की जगह, सूचना आधारित खोज के लिए तैयार है।

उन्होंने समुद्र मंथन - राष्ट्रीय अपतटीय मिशन के तहत विस्तारित उत्खनन एजेंडा के संदर्भ में हाइड्रोकार्बन (खनिज तेल-गैस) महानिदेशालय (डीजीएच) द्वारा आयोजित डेटा संचालित उत्खनन पर एक सम्मेलन को लेकर सोशल मीडिया पर एक टिप्पणी में यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारत अब उत्खनन के क्षेत्र में अंधेरे में खोज करने के दौर से आगे बढ़ रहा है और डेटा के आदान प्रदान के एक साहसिक बहु-ग्राहक मॉडल को अपना रहा है जिसमें अधिकाधिक लोगों को सूचनाओं की व्याख्या करने, नवाचार करने और खोज करने का अवसर मिलता है।

● डेटा के आदान-प्रदान के लिए अपनाया जा रहा साहसिक बहु-ग्राहक मॉडल

उन्होंने कहा कि इससे उत्खनन एवं उत्पादन को अनिश्चितता के क्षेत्र के रूप में माने जाने वाले दृष्टिकोण में निर्णायक रूप से बदलाव आ रहा है। पेट्रोलियम मंत्री ने कहा कि समुद्र मंथन के साथ, ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में हमारी खोज को पूरा करने के लिए खुलेपन, सहयोग और अत्याधुनिक विज्ञान के माध्यम से भारत की विशाल अपतटीय क्षमता को सामने लाया जा रहा है।

अक्षय तृतीया पर बढ़ेगी भौतिक और डिजिटल सोने की मांग: विश्लेषक

नयी दिल्ली, एजेंसी। विश्लेषकों का कहना है कि रविवार को मनाई जाने वाली अक्षय तृतीया के अवसर पर भौतिक सोने की खरीद के साथ-साथ लचीले और पारदर्शी सोने में निवेश के विकल्प भी लोकप्रिय बने रह सकते हैं, क्योंकि निवेशकों का रुझान अब सोने के आधुनिक विकल्पों की ओर स्पष्ट रूप से बढ़ रहा है।

अक्षय तृतीया को पारंपरिक रूप से सोना खरीदने का शुभ अवसर माना जाता है, लेकिन विश्लेषकों के अनुसार निवेशकों की भागीदारी धीरे-धीरे बदल रही है और वे पारंपरिक भौतिक खरीद के साथ-साथ वित्तीय निवेश विकल्पों में भी बढ़ती रुचि दिखा रहे हैं।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के कमोडिटी विश्लेषक मानव मोदी ने कहा कि हम सोने में निवेश करने के तरीके में धीरे-धीरे बदलाव देख रहे हैं। अक्षय तृतीया जैसे अवसरों पर भौतिक खरीद अभी भी महत्वपूर्ण है, लेकिन लचीले और पारदर्शी निवेश विकल्पों में रुचि लगातार बढ़ रही है।

गोल्ड लोन लेने से पहले जान लें जरूरी बातें

कारोबार डेस्क

गोल्ड लोन इन दिनों जरूरत पर पैसे जुटाने का एक आसान विकल्प बन गया है। अचानक पैसों की जरूरत पर लोग अपने सोने के गहने बैंक या फाइनेंस कंपनी में गिरवी रखकर तुरंत लोन ले लेते हैं। इसकी विशेषता यह है कि आपको पैसे भी मिल जाते हैं और जमा किये गये सोने का स्वामित्व भी आपके पास ही रहता है। फिर भी गोल्ड लोन लेने से पहले कुछ जरूरी बातों का ध्यान अवश्य रखना चाहिए-

रिस्क भी समझें

- अगर समय पर नहीं चुकाया तो बैंक सोने को नीलाम कर सकता है।
- मार्केट में सोने की कीमत गिरती है तो बैंक एक्स्ट्रा पैसा जमा करने को कह सकता है।
- अधिकतर बैंक 18-24 कैरेट के गहने या प्रमाणित सिक्के ही लेते हैं।
- 3 साल के लिए मिलता है ये लोन।

कैसे मिलता है गोल्ड लोन

- गोल्ड लोन असल में एक सिक्योर्ड लोन होता है, यानी इसमें आपको अपने सोने को गिरवी रखना पड़ता है।
- इसलिए बैंक या लोन देने वाली कंपनी पहले सोने की शुद्धता, वजन और बाजार में उसकी मौजूदा कीमत को चेक करता है।
- ऐसे में गोल्ड लोन लेने से पहले सोने के मौजूदा दाम के बारे में जानकारी फायदेमंद रहती है। हां कागज के रूप में पते का सबूत काफी होता है।

आसानी से समझें

लोन लेने से पहले चेक करें-

- लोन लेने से पहले बैंक से लोने की ब्याज दर, प्रोसेसिंग फीस और अन्य चार्ज के बारे में भी अच्छे से समझ लेना जरूरी होता है।
- लोन लेने से यह भी तय करना जरूरी है कि आप लोन कैसे चुकाएंगे।
- कुछ लोग हर महीने EMI के रूप में किस्त देना पसंद करते हैं। जबकि, कुछ लोग पूरे समय केवल ब्याज भरते हैं और आखिर में मूल रकम चुका देते हैं। अपनी आय और खर्च के हिसाब से सही ऑप्शन चुनना जरूरी होता है, ताकि समय पर लोन चुकाया जा सके।
- **गोल्ड लोन की सबसे जरूरी बात, यानी गिरवी रखे गये सोने की सुरक्षा**
  -गिरवी रखे गए सोने को भरोसेमंद बैंक या फाइनेंस कंपनी सुरक्षित वॉल्ट में रखती है और पूरी प्रक्रिया पारदर्शी होती है। इसलिए हमेशा ऐसी संस्था से ही लोन लेना चाहिए जिसका रिकॉर्ड अच्छा हो।

समय पर चुकाएं किस्त

- सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि लिए गये लोन की किस्त समय पर चुकाई जानी चाहिए। ऐसा करने से अतिरिक्त ब्याज या पेनल्टी से बचा जा सकता है। साथ ही आपकी क्रेडिट हिस्ट्री भी अच्छी बनी रहती है और क्रेडिट स्कोर बढ़ता रहता है। सही जानकारी और समझ के साथ लिया गया गोल्ड लोन मुश्किल समय में आपका सच्चा साथी हो सकता है और आपका सोना भी सुरक्षित रहता है।

ब्याज दरें

- प्रत्येक बैंक या फाइनेंस कंपनी की अपनी ब्याज दरें होती हैं। ये 8 .75% से 11% या उससे अधिक भी तक हो सकती हैं। ऐसे में पहले ही ब्याज और अन्य छिपे हुए चार्जेज की जानकारी कर लें।
- खास बात ये कि लोन आपके सोने के मूल्य का 75% तक ही मिलता है।

काम की बात

- बार-बार लोन के लिए इंक्वायरी न करें। वरना आपका सिबिल स्कोर गिर जाएगा और आपको अधिक ब्याज पर लोन मिलेगा। बार-बार इंक्वायरी पर सिस्टम को लगता है कि आप केवल कर्ज पर ही निर्भर हैं। ऐसे में समस्या हो सकती है। समझदारी से काम लेंगे तो आपका सोना आपका सच्चा दोस्त बन जाएगा।

पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम

ममता को सत्ता से हटाएं वरना हमसे बंगाल छीन लेंगे बांग्लादेशी मुसलमान : हिमंत

कोलकाता, एजेंसी

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी सरकार पर राज्य के संसाधनों को बांग्लादेशी मुस्लिम घुसपैठियों के हवाले करने का आरोप लगाया। उन्होंने शनिवार को कहा कि ममता को सत्ता से हटाना होगा, वरना हम बंगाल को गंवा देंगे।

श्रीशर्मा ने कालिम्पोंग में एक रैली को संबोधित करते हुए दावा किया कि असम और त्रिपुरा की भाजपा सरकारों ने बांग्लादेशी मुसलमानों को भारत में घुसने से रोका है, जबकि बंगाल में अवैध घुसपैठ जारी है। उन्होंने कहा- ममता बनर्जी ने बंगाल का पूरा खजाना बांग्लादेशी मुस्लिम घुसपैठियों के लिए आरक्षित कर दिया है। उन्होंने वोट के लिए इस भूमि को बांग्लादेशी मुसलमानों को बेच दिया। आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री बनने के बाद से बनर्जी ने पूरे बंगाल को बर्बाद कर दिया है।

● असम के मुख्यमंत्री ने कालिम्पोंग में जनसभा में लोगों की अपील

हमें ममता बनर्जी को बंगाल के मुख्यमंत्री पद से हटाना होगा, अन्यथा एक दिन बांग्लादेशी मुसलमान हमसे यह राज्य छीन लेंगे। उन्होंने कहा कि जैसे ही बंगाल में भाजपा की सरकार बनेगी, हम इस क्षेत्र से सभी बांग्लादेशी घुसपैठियों को बाहर कर देंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा राज्य में सत्ता में आने पर गोरखालैंड मुद्दे का संवैधानिक समाधान तलाशेगी और गोरखाओं के लिए न्याय सुनिश्चित करेगी।

शर्मा ने कूचबिहार के दिनहाटा में एक अन्य रैली को संबोधित करते हुए इस बात का जिक्र किया कि तृणमूल कांग्रेस ने उनके खिलाफ निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज कराई है। पार्टी ने उन पर बनर्जी के खिलाफ सांप्रदायिक रंग वाली, भड़काऊ और विभाजनकारी टिप्पणियां करने का आरोप लगाया है।

सिंहासन खाली करो, बीजेपी आ रही है बंगाल में बोले योगी आदित्यनाथ

कूच बिहार/जलपाईगुड़ी, एजेंसी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के माथाभांगा और धुपगुड़ी विधानसभा क्षेत्रों में जनसभाओं को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशियों के लिए वोट मांगे। उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक को लेकर कड़ा प्रहार किया और राज्य की ममता बनर्जी सरकार को घेरते हुए कहा कि "सिंहासन खाली करो, बीजेपी आ रही है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि विपक्षी दलों ने महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाले विधेयक को पास नहीं होने दिया। उन्होंने कहा कि यह देश की आधी आबादी का अपमान है और इसे महिलाएं कभी स्वीकार नहीं करेंगी। योगी ने टीएमसी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पार्टी केवल मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करती है और अन्य वर्गों की अनदेखी करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में कानून-व्यवस्था कमजोर है, उद्योग बंद हो रहे हैं और बेरोजगारी बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच रहा और टीएमसी के गुंडे संसाधनों का दुरुपयोग कर रहे हैं।

कोलकाता में हथियार बरामद, एक हिरासत में

कोलकाता, एजेंसी। विधानसभा के लिए दो चरणों में होने वाले मतदान से कुछ दिन पहले कोलकाता पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) ने शहर में हथियार और गोली-बारूद का जखीरा बरामद कर एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एसटीएफ के कर्मियों ने संदेह के आधार पर राजा बाजार साइंस कॉलेज के पास एक बस स्टैंड के निकट बैग लेकर जा रहे एक व्यक्ति को रोका। तलाशी के दौरान उसके पास से 'सिंगल-शॉट' वाले छह आग्नेयास्त्र और 14 कारतूस बरामद किए गए।

भाजपा का पतन शुरू हो गया : ममता

● महिला आरक्षण से संबंधित विधेयक पारित नहीं होने पर चुनावी रैली में बोलीं मुख्यमंत्री

हावड़ा, एजेंसी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को कहा कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने संबंधी संविधान संशोधन विधेयक को संसद के निचले सदन में पारित करने में विफल रहने के बाद भाजपा का पतन शुरू हो गया है। हावड़ा के उलुबेरिया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने दावा किया कि भाजपा पराजित हो चुकी है और केवल अपने सहयोगियों के समर्थन से ही सत्ता में बनी हुई है।

उन्होंने कहा कि भाजपा का पतन शुरू हो गया है। हमने भाजपा को हरा दिया है। उनके पास अपने दम पर बहुमत नहीं है। वे दूसरों के समर्थन से सत्ता में बने हुए हैं। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण 2029 के संसदीय चुनावों से लागू करने से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक शुक्रवार को संसद के निचले सदन में पारित नहीं हो पाया था। परिसीमन के लिए भाजपा के दबाव बनाने को लेकर, तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने आरोप लगाया कि वह (भाजपा) देश को बांटना चाहती है। अपनी पार्टी द्वारा महिलाओं के अधिक प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करने का दावा करते हुए उन्होंने कहा कि तृणमूल की लोकसभा में 36 प्रतिशत और राज्यसभा में 46 प्रतिशत सदस्य महिलाएं हैं। उन्होंने कहा कि हमारे जैसी कोई दूसरी पार्टी नहीं है। भाजपा को हमसे सीखना चाहिए। मैं 1998 से महिला आरक्षण के लिए संघर्ष कर रही हूं।

पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करतीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी।

तृणमूल के अलावा किसी भी अन्य पार्टी को वोट देना भाजपा को वोट देने के बराबर : अभिषेक बनर्जी

मुर्शिदाबाद, एजेंसी। तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी ने शनिवार को यहां एक चुनावी रैली में कहा कि तृणमूल के अलावा किसी भी पार्टी को वोट देना भाजपा को वोट देने के बराबर है। मुर्शिदाबाद, ऐतिहासिक रूप से कांग्रेस का मजबूत गढ़ रहा है। उन्होंने फरक्का में रोड शो के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि जहां भाजपा कांग्रेस को तोड़ रही है, वहीं तृणमूल जमीनी स्तर पर भाजपा के प्रभाव को कम कर रही है। बनर्जी ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा। दावा किया कि पिछले दो वर्षों में कांग्रेस का कोई भी सांसद या प्रतिनिधि जनता की मांगों को पूरा करने के लिए उनके साथ खड़ा नहीं हुआ। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस, आम जनता उन्नयन पार्टी के संस्थापक हुमायूं कबीर और केंद्रीय एजेंसियां, भाजपा की तीन एजेंसियां हैं, जो इस क्षेत्र में सक्रिय हैं। उन्होंने कहा कि जहां गरीब और अल्पसंख्यक मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने के प्रयास किए जा रहे हैं, वहीं विपक्षी दल समुदाय की भावनाओं से खिलवाड़ कर रहे हैं।

बंगाल में पत्रकारों को 5,000 रुपये मासिक भत्ता देंगे: भाजपा

कोलकाता, एजेंसी। भाजपा ने शनिवार को घोषणा की कि पार्टी अगर पश्चिम बंगाल में सत्ता में आयी तो वह राज्य में पत्रकारों के लिए 5,000 रुपये का मासिक भत्ता शुरू करेगी। कोलकाता प्रेस क्लब में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सामिक भट्टाचार्य ने कहा कि इस योजना का लाभ सभी मान्यता प्राप्त पत्रकारों को मिलेगा। भट्टाचार्य ने कहा- पत्रकारों में भेदभाव नहीं होगा, यह योजना पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले सभी लोगों पर लागू होगी।

उदयनिधि ने केंद्र पर लगाया तमिलनाडु को अनुदान नहीं देने का आरोप

गोबिचेट्टीपलायम,एजेंसी। तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर राज्य के लिए अनुदान जारी नहीं करने का आरोप लगाया और कहा कि उसने तमिलनाडु के अधिकारों को छीन लिया है। पश्चिमी इरोड जिले के गोबिचेट्टीपलायम में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) की युवा शाखा के प्रमुख स्टालिन ने दावा किया कि केंद्र ने शिक्षा के लिए लगभग 3,000 करोड़ रुपये की राशि जारी नहीं की है। स्टालिन कहा कि उन्होंने (केंद्र सरकार ने) हमारे सभी अधिकार छीन लिए हैं।

केंद्र के परिसीमन प्रस्ताव के संबंध में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन देश में इस कदम के खिलाफ आवाज उठाने वाले पहले व्यक्ति थे। उन्होंने यह दावा भी किया कि लोकसभा में विपक्ष के विरोध के कारण बहुमत न मिलने से विधेयक खारिज हो गया, जो ''इंडिया'' गठबंधन के लिए बड़ी जीत है।

वर्ल्ड ब्रीफ

भारतीय हज यात्रियों का पहला जत्था सऊदी अरब पहुंचा

जेद्दा। सऊदी अरब स्थित भारतीय दूतावास ने बताया कि वार्षिक हज यात्रा के तहत भारतीय हज यात्रियों का पहला जत्था शनिवार को सऊदी अरब पहुंच गया। सऊदी अरब स्थित भारतीय दूतावास ने एक्स पर पोस्ट में कहा, भारतीय हज यात्रियों के पहले जत्थे का मदीना हवाई अड्डे पर भारतीय राजदूत डॉ. सुहेल एजाज खान और महावाणिज्यदूत फहद सूरी तथा हज मंत्रालय के उप मंत्रियों प्रोफेसर अब्दुलअजीज ए. वज्जान और इंजीनियर अयाद अब्दुल रहमान रहबिनी और अन्य वरिष्ठ सऊदी अधिकारियों ने स्वागत किया। दूतावास ने बताया कि खान ने मदीना हवाई अड्डे पर सुविधाओं का निरीक्षण किया और हज यात्रियों की सहायता कर रहे भारतीय समुदाय के स्वयंसेवकों से मुलाकात की।

आईआईटी खड़गपुर के परिसर में छात्र का लहूलुहान शव मिला

कोलकाता। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईटीआई) खड़गपुर के 21 वर्षीय एक छात्र का शव परिसर में खून से लथपथ मिला। मृतक की पहचान अहमदाबाद निवासी इंजीनियरिंग के तृतीय वर्ष के छात्र जयवीर सिंह डोरिया के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि सुरक्षाकर्मियों ने परिसर में अटल बिहारी वाजपेयी हॉल के निकट सुबह में छात्र का शव पड़ा पाया और इसके बाद उन्होंने संस्थान के अधिकारियों को इसकी सूचना दी। छात्र को तुरंत बीसी रॉय अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि छात्र ने छात्रावास की इमारत की आठवीं मंजिल से छलांग लगाई होगी। पोस्टमॉर्टम के बाद मौत के सटीक कारण का पता चल सकेगा।

सीबीआई ने रिश्वत ले रहे दिल्ली के डाक अधीक्षक को दबोचा

नई दिल्ली। सीबीआई ने शनिवार को राजधानी में एक डाक अधीक्षक को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। डाक अधीक्षक ट्रांसफर रोकने के लिए 10,000 रुपये की रिश्वत ले रहा था। एजेंसी ने बताया कि उसने 17 अप्रैल को मामला दर्ज किया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि आरोपी ने शिकायतकर्ताओं से दूसरी शाखा में स्थानांतरण को रोकने और उनकी छुट्टी मंजूर करने के लिए 20,000 रुपये की रिश्वत मांगी थी। आरोपी ने इसमें से 10,000 रुपये का भुगतान स्वीकार करने पर सहमति जताई थी। जेंसी ने उसी दिन जाल बिछाया और आरोपी को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ दबोच लिया।

बरेली में दिखा दुर्लभ गिद्ध

पत्थर से अंडे को तोड़ने वाला पक्षी

मेहमान परिंदे की यह तस्वीर सन सिटी विस्तार से हमारे एक सुधी पाठक ने भेजी है। ये दुर्लभ पक्षी किशोर अवस्था का इजिप्शियन वल्चर (मिस्री सफेद गिद्ध) है, शुरुआत में जिसके पंख भूरे दिखते हैं और वयस्क होने पर सफेद हो जाते हैं। इसके साथ उन पर काले निशान भी उभर आते हैं, बुद्धिमत्ता के लिए पहचाने जाने वाला यह पक्षी पत्थरों का उपयोग कर बड़े अंडे तोड़ने की क्षमता रखता है, हालांकि अब ये प्रजाति विलुप्त होने के कगार पर है। अंतरराष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (आईयूसीएन) ने इसे गंभीर संकटग्रस्त श्रेणी में रखा है। भारत के अलावा दक्षिण एशिया, यूरोप और अफ्रीका के कुछ हिस्सों में ही अब इसकी मौजूदगी शेष रह गई है।

जी 20 उपग्रह को अगले साल प्रक्षेपित किए जाने की उम्मीद

हैदराबाद। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष वी. नारायणन ने शनिवार को कहा कि जलवायु और वायु प्रदूषण का अध्ययन करने तथा मौसम की निगरानी करने के लिए डिजाइन किए गए जी20 उपग्रह को 2027 में प्रक्षेपित किए जाने की उम्मीद है।

इंजीनियरिंग स्टाफ कॉलेज ऑफ इंडिया में डीआरडीओ, इसरो और एयरोनॉटिकल सोसायटी ऑफ इंडिया के वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए डॉ. नारायणन ने यह भी कहा कि भारत पहला देश है जिसने एक ही रॉकेट का उपयोग करके 100 से अधिक उपग्रहों को सफलतापूर्वक स्थापित किया है।

पहलगाम में पर्यटकों की सुरक्षा के लिए अब क्यूआर पहचान प्रणाली

पहलगाम, एजेंसी

- पिछले साल हुए आतंकवादी हमले से सबक लेते हुए प्रशासन ने लागू किए सुरक्षा उपाय

जम्मू कश्मीर में अधिकारियों ने पहलगाम में पर्यटकों की सुरक्षा के मद्देनजर सभी पर्यटन सेवा प्रदाताओं के लिए एक विशिष्ट क्यूआर कोड आधारित पहचान प्रणाली शुरू की है। पहलगाम पिछले साल लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों के हमले से 26 लोगों के मारे जाने के बाद दहल गया था।

अधिकारियों के मुताबिक इस प्रणाली से वास्तविक और पंजीकृत सेवा प्रदाताओं का आसानी से सत्यापन हो सकेगा, जिसमें व्यापारिक प्रतिष्ठान और बाहरी विक्रेता शामिल हैं। इस पहल को लोकप्रिय पर्यटन रिसॉर्ट में आने वाले लोगों का भरोसा वापस लाने के लिए एक बड़ा कदम माना जा रहा है, जहां पिछले साल 22 अप्रैल को आतंकी हमला हुआ था। एक अधिकारी ने कहा, हर सेवा प्रदाता की पुलिस ने जांच की है, अधिकारियों ने उसे पंजीकृत किया है और उसे एक विशिष्ट क्यूआर कोड दिया गया है जिसमें उस व्यक्ति की व्यक्तिगत जानकारी और अन्य विवरण होगा।

अधिकारियों ने कहा कि जब पर्यटक अपने फोन से कोड स्कैन करते हैं, तो वे उस व्यक्ति के बारे में पूरी जानकारी देख सकते हैं। यह पहल उचित और पंजीकृत पहचान प्रणाली के रूप में कार्य करती है जो धोखाधड़ी को रोकेगी और सुनिश्चित करेगी कि कोई अनधिकृत व्यक्ति पर्यटन से जुड़े होने का दावा न कर रहा है।

ट्रंप की बयानबाजी ने बिगाड़ा खेल, ईरान का तंज- न युद्ध जीत पाए, न वार्ता में सफल होंगे

गालिबाफ ने लगाया एक घंटे में सात झूठ बोलने का आरोप, बोले- होर्मुज हमारे पूर्ण नियंत्रण में

तेहरान, एजेंसी

ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बयानबाजी और दावों को सिरे से खारिज करते हुए कहा है कि इस रणनीतिक जलमार्ग पर नियंत्रण पूरी तरह उसके हाथ में है और अमेरिकी नाकेबंदी जारी रहने पर इसे खुला नहीं रखा जाएगा। ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाक़िर गालिबाफ़ ने ट्रंप के बयानों पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति ने एक घंटे में सात दावे किए और सभी झूठे थे। इन झूठों से वे युद्ध नहीं जीत पाए और बातचीत में भी सफल नहीं होंगे।

ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच पर दावा किया था कि ईरान ने जलडमरूमध्य को कभी बंद न करने पर सहमति जताई है और अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी तब तक जारी रहेगी जब तक ईरान के साथ उसकी बातचीत पूरी नहीं हो जाती। उन्होंने यह भी कहा था कि युद्धविराम वार्ता तेजी से आगे बढ़नी चाहिए। गालिबाफ ने इन दावों का खंडन करते हुए कहा कि जलडमरूमध्य से आवाजाही निर्धारित मार्ग और ईरानी अनुमति के तहत ही होगी तथा इसके खुले या बंद रहने का फैसला जमीनी हालात तय करेंगे, न कि सोशल मीडिया। उन्होंने अमेरिका पर सैन्य कार्रवाई के दौरान दुष्प्रचार का सहारा लेने का आरोप लगाते हुए कहा कि मीडिया युद्ध और जनमत को प्रभावित करना युद्ध का हिस्सा है, लेकिन ईरानी राष्ट्र इससे प्रभावित नहीं होगा। इस बीच ईरान ने अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी का हवाला देते हुए होर्मुज जलडमरूमध्य को एक बार फिर बंद कर दिया है।

ईरानी सशस्त्र बलों ने कहा कि होर्मुज पर नियंत्रण अपनी पूर्व स्थिति में लौट आया है और यह अब सख्त निगरानी में रहेगा। ईरान के खातम अल-अंबिया केंद्रीय मुख्यालय ने कहा कि पूर्व में सद्भावना के तहत हुई वार्ताओं के अनुसार ईरान ने सीमित संख्या में तेल टैंकरों और वाणिज्यिक जहाजों को नियंत्रित तरीके से गुजरने की अनुमति दी थी। उन्होंने अमेरिका पर समुद्री डकैती और लूट जैसे कृत्यों का आरोप लगाते हुए कहा कि बार-बार प्रतिबद्धताओं के उल्लंघन के कारण ईरान ने फिर से कड़ा नियंत्रण लागू कर दिया है।

इजराइल-लेबनान में संघर्षविराम के बाद यहां से विस्थापित हुए लोगों ने लौटना शुरू कर दिया है।

ईरान ने होर्मुज में हमारे टैंकर पर गोलीबारी की: ब्रिटेन

काहिरा। ब्रिटेन की सेना ने शनिवार को कहा कि ईरान के रिवॉल्यूशनरी गार्ड की दो गनबोट ने होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे एक टैंकर पर गोलीबारी की। ईरान की ओर से होर्मुज पर प्रतिबंध फिर से लागू करने की घोषणा के बाद यह घटना हुई। यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशन सेंटर ने कहा कि टैंकर को कोई नुकसान नहीं हुआ और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं।

ट्रंप का एलान- ईरान ने समझौता न किया तो आगे नहीं बढ़ाएंगे संघर्ष विराम

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अगर ईरान के साथ बातचीत से बुधवार तक कोई समझौता नहीं हो पाता है तो वह दोनों देशों के बीच जारी अस्थायी संघर्ष-विराम को आगे नहीं बढ़ाया जा सकता। ट्रंप के इस बयान ने फिर से सैन्य कार्रवाई की आशंका पैदा कर दी है। रिपोर्टों के मुताबिक अमेरिका और ईरानी प्रतिनिधिमंडल सोमवार को शांति वार्ता के दूसरे दौर की बैठक में शामिल होने वाले हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने हालांकि इसकी पुष्टि नहीं की है। ट्रंप ने यह भी भरोसा जताया कि दोनों पक्ष समझौते पर पहुंचने के करीब हैं। इस बीच लेबनान में चल रहे 10 दिवसीय संघर्ष विराम के पहले 24 घंटे काफी हद तक प्रभावी रहे।

ईरान से लौटे आसिम मुनीर

इस्लामाबाद। अमेरिका और ईरान के बीच संघर्ष को सुलझाने की कोशिशों के तहत पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर की ईरान की तीन दिवसीय यात्रा समाप्त हो गई है। मुनीर बुधवार को तेहरान पहुंचे और आठ अप्रैल को ईरान एवं अमेरिका के बीच दो सप्ताह के युद्धविराम समझौते पर सहमति बनने के बाद देश का दौरा करने वाले वह पहले विदेशी सैन्य नेता बन गए।

घर और पार्टी में भी घिरे ट्रंप रिपब्लिकन सांसदों ने गिराया फिसा नवीनीकरण बिल

वॉशिंगटन, एजेंसी

- 20 से ज्यादा रिपब्लिकन सांसदों ने पार्टी लाइन से हटकर किया मतदान
- व्हाइट हाउस के पूरा जोर लगाने के बाद भी नहीं पारित हो पाया विधेयक

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को उस समय अपनी ही पार्टी के भीतर दुर्लभ विरोध का सामना करना पड़ा, जब रिपब्लिकन सांसदों ने फॉरेन इंटेलिजेंस सर्विलांस एक्ट (फिसा) के नवीनीकरण को रोक दिया। इस घटनाक्रम से न सिर्फ सदन अध्यक्ष माइक जॉनसन को बड़ा झटका लगा, बल्कि पार्टी में ट्रंप के प्रभाव पर भी सवाल खड़े हो गए, क्योंकि अब तक अधिकांश मामलों में रिपब्लिकन सांसदों ने उनके समर्थन में एकजुटता दिखाई थी।

व्हाइट हाउस की भरसक कोशिशों के बावजूद 20 से ज्यादा रिपब्लिकन सांसदों ने पार्टी लाइन से हटकर मतदान किया और विधेयक पारित होने की प्रक्रिया को रोक दिया। इस असफलता के बाद पार्टी नेतृत्व को मजबूरन इस निगरानी कार्यक्रम के लिए 10 दिन का अस्थायी विस्तार लागू करना पड़ा, जो अंतिम विकल्प था। यह घटनाक्रम इसलिए भी महत्वपूर्ण रहा, क्योंकि ट्रंप, जो आमतौर पर प्रमुख मतदानों में पार्टी को एकजुट रखने में सफल रहते हैं, इस बार असंतुष्ट सांसदों को मनाने में विफल रहे।

जॉनसन के लिए यह स्थिति राजनीतिक रूप से चुनौतीपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि उनकी रणनीति काफी हद तक ट्रंप के प्रभाव पर निर्भर रही है। प्रशासन ने सांसदों को मनाने के लिए बड़े स्तर पर प्रयास किए थे। इसमें ब्रीफिंग आयोजित करना, सीआईए निदेशक जॉन रैटक्लिफ को सीधे सांसदों से संवाद के लिए लाना और हाउस परिसर के पास एक अस्थायी सुरक्षित सुविधा स्थापित करना शामिल था, ताकि सदस्य आसानी से गोपनीय जानकारी देख सकें।

धारा 702 पर विवाद

विवाद के केंद्र में फिसा की धारा 702 है, जिसका उपयोग अमेरिकी खुफिया एजेंसियां विदेशी लक्ष्यों की निगरानी के लिए करती रही हैं। फिसा पर बहस लंबे समय से रिपब्लिकन पार्टी के भीतर राष्ट्रीय सुरक्षा समर्थक धड़े और निजता पर जोर देने वाले धड़े के बीच विभाजन का कारण रही है। इस बार यह मतभेद इतना गहरा रहा कि समय रहते सहमति नहीं बन पाई।

एआई करता है डेटा का विश्लेषण

आपका जीवन कितने दिन क्रेडिट कार्ड को सब पता

लोग जरूर यही सोचते होंगे कि क्रेडिट या डेबिट कार्ड सिर्फ पैसे चुकाने का एक जरिया है, लेकिन डेटा की दुनिया में आपका कार्ड आपके व्यक्तित्व का सबसे बड़ा एक्स रे है। आप कहां खाते हैं, क्या पहनते हैं और कब बीमार पड़ते हैं, यह सब आपके कार्ड को पता है। यहां तक कि कुछ बीमा कंपनियां और बैंक आपके कार्ड के डेटा से यह तक अंदाजा लगा लेते हैं कि आपकी सेहत कैसी रहेगी और आप कितने साल तक जीवित रह सकते हैं।

कैसे होता है यह सबकुछ

- एआई आपके पिछले 12 महीनों के खर्च को देखकर यह बता सकता है कि आप अगले महीने कौन सा बड़ा खर्चा करने वाले हैं।
- आप मॉल में कार्ड स्वाइप करते हैं तो डेटा केवल पैसों का नहीं जाता। आपकी लाइफस्टाइल लोकेशन का मैप भी बन जाता है।
- इसके जरिए बैंक को पता होता है कि आप हफ्ते में कितनी बार बाहर खाना खाते हैं और किस तरह के ब्रांड्स आपको पसंद हैं।
- बैंक आपका डेटा मार्केटिंग कंपनियों को बेचते हैं, आपको उन चीजों के मेल आने लगते हैं जिन्हें आपने कभी सर्च भी नहीं किया।

एक्सपर्ट टिप्स

- ऐसा बटुआ खरीदें जिसमें आरएफआईडी प्रोटेक्शन हो। यह बाहर से आने वाली रेडियो तरंगें ब्लॉक कर देता है ताकि कोई आपके कार्ड को बिना छुए स्कैन न कर सके।
- अपने बैंक एप में जाकर ऑनलाइन ट्रांजेक्शन और कॉन्टैक्टलेस पेमेंट के ऑप्शन को हमेशा बंद रखें। कोई जरूरत पड़ने पर ही उसे ऑन करें, वह भी सिर्फ दो मिनट के लिए।
- हर महीने अपना बैंक स्टेटमेंट जरूर चेक करें। अक्सर छोटे-छोटे पचास पैसे या एक रुपये के ट्रांजेक्शन होते हैं जो बॉट्स चेक करने के लिए करते हैं कि कार्ड एक्टिव है या नहीं।
- दवाओं और डॉक्टर की फीस जैसी बहुत ज्यादा निजी खरीदारी के लिए नकद का इस्तेमाल करना बेहतर रहेगा। यह आपकी मेडिकल प्राइवेसी को एआई की नजरों से दूर रखेगा।

ऐसे खुलती हैं आपके व्यक्तित्व की परतें

- अगर आप अचानक बहुत ज्यादा सेल्फ हेल्प किताबें खरीदने लगें या जिम की मेंबरशिप छोड़ दें तो बैंक का एआई समझ जाता है कि आप शायद मानसिक तनाव या आर्थिक तंगी से गुजर रहे हैं। इससे आपका क्रेडिट स्कोर प्रभावित हो सकता है, भले आपने बिल समय पर भरा हो।
- हर ट्रांजैक्शन के साथ एक कोड जुड़ा होता है। अगर आप अक्सर फास्ट फूड आउटलेट्स पर अपना कार्ड ज्यादा स्वाइप करते हैं तो हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियां आपको हाई रिस्क श्रेणी में डाल सकती हैं, क्योंकि आपका डेटा उन्हें बताता है कि आपकी डाइट सेहत के लिए खराब है।
- आपके कार्ड में वाईफाई जैसा निशान सुविधा तो है लेकिन खतरा भी। जेबकतरे आपके बिना कार्ड छुए पास से गुजरकर आपके कार्ड की जानकारी चुरा सकते हैं। इसी तरह जब आप किसी स्टोर का को ब्रांडेड कार्ड लेते हैं तो उसे आपके बैंकिंग पैटर्न की अनुमति मिल जाती है।

कब होगा तलाक, ये भी पता

अमेरिका में हुई एक स्टडी के अनुसार, क्रेडिट कार्ड कंपनियों ने डेटा के जरिए 85% सटीकता से यह पता लगा लिया था कि किन दंपतियों का तलाक होने वाला है। आधार सिर्फ यह था कि उन दंपतियों ने मैरिज काउंसलिंग या नए अपार्टमेंट के डिपॉजिट के लिए कार्ड स्वाइप करना शुरू कर दिया था। आपका कार्ड आपके रिश्तों के बारे में भी जानता है।

छत्तीसगढ़: धर्मांतरण कराने पर 20 साल तक की सजा

रायपुर। छत्तीसगढ़ में जबरन, प्रलोभन या भय के माध्यम से किए जाने वाले धर्मांतरण पर रोक लगाने के उद्देश्य से पारित छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक, 2026 अब कानून बन गया है। राज्यपाल रमेन डेका की ओर से हस्ताक्षर किए जाने के बाद अधिनियम को राजपत्र में प्रकाशित कर शनिवार को लागू कर दिया गया। इसमें 20 साल तक की सजा का प्रावधान किया गया है।

- विधानसभा में पारित हुआ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक 2026

विधानसभा में यह विधेयक 19 मार्च को उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने प्रस्तुत किया था, जिसे विस्तृत चर्चा के बाद पारित किया गया। इसमें विवाह को धर्मांतरण का आधार नहीं माना गया है और विवाह के बाद भी निर्धारित प्रक्रिया का पालन आवश्यक होगा। अवैध धर्मांतरण के सामान्य मामलों में 7 से 10 वर्ष तक की सजा और न्यूनतम 5 लाख रुपये जुर्माना तय किया गया है। महिलाओं, एससी-एसटी, नाबालिगों जैसे विशेष वर्ग के मामलों में 10 से 20 वर्ष कारावास और न्यूनतम 10 लाख रुपये जुर्माना निर्धारित है। सामूहिक धर्मांतरण में 10 वर्ष से आजीवन कारावास तथा न्यूनतम 25 लाख रुपये जुर्माना लगाया जा सकेगा। लोक सेवक द्वारा अपराध करने पर 10 से 20 वर्ष की सजा और 10 लाख रुपये तक जुर्माना, जबकि धन के माध्यम से धर्मांतरण कराने पर 10 से 20 वर्ष कारावास और 20 लाख रुपये तक जुर्माना का प्रावधान है।

कैसा रहेगा आपका आज का दिन

मेष: आज कार्यक्षेत्र में नेतृत्व के नए अवसर प्राप्त होंगे। परिवारजनों का पूरा सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।	तुला: आज आर्थिक दृष्टि से मजबूत स्थिति बनेगी। नए अवसरों से परिपूर्ण दिन है। महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं।
वृष: आज बड़े निवेश के निर्णय सोच-समझकर लें। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा। कार्य योजनाबद्ध तरीके से पूरे होंगे।	वृश्चिक: आज शाम तक स्थिति में सुधार होगा। लाभ के संकेत मिलेंगे। कार्यों में प्रारंभिक रुकावट आ सकती है।
मिथुन: आज नए और लाभकारी संपर्क बनेंगे। व्यापारियों को विशेष लाभ होगा। शाम तक सुखद समाचार प्राप्त हो सकता है।	धनु: आज भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। नए कार्यों की शुरुआत के लिए शुभ समय है। यात्रा के योग बन रहे हैं।
कर्क: आज कार्यक्षेत्र में धीरे-धीरे प्रगति होगी। आर्थिक दृष्टि से स्थिति सामान्य रहेगी। मानसिक शांति के लिए ध्यान करें।	मकर: आज कार्य निर्धारित समय पर पूरे होंगे। योजनाएं सफलतापूर्वक कार्यान्वित होंगी। धैर्य से सभी कार्य सिद्ध होंगे।
सिंह: आज कार्यों में सफलता निश्चित है। आर्थिक लाभ के योग बन रहे हैं। सामाजिक मान-सम्मान में वृद्धि होगी।	कुंभ: आज अधीनस्थ कर्मचारियों पर आप प्रसन्न रहेंगे। समाज सेवा में अत्यधिक सक्रिय रहेंगे। व्यापार को लेकर अत्यधिक प्रयासरत रहेंगे।
कन्या: आज दिन भर व्यस्तता रहेगी। आपकी योजना सफलतापूर्वक कार्यान्वित होगी। कार्यक्षेत्र में प्रयासों को मान्यता मिलेगी।	मीन: आज लंबी दूरी की यात्रा आपको नहीं करनी चाहिए। प्रबंधन संबंधी कार्यों में परेशानी हो सकती है। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com



आज की ग्रह स्थिति : 19 अप्रैल, रविवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष- शुक्ल पक्ष, द्वितीया 10 .49 तक तत्पश्चात तृतीया।

दिशाशूल-पश्चिम, **ऋतु**- वसंत।

चन्द्रबल- मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।

ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र-भरणी 07 .10 तक तत्पश्चात कृत्तिका 20 अप्रैल 04 .35 तक तत्पश्चात रोहिणी।

सुडोकू - 123 का हल

4	9	1	7	8	6	2	5	3
3	5	7	9	1	2	6	4	8
6	2	8	5	3	4	1	7	9
7	4	2	8	6	3	9	1	5
5	1	3	4	9	7	8	6	2
8	6	9	1	2	5	4	3	7
1	8	5	3	4	9	7	2	6
9	3	6	2	7	1	5	8	4
2	7	4	6	5	8	3	9	1

सुडोकू -124

		5			2			8
1				3			2	
		7	9			4		
5							1	
2			5		4			7
	8					6		
		2			1	7		
	4			8				5
6			7			2		

लेबनान में शांति सेना पर हमले में फ्रांस के एक सैनिक की मौत

पेरिस। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि शनिवार सुबह दक्षिणी लेबनान में संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों पर हुए हमले में एक फ्रांसीसी सैनिक की मौत हो गई, तीन घायल हो गए।

मैक्रों ने बताया कि मृतक सैनिक की पहचान मोंटौबन के 17वें पैराशूट इंजीनियर रेजिमेंट के स्टाफ सार्जेंट फ्लोरियन मोंटोरियो के रूप में हुई है। मैक्रों ने सोशल मीडिया पर एक संदेश में कहा, सभी संकेत यही बताते हैं कि इस हमले की जिम्मेदारी हिज्बुल्ला की है। फ्रांस की मांग है कि लेबनानी अधिकारी दोषियों को तुरंत गिरफ्तार करें और दक्षिणी लेबनान में संयुक्त राष्ट्र मिशन के साथ मिलकर अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

संबोधन | कर्नाटक राज्य न्यायिक अधिकारी संघ के कार्यक्रम में बोले न्यायमूर्ति सूर्यकांत

एआई से घबराएं नहीं, सतर्कता के साथ इस्तेमाल करें : सीजेआई

बेंगलुरु, एजेंसी

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने शनिवार को आगाह करते हुए कहा कि न्यायपालिका में तकनीक को अपनाने के साथ-साथ इसकी अंतर्निहित सीमाओं की स्पष्ट समझ होनी चाहिए। उन्होंने न्यायिक अधिकारियों से आह्वान किया कि वे एआई से घबराएं नहीं, बल्कि सतर्कता के साथ इसका इस्तेमाल करें।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने जोर दिया कि तकनीक का इस्तेमाल केवल एक सहायक के रूप में किया जाना चाहिए, न कि एक विकल्प के रूप में। उन्होंने कहा कि न्यायिक प्रक्रिया में एआई का इस्तेमाल संतुलन के साथ होना चाहिए जिससे काम की गति और दक्षता बढ़े, लेकिन साथ ही न्याय के मूल सिद्धांत में मानवीय बुद्धि, अनुभव और संवैधानिक विवेक को पूरी तरह संरक्षित किया जाना चाहिए। प्रधान न्यायाधीश कर्नाटक राज्य न्यायिक अधिकारी संघ द्वारा आयोजित न्यायिक अधिकारियों के 22वें द्विवार्षिक राज्य स्तरीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे, जिसका विषय 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में न्यायपालिका की पुनर्कल्पना' था। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, मैं यह भी कहना चाहूंगा कि आपको एआई को लेकर घबराना नहीं चाहिए। जब आपके सामने कोई ऐसा मामला आता है जिसमें बहुत जटिल तथ्य और कानून के पेचीदा सवाल शामिल हों, तो आप क्या करते हैं। ऐसे मामलों में निर्णय लेते समय व्यक्ति ज्यादा गहराई से सोचता है, धैर्य रखता है और अंत में निर्णय लेने पर उसे संतोष की भावना भी महसूस होती है।

उन्होंने कहा, जब हम एआई प्रौद्योगिकी का उपयोग सावधानी और जागरूकता के साथ करना शुरू करेंगे, तो यही परिणाम देखने को मिलेगा, बशर्ते यह सुनिश्चित किया जाये कि आपके भीतर का न्यायाधीश स्वतंत्र बना रहे और तकनीक से प्रभावित न हो। इस कार्यक्रम में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया, उच्चतम न्यायालय की न्यायाधीश बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार तथा कर्नाटक उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश विभू बखरू समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

मूल पहचान को खोए बिना खुद को बदलना होगा

सीजेआई ने कहा कि न्यायपालिका में तकनीक को अपनाने के साथ इसकी अंतर्निहित सीमाओं की स्पष्ट समझ होनी चाहिए। उन्होंने ऐसी प्रणालियों द्वारा उत्पन्न होने वाली अशुद्धियों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हाल में एआई मंचों द्वारा मनगढ़ंत मिसालें, गलत उद्धरण और पूरी तरह से काल्पनिक कानूनी प्रस्ताव तैयार किए जाने के उदाहरण सामने आए हैं। ये भ्रामक जानकारी मामूली तकनीकी खामियां नहीं हैं। ये न्यायिक प्रक्रिया की बुनियाद पर प्रहार करती हैं, जो सटीकता, प्रामाणिकता और विश्वास पर टिकी है। अगर इन्हें रोका न गया तो ये गुमराह कर सकती हैं, कानूनी दलीलों को तोड़मरोड़ सकती हैं और परिणामों को गलत दिशा दे सकती हैं।

जब मुझे आना पड़ा तो उस समय मैं तैयार ही नहीं था। पावरप्ले के आखिरी दो ओवर में मैं शॉट्स खेलने की कोशिश कर सकता था। केएल के पास अधिकतर स्ट्राइक रही और उन्होंने कुछ बेहतरीन शॉट्स लगाए जिससे मोमेंटम हमारे साथ रहा। मैंने सोचा कि यदि वह अच्छा खेल रहे हैं तो मैं उन्हें स्ट्राइक देता रहूं।
–ट्रिस्टन स्टब्स

स्टेडियम

कानपुर नगर, रविवार, 19 अप्रैल 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com

IPL 2026

आज के मुकाबले

राजस्थान रॉयल्स
बनाम
कोलकाता नाइट राइडर्स

समय - दोपहर 3:30 बजे

लखनऊ सुपर जाएंट्स
बनाम
पंजाब किंग्स

समय - शाम 7:30 बजे

ऑरेंज कैप

- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद–283 रन
- शुभमन गिल गुजरात–251 रन
- विराट कोहली बेंगलुरु–247 रन

पर्पल कैप

- अंशुल कंबोज चेन्नई – 13 विकेट
- प्रसिद्ध कृष्णा गुजरात – 11 विकेट
- भुवनेश्वर कुमार बेंगलुरु– 10 विकेट

हाईलाइट

फुटबॉल कोच की तरह हैं आशीष नेहरा : हरभजन सिंह

मुंबई। भारत के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने गुजरात टाइटंस के मुख्य कोच आशीष नेहरा की तारीफ करते हुए कहा कि उनकी ऊर्जा फुटबॉल कोच की तरह है और उन्होंने टीम में एकजुटता भरी है। हरभजन ने जियोस्टार से कहा कि खिलाड़ियों से नेहरा का लगातार संवाद और खेल की गहरी समझ ने गुजरात टाइटंस की सफलता में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने एक विज्ञप्ति में कहा आशीष नेहरा अकेला ऐसा इंसान है जो कहीं भी, कभी भी माहौल को सहज बना सकते हैं। वह जहां भी जाते हैं, अपने आसपास सभी लोगों को सहज बना देते हैं। मैचों के दौरान नेहरा की भूमिका के बारे में हरभजन ने कहा वह फुटबॉल कोच की तरह है। कभी भी शांत नहीं बैठता।

हताशा का दृढ़ता से किया सामना : रबाडा

अहमदाबाद। पिछले सत्र की निराशा के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ गुजरात टाइटंस को जीत दिलाने वाले तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा ने इस सफर को 'हताशा' से 'दृढ़ता' का बताया है। रबाडा मनोरंजक दवा के सेवन से जुड़े निलंबन के कारण पिछले सत्र में अधिकांश मैच नहीं खेल सके थे। उन्होंने केकेआर के खिलाफ 29 रन देकर तीन विकेट चटकाये जिसकी मदद से उनकी टीम ने पांच विकेट से जीत दर्ज की। रबाडा ने मैच के बाद कहा पिछला सत्र काफी निराशाजनक था खासकर इस तरह के शानदार सेटअप में। गुजरात की टीम बहुत ही शानदार है।

आखिरी ओवर में डेविड मिलर के तूफान से आरसीबी की उम्मीदों पर फिरा पानी

आईपीएल-2026 : एक गेंद रहते दिल्ली कैपिटल्स की रोमांचक जीत

डेविड मिलर।

बेंगलुरु, एजेंसी

गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद केएल राहुल (57) और ट्रिस्टन स्टब्स (नाबाद 60) की अर्धशतकीय पारियों और डेविड मिलर की आखिरी ओवर में तूफानी शॉट की मदद से दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में शनिवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को छह विकेट से शिकस्त दी।

सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट की 38 गेंद में 63 रन की आक्रामक पारी के बावजूद कैपिटल्स ने आरसीबी को आठ विकेट पर 175 रन पर रोकने के बाद 19.5 ओवर में चार विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। कैपिटल्स के लिए राहुल ने 34 गेंद की पारी में दो छक्के और छह चौके लगाए। टीम के 18 रन पर तीन विकेट गिरने के बाद उन्होंने स्टब्स के साथ चौथे विकेट के लिए 44 गेंद में 69 रन की साझेदारी की।

इसके बाद स्टब्स ने कप्तान अक्षर पटेल (26 रन पर रिटायर हर्ट) के साथ 35 गेंद में 47 रन की अटूट साझेदारी की। अक्षर चोटिल होने के कारण 16वें ओवर में रिटायर हर्ट हो गए। स्टब्स ने संयमित बल्लेबाजी करते हुए 47 गेंद की नाबाद पारी में एक छक्का और चार चौके जड़े, जबकि डेविड मिलर (नाबाद 22) ने आखिरी ओवर में लगातार गेंदों पर दो छक्के और एक चौका लगाकर टीम को जीत दिला दी। आरसीबी के लिए भुवनेश्वर कुमार ने चार ओवर में 26 रन देकर तीन विकेट लिए, जबकि कृणाल पंड्या ने 24 रन देकर एक विकेट हासिल किया। सॉल्ट ने अपनी पारी में चार चौके और तीन छक्के लगाए, लेकिन अक्षर पटेल (18 रन पर दो विकेट), कुलदीप यादव (32 रन पर दो विकेट) और लुंगी एनगिडी (39 रन पर दो विकेट) ने अन्य बल्लेबाजों को तेजी से रन बनाने का मौका नहीं दिया। मुकेश कुमार को भी एक सफलता मिली। सॉल्ट ने पहले विकेट के लिए विराट कोहली (19) के साथ 31 गेंद में 52 रन और दूसरे विकेट के लिए देवदत्त पडिक्कल (18) के साथ 29 गेंद में 47 रन की साझेदारी कर टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई, लेकिन 11वें ओवर में उनके आउट होने के बाद टिम डेविड (17 गेंद में 26 रन) के अलावा कोई भी बल्लेबाज तेजी से रन नहीं बना सका। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स को भुवनेश्वर कुमार ने अपने शुरुआती दो ओवर में तीन झटके दिए।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

175/8 (20 ओवर)

फिल सॉल्ट का स्टब्स बो कुलदीप	63
विराट कोहली का निसंका बो एनगिडी	19
देवदत्त पडिक्कल का मिलर बो अक्षर	18
रजत पाटीदार का राहुल बो मुकेश	08
टिम डेविड का नटराजन बो अक्षर	26
जितेश शर्मा का मिलर बो एनगिडी	14
रोमारियो शेफर्ड पगबाधा कुलदीप	01
कृणाल पंड्या रन आउट	12
रसिक सलाम नाबाद	00
भुवनेश्वर कुमार नाबाद	03

अतिरिक्त : 11, **विकेट पर :** 175 रन विकेट पतन : 1–52, 2–99, 3–105, 4–131, 5–146 6–149,7–172

कुल योग : 20 ओवर में आठ विकेट पर : 175 रन विकेट पतन : 1–52, 2–99, 3–105, 4–131, 5–146 6–149,7–172 गेंदबाजी : नबी 3–0–36–0, मुकेश 4–0–32–1, एनगिडी 4–0–39–2, कुलदीप 4–0–32–2, नटराजन 2–0–16–0, अक्षर 3–0–18–2

दिल्ली कैपिटल्स

179/4 (19. 5 ओवर)

पथुम निसंका पगबाधा भुवनेश्वर	01
लोकेश राहुल का कोहली बो कृणाल	57
करुण नायर का सॉल्ट बो भुवनेश्वर	05
समीर रिजवी का जितेश बों भुवनेश्वर	02
टिस्ट्रन स्टब्स नाबाद	60
अक्षर पटेल रिटायर हर्ट	26
डेविड मिलर नाबाद	22

अतिरिक्त : 06, **विकेट पतन :** 1–2, 2–16, 3–18, 4–87, 4–134 (अक्षर रिटायर्ड हर्ट), गेंदबाजी : भुवनेश्वर 4–0–26–3, हेजलवुड 4–0–38–0, सलाम 4–0–40–0, कृणाल 4–0–24–1, सुयश 3–0–31–0, शेफर्ड 0.5–0–17–0

57 रनों की पारी में दिल्ली के बल्लेबाज लोकेश राहुल ने छह चौके और दो छक्के लगाए

03 विकेट भुवनेश्वर ने लिए उन्होंने गेंदबाजी के दौरान किसी को खुलकर खेलने नहीं दिया

अंक तालिका

	टीम	मैच	जीते	हारे	रद्द	अंक	नेट रन रेट
1.	पंजाब किंग्स	5	4	0	1	9	1.067
2.	रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु	6	4	2	0	8	1.171
3.	राजस्थान रॉयल्स	5	4	1	0	8	0.889
4.	सनराइज़र्स हैदराबाद	6	3	3	0	6	0.566
5.	दिल्ली कैपिटल्स	5	3	2	0	6	0.310
6.	गुजरात टाइटंस	5	3	2	0	6	0.018
7.	चेन्नई सुपर किंग्स	6	2	4	0	4	–0.780
8.	लखनऊ सुपर जाएंट्स	5	2	3	0	4	–0.804
9.	मुंबई इंडियंस	5	1	4	0	2	–1.076
10.	कोलकाता नाइट राइडर्स	6	0	5	1	1	–1.149

पंत के चोटिल होने से चिंतित एलएसजी के सामने अजेय पंजाब किंग्स की चुनौती

मुल्लांपुर। तालिका में शीर्ष पर काबिज पंजाब किंग्स रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबले में संघर्ष कर रही लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) के खिलाफ अपनी जीत की लय बरकरार रखने के लिए मजबूत बल्लेबाजी पर भरोसा करेगी। लखनऊ की टीम कप्तान ऋषभ पंत की चोट को लेकर भी चिंतित है। पंजाब किंग्स इस सत्र में अब तक एकमात्र अजेय टीम रही है। टीम ने पांच में से चार मुकाबले जीते हैं, जबकि कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ एक मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली टीम का नेट रन रेट 1.067 है, जो उसकी दमदार बल्लेबाजी और सधे हुए लक्ष्य–पीछा करने की क्षमता को दर्शाता है। पंजाब ने 2025 सत्र से अब तक लक्ष्य का पीछा करते हुए अपने पिछले 11 में से नौ मुकाबले जीते हैं, जो उसके दबदबे की बानगी है। मुंबई इंडियंस के खिलाफ हालिया जीत में भी यह झलक साफ दिखी। मेजबान टीम की इस रफ्तार को रोकने के लिए एलएसजी को असाधारण प्रदर्शन करना होगा। अंक तालिका में फिलहाल सातवें स्थान पर मौजूद एलएसजी लगातार दो हार के बाद दबाव में है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ पिछले मुकाबले में कप्तान ऋषभ पंत की कोहनी में लगी चोट ने मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

केकेआर के खिलाफ जीत की राह पर लौटने उतरेंगे रॉयल्स

कोलकाता, एजेंसी : शानदार फॉर्म में चल रही राजस्थान रॉयल्स पिछले मैच में मिली हार को भुलाकर जीत के लिए तरस रही कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ रविवार को आईपीएल के मैच में लय वापिस पाने के इरादे से उतरेगी। टूर्नामेंट की सबसे मजबूत टीमों में से एक रॉयल्स और खराब फॉर्म से परेशान केकेआर के बीच यह मुकाबला होगा। राजस्थान ने लगातार चार जीत दर्ज की लेकिन पिछले मैच में उसे सनराइजर्स हैदराबाद ने हराया। वहीं केकेआर छह मैचों में एक भी जीत हासिल नहीं कर पाई है। अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में केकेआर कई मौकों पर जीत के करीब पहुंचकर हार गई है जिससे टीम का आत्मविश्वास डगमगा गया है। पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच बारिश में धुलने से उसे एकमात्र अंक मिला है।

पहले टी-20 में द.अफ्रीका से हारी भारतीय महिला टीम

डरबन, एजेंसी

कप्तान लॉरा वोल्वार्ट के अर्धशतक की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने पहले महिला टी20 क्रिकेट मैच में भारत को छह विकेट से हरा दिया। दो महीने बाद होने वाले टी20 विश्व कप की 'ड्रेस रिहर्सल' मानी जा रही सीरीज के पहले मैच में भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए शुक्रवार को सात विकेट पर 157 रन ही बना सकी। दक्षिण अफ्रीका ने भारत की दिशाहीन गेंदबाजी का फायदा उठाते हुए लक्ष्य पांच गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया। भारतीय गेंदबाजों ने 14 वाइड गेंदें फेंकी।

वोल्वार्ट ने 39 गेंद में 51 रन बनाए। एनेरी डर्कसेन ने 34 गेंद में नाबाद 44 रन बनाए। पांच मैचों की सीरीज का दूसरा मैच आज खेला जाएगा। पिछली चार श्रृंखलाएं जीत चुकी भारतीय टीम के लिए स्पिनर श्रेयांका पाटिल और श्रीचरणी ने प्रभावित किया लेकिन तेज गेंदबाज अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर सके। अरूंधति रेड्डी की दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों ने जमकर धुनाई की।

कप्तान लॉरा वोल्वार्ट व स्मृति मंधाना।

स्मृति मंधाना ने तोड़ा रोहित का रिकॉर्ड

डरबन। दक्षिण अफ्रीका और भारत की महिला टीमों के बीच पहले मैच के दौरान, स्मृति मंधाना ने टी 20 इंटरनेशनल क्रिकेट में भारतीय क्रिकेट टीम की सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी बनकर रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करवा लिया। स्मृति मंधाना के नाम अब 161 मैचों में 30.31 की औसत और 124.38 के स्ट्राइक रेट से 4244 रन दर्ज हैं। टी20 में उनके नाम 33 अर्धशतक और एक शतक है। रोहित शर्मा ने भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के लिए 159 मैचों में 32.05 की औसत और 140.89 के स्ट्राइक रेट से 4231 रन बनाए हैं।

सनराइजर्स हैदराबाद ने सीएसके को 10 रन से हराया

हैदराबाद, एजेंसी

सनराइजर्स हैदराबाद ने अभिषेक शर्मा और हेनरिक क्लासेन के अर्धशतक के बाद शानदार गेंदबाजी के बूते शनिवार को यहां आईपीएल टी20 मैच में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को 10 रन से शिकस्त देकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की।

सलामी बल्लेबाज अभिषेक (59 रन) की शानदार शुरूआत के बावजूद सनराइजर्स हैदराबाद की टीम बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद तेज गेंदबाज जेमी ओवरटन (तीन विकेट) और अंशुल कंबोज (तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने नौ विकेट पर 194 रन ही बना सकी। अभिषेक और हेनरिक क्लासेन (59 रन) के अर्धशतकों को छोड़ दें तो सनराइजर्स हैदराबाद की बल्लेबाजी इकाई ने सीएसके के गेंदबाजों के सामने घुटने टेक दिए। यह स्कोर चुनौतीपूर्ण नहीं लग रहा था लेकिन मेजबान टीम के गेंदबाजों के सामने सीएसके जवाब में 20 ओवर में आठ विकेट पर 184 रन ही बना सकी और उसे चौथी हार का मुंह देखना पड़ा। उसके लिए मैथ्यू शॉर्ट 34 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। सनराइजर्स हैदराबाद की टीम छह अंक लेकर तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गई। सीएसके को अंतिम छह गेंद में 18 रन बनाने थे। लेकिन जैमी ओवरटन (16 रन) का विकेट गिरने से टीम इसमें सात रन ही बना सकी। सनराइजर्स हैदराबाद के लिए इशान मलिंगा ने 29 रन देकर तीन विकेट झटके जबकि नीतिश कुमार रेड्डी ने 31 रन देकर दो विकेट प्राप्त किए। प्रफुल हिंगे, साकिब हुसैन और शिवांग कुमार को एक एक विकेट मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीएसके को पहला झटका दूसरे ओवर में संजू सैमसन (07) के आउट होने से लगा जो नीतिश कुमार की गेंद पर हेनरिक क्लासेन के हाथों लपके गए। पर आयुष म्हात्रे और कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने तेजी से रन जुटाते हुए टीम को अच्छी शुरूआत कराई। इन दोनों ने 21 गेंद में अर्धशतकीय साझेदारी निभा ली थी। लेकिन अचानक एक रन लेते हुए म्हात्रे के पैर की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया और उपचार लेने के बावजूद उन्हें परेशानी हो रही थी।

विस्फोटक पारी के दौरान शॉट लगाते अभिषेक शर्मा। एजेंसी

सनराइजर्स हैदराबाद

194/9 (20 ओवर)

अभिषेक शर्मा का सैमसन बो ओवरटन	59
ट्रेविस हेड का गायकवाड़ बो चौधरी	23
ईशान किशन का गायकवाड़ बो चौधरी	00
हेनरिक क्लासेन बो कंबोज	59
अनिकेत वर्मा का नूर बो ओवरटन	02
नीतिश कुमार रेड्डी का शॉर्ट बो ओवरटन	12
सलील अरोड़ा का ब्रेविस बो गुरजपनीत	13
लियाम लिविंगस्टन का ब्रेविस बो कंबोज	01
शिवांग कुमार का गुरजपनीत बो कंबोज	12
प्रफुल हिंगे नाबाद	01

अतिरिक्त : 13, **विकेट पतन :** 1–75, 2–75, 3–93, 4–112, 5–147, 6–177, 7–179, 8–193, 9–194

गेंदबाजी : मैथ्यू शॉर्ट 3–0–38–0, मुकेश चौधरी 2–0–21–2, कंबोज 3–0–22–3, नूर 4–0–33–0, ओवरटन 4–0–37–3, गुरजपनीत 4–0–34–1

चेन्नई सुपर किंग्स

184/8 (20 ओवर)

संजू सैमसन का क्लासेन बो नीतिश रेड्डी	07
रुतुराज गायकवाड़ का अरोड़ा बो मलिंगा	19
आयुष म्हात्रे का क्लासेन बो नीतिश रेड्डी	30
मैथ्यू शॉर्ट का अनिकेत बो मलिंगा	34
सरफराज खान का नीतिश रेड्डी बो मलिंगा	25
डेवाल्ड ब्रेविस का लिविंगस्टन बो शिवांग	00
शिवम दुबे का साकिब हुसैन	21
जेमी ओवरटन का लिविंगस्टन बो हिंगे	16
अंशुल कंबोज नाबाद	13
नूर अहमद नाबाद	01

अतिरिक्त : 18, **विकेट पतन :** 1–15, 2–66, 3–66, 4–112, 5–113, 6–148, 7–154, 8–182

गेंदबाजी : हिंगे 4–0–60–1, नीतिश रेड्डी 4–0–31–2, साकिब हुसैन 4–0–32–1, इशान मलिंगा 4–0–29–3, शिवांग कुमार 3–0–18–1, अभिषेक शर्मा 1–0–13–0

प्रेरणा | एशियाई चैंपियन पहलवान अभिमन्यु मांडवाल जुटे हैं 2028 के लॉस एंजलिस ओलंपिक की तैयारी में

मजबूत मानसिकता और निर्भीक रवैया ही सफलता की कुंजी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय पहलवान अभिमन्यु मांडवाल का कहना है कि आधुनिक युग की कुश्ती में मजबूत मानसिकता ही सब कुछ है और वह मानते हैं कि उनकी सबसे बड़ी ताकत उनकी निर्भीक रवैया है। बचपन से ही निर्भीक रवैया उनके अंदर कूट-कूटकर भरा है और अब वह 2028 के लॉस एंजलिस ओलंपिक की तैयारी में जुटे हैं जिसके लिए उन्होंने अपने पसंदीदा 74 किग्रा वर्ग में जाने का फैसला किया है।

इस युवा पहलवान ने हाल में बिश्केक में हुई एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर सफलता की ओर कदम बढ़ाया। स्वर्ण पदक तक पहुंचने के अपने सफर में उन्होंने विश्व चैंपियनशिप के दो पदक विजेताओं को हराया जिनमें 70 किग्रा फाइनल के उनके प्रतिद्वंद्वी मंगोलिया के टोमोर-ओचिरिन तुलगा भी शामिल थे। जगरेब प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने और हाल में स्वर्ण पदक जीतने के बाद 24 साल के इस पहलवान ने अंडर-23 से सीनियर सर्किट में जगह बना ली है। 2026 में मिली इस शुरुआती सफलता का श्रेय वह कुश्ती की गहरी समझ और मानसिक मजबूती को देते हैं।

मांडवाल ने पीटीआई को दिए एक साक्षात्कार में कहा आपकी मानसिकता मजबूत होनी चाहिए। इसके बिना कुछ भी मुमकिन नहीं है। आप कितनी भी कड़ी ट्रेनिंग क्यों नहीं कर लें, अगर आपकी मानसिकता मजबूत नहीं है तो आप मुक़ाबला नहीं कर सकते। मैं अपने विरोधियों की चिंता नहीं करता। यही मेरी सबसे बड़ी ताक़त है। हरियाणा के इस पहलवान ने बताया कि उनका निर्भीक रवैया उनकी परवरिश से आया है। उनके पिता और चाचा दोनों ही पहलवान थे और वे उन्हें बिना किसी पुरस्कार की परवाह किए मुकाबलों में भेज देते थे।

मांडवाल ने कहा वे बस मुझसे कहते थे कि जाओ, अखाड़े में खड़े हो जाओ और कुश्ती लड़ो। हमने कभी पैसे या स्तर के बारे में नहीं सोचा। इसी तरह मैं निडर बन गया। मैं किसी भी मुकाबले से पहले जरा भी नहीं हिचकिचाता।

भारतीय पहलवान अभिमन्यु मांडवाल।

वह मुश्किल मुकाबले भी जीत सकता है : कोच

भारत की पुरुषों की फ्रीस्टाइल टीम के मुख्य कोच विनोद कुमार भी इस बात से सहमत हैं। उन्होंने कहा उसमें जबरदस्त इच्छाशक्ति है। ऐसे पहलवान आसानी से नहीं मिलते। वह मुश्किल मुकाबले भी जीत सकता है। मुझे उसकी यह बात सबसे ज्यादा पसंद है। हम उसे और भी बेहतर पहलवान बनाने के लिए सबकुछ करेंगे। भविष्य के बड़े टूर्नामेंट में वह जरूर अच्छा प्रदर्शन करेगा। अब तक गैर ओलंपिक 70 किग्रा वर्ग में खेलने वाले मांडवाल का पूरा ध्यान अब 74 किग्रा वर्ग में जाने पर है। उनका मानना है कि यह वर्ग उनके शरीर और उनके लंबे समय के लक्ष्यों के लिए एकदम सही है जिनमें एशियाई खेल और ओलंपिक शामिल हैं। उन्होंने कहा यही मेरा मुख्य लक्ष्य है। अगर मैं वहां अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया तो फिर इसका कोई मतलब नहीं है। मैं निश्चित रूप से 74 किग्रा वर्ग में खेलूंगा। यह मेरा पसंदीदा वजन वर्ग है। मेरा सामान्य वजन लगभग 74–75 किग्रा है। और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए मैं इसे बढ़ाकर लगभग 78 किग्रा तक ले जाना चाहता हूं।

- अंडर-23 से सीनियर सर्किट में बना ली है जगह

मुश्किल में फंसी केकेआर टीम से जुड़ेंगे मथीशा पथिराना

कोलकाता। श्रीलंकाई तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना आखिरकार शनिवार देर रात कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) में शामिल हो रहे हैं जिससे टीम का मनोबल बढ़ेगा जो इस समय आईपीएल तालिका में सबसे नीचे चल रही है।

टी20 विश्व कप के दौरान पिंडली में आई चोट से उबरने के बाद पथिराना ने श्रीलंका क्रिकेट द्वारा जरूरी फिटनेस परीक्षण पास कर लिया है और उन्हें एनओसी भी मिल गया है। वह इस समय सफर कर रहे हैं और रविवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ होने वाले मैच से पहले टीम के साथ जुड़ जाएंगे। हालाकि टीम के एक सूत्र के अनुसार उन्हें तुरंत अंतिम एकादश में शामिल किए जाने की संभावना कम है क्योंकि टीम की मेडिकल टीम उनकी मैच फिटनेस का आकलन करेगी।

खुलकर खेलने से दूर होंगे मुश्किल के दिन : रहाणे

अहमदाबाद, एजेंसी

छह मैचों में एक भी जीत दर्ज नहीं कर सकी कोलकाता नाइट राइडर्स की प्लेआफ की राह मुश्किल होती जा रही है लेकिन कप्तान अजिंक्य रहाणे ने टीम से मुश्किल दिनों का सामना करने, खुलकर खेलने और एक समय में एक ही मैच पर फोकस रखने का आग्रह किया है। छह मैचों में से पांच हार चुकी कोलकाता को एकमात्र अंक पंजाब किंग्स के खिलाफ बारिश में धुले मैच से मिला है।

गुजरात टाइटंस से पांच विकेट से मिली हार के बाद रहाणे ने शुक्रवार को कहा इन कठिन दिनों को स्वीकार करने और उनका सामना करने की जरूरत है। हर दिन नया है और हमें एक दूसरे का साथ देते हुए खुलकर खेलना होगा। दस टीमों की लीग में प्लेआफ की उम्मीदें बनाये रखने के लिये कम से कम सात मैच जीतने जरूरी हैं। अब आठ मैच बाकी है और केकेआर को हर हालत में हार से बचना होगा। रहाणे ने कहा हम एक समय पर एक ही मैच के बारे में सोच रहे हैं। हारने पर हालात कठिन होते हैं लेकिन हर कोई पूरी कोशिश कर रहा है।